राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 80
लखनऊ, गुरुवार 07 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



समय व गुणवत्ता से करें निर्माण कार्य : आनंदीबेन पटेल 03


मेला क्षेत्र की सभी सड़कों का किया जा रहा चौड़ीकरण 12

# अमेरिका में फिर ट्रंप सरकार


## रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार ट्रंप को 538 में से मिली 277 सीटें, डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस मिली 224 सीटें

एजेंसी

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रम्प फिर से अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। उन्हें 50 राज्यों की 538 में से 277 सीटें मिली हैं, बहुमत के लिए 270 सीटें जरूरी होती हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी की कैंडिडेट कमला हैरिस कड़ी टक्कर देने के बावजूद 224 सीटें ही जीत पाईं। उनकी मुख्य प्रतिद्वंद्वी डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 223 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। सीएनएन न्यूज चैनल की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांश मतगणना पूरी हो चुकी है। ताजा मतगणना रुझानों के मुताबिक रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप को 277 और कमला हैरिस को 224 इलेक्टोरल वोट मिले हैं। इससे पहले मतगणना के नतीजों से उत्साहित डोनाल्ड ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने समर्थकों को संबोधित किया। उन्होंने चुनाव में रिपब्लिकन खेमे को अभूतपूर्व जनादेश देने के लिए देश के मतदाताओं का आभार जताया। ट्रंप ने कहा कि यह पल देश को उबरने में मदद करेगा। ट्रंप ने कहा, मैं अमेरिका का 45वां राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अब 47वां राष्ट्रपति चुने जाने के अत्यधिक सम्मान के लिए अमेरिकी जनता का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा, अमेरिका ने हमें अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमारा सीनेट पर नियंत्रण वापस आ गया है। इससे देश को उबारने में मदद मिलेगी। ट्रंप ने कहा, मोंटाना, नेवादा, टेक्सास, ओहायो, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, पेंसिल्वेनिया में सीनेट की दौड़ में एमएजीए (मेक अमेरिका ग्रेट अगेन) अभियान ने जीत हासिल की है। इससे बहुत मदद मिली है। सीनेट में अब हमारी संख्या वाकई अविश्वसनीय है। मैं आखिरी सांस तक आपके लिए लड़ूंगा। अमेरिका को मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा। द न्यूयॉर्क टाइम्स के चुनाव विश्लेषण में कहा गया है कि डोनाल्ड ट्रंप चार साल पहले जो बाइडेन से हार के बाद बुधवार को 47वें राष्ट्रपति चुने गए।



### जेडी वेंस होंगे अमेरिका के अगले उप राष्ट्रपति



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में शानदार प्रदर्शन करने वाले रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के कट्टर समर्थक जेडी वेंस को बुधवार को अमेरिका का अगला उपराष्ट्रपति चुना गया। द न्यूयॉर्क टाइम्स की खबर के अनुसार, वेंस कभी ट्रंप के मुखर आलोचक रहे हैं। 40 वर्षीय जेडी वेंस ओहियो से सीनेटर हैं। वह अमेरिका के 50वें उपराष्ट्रपति होंगे। उनकी किताब हिलबिली एलीगी बेस्ट सेलर रही है। वेंस के सिलिकॉन वैली के उद्योगपतियों से भी गहरे संबंध हैं।

### दुनिया भर के नेताओं ने ट्रंप को भेजे बधाई संदेश



**प्रधानमंत्री मोदी** ने ट्रंप के साथ अपनी कुछ पुरानी तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए पोस्ट किया मेरे मित्र डोनाल्ड ट्रम्प को ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई।



इजराइली प्रधानमंत्री **बेंजामिन नेतन्याहू** ने ट्रंप को 'इतिहास की सबसे बड़ी वापसी' के लिए बधाई दी है। नेतन्याहू ने कहा, इतिहास की सबसे बड़ी वापसी के लिए बधाई!



हंगरी के प्रधानमंत्री **विक्टर ओर्बन** ने कहा, अमेरिकी राजनीतिक इतिहास में सबसे बड़ी वापसी! राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को उनकी शानदार जीत के लिए बधाई। दुनिया के लिए एक बहुत जरूरी जीत!



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री **कीर स्टारमर** ने ट्रंप को ऐतिहासिक चुनावी जीत के लिए बधाई दी है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आने वाले वर्षों में आपके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं।



यूक्रेन के राष्ट्रपति **वोलोदिमीर जेलेंस्की** ने ट्रंप को उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत पर बधाई है। उन्होंने कहा, मुझे सितंबर में ट्रम्प के साथ हमारी शानदार बैठक याद है, जब हमने यूक्रेन-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी, विजय योजना और यूक्रेन के खिलाफ रूसी आक्रामकता को समाप्त करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार को अवैध तोड़फोड़ के लिए 25 लाख का मुआवजा देने के दिए निर्देश

### पीठ ने अधिकारियों के आचरण पर व्यक्त किया असंतोष, कृत्यों को बताया अत्याचारी

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश राज्य के अधिकारियों को सड़क चौड़ीकरण परियोजना के लिए आवासीय घरों को अवैध रूप से ध्वस्त करने के लिए कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट मनोज टिबरेवाल आकाश द्वारा भेजी गई शिकायत के आधार पर 2020 में दर्ज स्वतः संज्ञान रिट याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसका घर महाराजगंज जिले में 2019 में ध्वस्त कर दिया गया था।

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने अधिकारियों के आचरण पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया और उनके कृत्यों को अत्याचारी करार दिया। सेशन कोर्ट को नाबालिगों और महिलाओं के खिलाफ यौन अपराधों के मामलों में पीड़ित को मुआवजा देने का आदेश देना चाहिए सुप्रीम कोर्ट आप कहते हैं कि वह 3.7 वर्ग मीटर का अतिक्रमणकर्ता था। हम इसे स्वीकार करते हैं, हम उसे इसके लिए कोई प्रमाण पत्र नहीं दे रहे हैं। लेकिन आप इस तरह से लोगों के घरों को कैसे ध्वस्त करना शुरू कर सकते हैं? यह अराजकता है। किसी के घर में घुसकर बिना किसी नोटिस के उसे ध्वस्त करना। इस बात पर ध्यान दिलाते हुए कि कोई नोटिस नहीं दिया गया और कोई उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। यह पूरी तरह से मनमानी है! उचित प्रक्रिया का पालन कहां किया गया? हमारे पास हलफनामा है, जिसमें कहा गया कि कोई नोटिस जारी नहीं किया गया, आप केवल साइट पर गए और लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित किया। पीठ को बताया गया कि 123 अन्य निर्माण भी ध्वस्त कर दिए गए और लोगों को केवल सार्वजनिक घोषणाओं के माध्यम से जानकारी दी गई। यह बहुत मनमानी है। आप बुलडोजर लेकर रातों-रात घर नहीं तोड़ सकते। आप परिवार को घर खाली करने का समय नहीं देते। घर के सामान का क्या? उचित प्रक्रिया का पालन किया जाना चाहिए।

### बहराइच में बुलडोजर मामले की सुनवाई पर 11 तक रोक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ हाईकोर्ट ने बुधवार को बहराइच में बुलडोजर कार्रवाई पर 11 नवंबर तक रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि फिलहाल इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की जाए। अदालत ने राज्य सरकार से पूछा है कि जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी किए गए हैं, क्या उनके परिसरों का कोई सर्वेक्षण किया गया है। क्या वे इन कथित अवैध भवनों के मालिक हैं। कोर्ट ने राज्य सरकार से यह भी स्पष्टीकरण मांगा है कि क्या नोटिस संबंधित प्राधिकारी द्वारा जारी किए गए थे या नहीं। अतिरिक्त महाधिवक्ता वीके शाही और मुख्य स्थायी अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार सिंह ने राज्य सरकार का पक्ष रखा। राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि मामले में दाखिल जनहित याचिका पर जवाबी शपथपत्र दाखिल कर दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 11 नवंबर को होगी, जिसमें राज्य सरकार को अपना विस्तृत जवाब दाखिल करना है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में एक और गिरफ्तारी, तीन फरार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एपी) के नेता और पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तारी की है। इस मामले में मुंबई पुलिस अब तक 16 आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है और तीन आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है। पुलिस के अनुसार क्राइम ब्रांच की टीम ने बाबा सिद्दीकी हत्या मामले में पुणे से गौरव अपुने को गिरफ्तार किया है। अब तक की जांच में पता चला है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रचने के लिए होने वाली बैठकों में गौरव कई बार शामिल हुआ था। मुंबई पुलिस गौरव को पुणे से मुंबई लाकर गहन पूछताछ कर रही है। उल्लेखनीय है कि 12 अक्टूबर को साबरमती जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई से जुड़े तीन शूटरों ने पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस समय बाबा सिद्दीकी के बेटे विधायक जीशान सिद्दीकी बाल-बाल बच गए थे।

### सुलतानपुर में सराफा व्यापारी को घायल कर लाखों की लूट

**सुल्तानपुर।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भरथीपुर-बाबूगंज बाजार के बीच सरेशाम सराफा व्यापारी को घायल कर लाखों लूट कर हमलावर फरार हो गए। घायल युवक की हालत गंभीर है । सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत भरथीपुर-बाबूगंज बाजार के बीच जयराम सोनी बुधवार की अपनी दुकान बंद कर घर को जाने वाले थे कि अज्ञात हमालवरों ने व्यापारी को घायल कर सोने चांदी के आभूषण नकदी सहित लगभग 10 लाख माल लूट कर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। घटना स्थल पर सीओ जयसिंहपुर और कोतवाल गोसाईगंज प्रेमचंद पुलिस फोर्स के साथ जांच पड़ताल में जुटे हैं। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने बताया कि, लूट की घटना के अनावरण के लिए सीओ जयसिंहपुर के नेतृत्व में टीम का गठन कर दिया गया है। पुलिस जल्द घटना का खुलासा करेगी।

### मोहसिन रजा के पत्र से यूपीसीए में मची हलचल

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ पर जो आरोप अभी तक लगते थे वह कुछ दिन बाद ठंडे बस्ते में चले जाते थे। इसके पीछे कारण रहता था कि आरोप लगाने वाले आगे हिम्मत नहीं जुटा पाते थे या उन्हे मैनेज कर लिया जाता था। लेकिन अबकी बार आरोप लगाने वाले पूर्व मंत्री मोहसिन रजा को समझना मुश्किल पड़ जाएगा। इसी के चलते उनके द्वारा लगाए गये आरोपों को लेकर जो पत्र यूपीसीए सचिव के पास आया है उसको लेकर यूपीसीए में हलचल मच गई। पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी मोहसिन रजा ने यूपीसीए पर भ्रष्टाचार व अनियमितता का तो आरोप लगाया ही है साथ ही खिलाड़ियों से वसूली का भी आरोप लगाया है।

## त्योहारी सीजन में भीड़ कम करने के लिए केंद्र ने शुरू की 7,663 विशेष ट्रेन

समृद्धि न्यूज

**नयी दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने त्योहारी सीजन की भीड़ को देखते हुए 1 अक्टूबर से 30 नवंबर तक 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस शुरू की है, जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 73 फीसदी अधिक है। रेलवे बोर्ड ने इसे लेकर एक बयान जारी किया है।, पूजा,दिवाली,छठ 2024 की भीड़ के लिए कुल 7,663 स्पेशल ट्रेन सर्विस अधिसूचित की गई हैं।

पिछले साल इस अवधि के दौरान केवल 4,429 ट्रिप्स ही संचालित किए गए थे। बयान में कहा गया है कि भारतीय रेलवे ने 24 अक्टूबर से 4 नवंबर तक दिवाली और छठ उत्सव के दौरान 957.24 लाख नॉन सब अर्बन यात्रियों को सफर करवाया, जबकि पिछले साल इसी अवधि के दौरान 923.33 लाख यात्रियों ने यात्रा की थी, जो इस साल 33.91 लाख यात्रियों की वृद्धि दर्शाता है।

4 नवंबर को 1.2 करोड़ से ज्यादा यात्रियों ने इन सेवाओं का लाभ उठाया, जिसमें 19.43 लाख आरक्षित और 1.01 करोड़ से ज्यादा अनारक्षित नॉन सबअर्बन यात्री शामिल थे, जो चालू वर्ष के लिए एक दिन में यात्रियों की सबसे ज्यादा संख्या थी। बयान में कहा गया है कि यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए 3 नवंबर को 207 और 4 नवंबर को 203 स्पेशल ट्रेन चलाई गईं।

### क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग में भारत का शीर्ष संस्थान बना आईआईटी-दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली (आईआईटी-डी) ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 'क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग एशिया 2025' में भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया है। क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) ने बुधवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग- एशिया 2025 जारी की है। एशिया क्षेत्र से कुल 984 विश्वविद्यालयों ने इस सूची में अपना स्थान पाया है, जिनमें 22 विश्वविद्यालय भारत के हैं। देश के 6 विश्वविद्यालयों ने एशिया के शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में स्थान हासिल किया है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली (आईआईटी-डी) ने 44वें स्थान के साथ भारत में शीर्ष स्थान हासिल किया।

## हरदोई में डीसीएम और ऑटो की टक्कर में 11 लोगों की मौत

समृद्धि न्यूज



**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में ग्राम रोशनपुर के पास बुधवार दोपहर को डीसीएम और ऑटो की टक्कर में 11 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में घायल चार लोगों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सड़क हादसे पर दुख व्यक्त किया है, साथ ही जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है।

पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने मीडियाकर्मियों को बताया कि रोशनपुर गांव के पास सामने से आ रहे डीसीएम की ऑटो से टक्कर हो गई। इस हादसे में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सात लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में से तीन ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया जबकि एक घायल ने देर शाम को दम तोड़ा। अन्य चार घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

हरदोई सड़क हादसे में जान गंवाने वालों में मल्लावां निवासी राजकुमार की पत्नी माधुरी देवी, माधौगंज निवासी आलोक की पत्नी सुनीता, उनकी पुत्री आशी, सत्यम कुशवाहा, बिलग्राम निवासी राजाराम की पत्नी नीलम, राकेश की पत्नी राधा, परशुराम की पत्नी निर्मला देवी, सुरसा के विमलेश, सांडी निवासी बालेश्वर की पत्नी रोशनी, उनके पुत्र प्रांशु और पुत्री वंशिका शामिल हैं। घायलों में माधौगंज निवासी संजय, आनंद, बिलग्राम निवासी रमेश और सांडी निवासी बालेश्वर हैं। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद ने बताया कि दो घायलों का इलाज हरदोई मेडिकल कालेज में चल रहा है। दो घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुए उन्हें एंबुलेंस से लखनऊ भेजा गया है।

### प्रधानमंत्री ने जताया दुख घोषित की मुआवजा राशि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। साथ ही प्रधानमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों को दो-दो लाख रुपये और घायलों को 50-50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा कि हरदोई जिले में हुई सड़क दुर्घटना मन को व्यथित करने वाली है। इसमें कई परिवारों ने अपनों को खो दिया है। ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें इस अपार दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

## पीएम विद्या लक्ष्मी योजना को केंद्र की मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने देश के मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री विद्या लक्ष्मी योजना शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत छात्रों को दस लाख रूपये तक का ऋण दिया जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि इस योजना के लिए वर्ष 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3,600 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है और इस अवधि के दौरान 7 लाख नए छात्रों को इस का लाभ मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ऐसे छात्र जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय 8 लाख रुपये तक है और जो किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजना के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें ऋण स्थगन अवधि के दौरान 10 लाख रुपये तक के ऋण पर 3 प्रतिशत ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी। ब्याज छूट सहायता हर साल एक लाख छात्रों को दी जाएगी। उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो सरकारी संस्थानों से हैं और जिन्होंने तकनीकी, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विकल्प चुना है।

### केंद्र सरकार एफसीआई में करेगी 10,700 करोड़ का इक्विटी निवेश

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) में वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्यशील पूंजी के लिए 10,700 करोड़ रुपये का इक्विटी निवेश करेगी। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) ने आज कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देने और देश भर में किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने के उक्त निर्णय को मंजूरी प्रदान की। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक पत्रकार वार्ता में कहा कि यह रणनीतिक कदम किसानों को समर्थन देने और भारत की कृषि अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एफसीआई न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खाद्यान्नों की खरीद, रणनीतिक खाद्यान्न भंडार के रखरखाव, कल्याणकारी उपायों के लिए खाद्यान्नों के वितरण और बाजार में खाद्यान्न की कीमतों को स्थिर करके खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### सीएम योगी ने महाअघाड़ी को बताया महाअनाड़ी गठबंधन

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को महाराष्ट्र के चुनावी दौरे पर रहे। महाअघाड़ी पर बरसते हुए उन्होंने इसे महाअनाड़ी गठबंधन बताया। अमरावती की जनसभा में सीएम योगी ने दो टूक कहा कि नवनीत राणा यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष कर रही थीं। त्रेतायुग में जब बजरंग बली रहे होंगे, तब इस्लाम नाम की वस्तु ही नहीं रही होगी। उन्होंने कहा कि किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है।

## जम्मू-कश्मीर विस में 370 बहाली का प्रस्ताव पास

### बीजेपी विधायकों ने किया विरोध व प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं

एजेंसी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने राज्य के स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। हालांकि बीजेपी विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे।

विधायकों का आरोप था कि स्पीकर ने मंत्रियों की बैठक बुलाई और खुद ही प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसके बाद विधायकों ने बेंच पर चढ़कर हंगामा किया। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं बीजेपी अध्यक्ष सत शर्मा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर जम्मू-कश्मीर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी का पुतला भी जलाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है और कहा कि कोई भी विधानसभा अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकती। जम्मू कश्मीर विधानसभा सत्र का 6 नवंबर को तीसरा दिन था। हंगामे के बाद कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। जम्मू कश्मीर विधानसभा सत्र का 6 नवंबर को तीसरा दिन था। हंगामे के बाद कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

उत्सव

### हर्षोल्लास के साथ मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल स्थित आवास पर मनाया गया छठ पर्व

## छठ केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी : डॉ. अनीता

### संतान की लंबी उम्र व सुख-समृद्धि के लिए हुई खरना पूजा

समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद।** लोक आस्था का पर्व छठ पूजा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मेजर एसडी सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल स्थित आवास पर मेडिकल कालेज की डायरेक्टर डॉ. अनीता रंजन ने सभी के साथ मिलकर मनाया। दूसरे दिन खरना पूजा की गई।



प्रसाद बनातीं डॉ. अनीता रंजन व मौजूद व्रती महिलाएं

छठ पूजा में खरना का विशेष महत्व है। शाम से लगभग 36 घंटे का निर्जला व्रत का आरंभ हो जाता है। इस दिन रोटी, गुड़ की खीर और फल का भोग लगाया जाता है। खरना वाले दिन भगवान का विशेष प्रसाद व्रत रखने वाली व्रती महिलायें ही तैयार करती हैं और शाम के समय भगवान को अर्पित करने के बाद ही वह उसे ग्रहण करती हैं। खरना से जो उपवास आरंभ होता है वह सप्तमी तिथि के दिन सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ ही समाप्त होता है। बुधवार को मेडिकल कालेज की डायरेक्टर डा0 अनीता रंजन ने छठ पूजा के दूसरे दिन विधि विधान के साथ खरना का पूजन किया।इस कार्य में सभी व्रती महिलाओं ने सहयोग किया।डा0 अनीता रंजन ने मिट्टी के चूल्हे पर गुड़ की खीर बनाई। इसके लिए पीतल के बर्तन का प्रयोग किया। यह खीर बहुत ही शुद्धता और पवित्रता के साथ बनाई जाती है, इसलिए मिट्टी के चूल्हे का प्रयोग किया जाता है। खीर के अलावा गुड़ की अन्य मिठाई, ठेकुआ और लड्डू आदि भी बनाए जाते हैं। महापर्व में बिहार की पूर्णिया लोकसभा के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव की माता जी की मौजदूगी से कार्यक्रम और भव्य हो गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से डॉ नीतूश्री, ऊषा, प्रियंका, गीता, रेखा, साधना, निर्मला आदि ने भी सहयोग किया। पौराणिक कथाओं के अनुसार छठ पूजा की शुरुआत तब हुई जब भगवान श्रीराम 14 वर्षों का वनवास पूरा कर अयोध्या लौटे थे। राज्याभिषेक के बाद माता सीता ने अपने परिवार और राज्य की सुख-समृद्धि के लिए सूर्य देव की उपासना की और छठ व्रत का पालन किया। मान्यता है कि उनकी इस आराधना से राज्य में सुख-शांति का संचार हुआ और तभी से यह परंपरा हर वर्ष जारी है। छठ व्रत को अत्यंत कठिन तपस्या माना जाता है। इसमें व्रती चार दिनों तक निराहार रहकर सूरज की पहली और अंतिम किरण को अर्घ्य देते हुए व्रत का पालन करते हैं। छठ पर्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक भी है। यह पर्व जाति, धर्म की सीमाओं से परे है। समाज में आपसी समर्पण और सहयोग की भावना को बढ़ावा देता है। लोग अपने दुख सुख को भूलकर एक साथ छठी मैया की उपासना करते हैं। जिससे समाज में एकता और प्रेम का संदेश फैलता है।

### पत्रकार दिलीप सैनी हत्याकांड : मुठभेड़ के बाद आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर शहर में एक पत्रकार की हत्या के मामले में नामजद 2 सगे भाई बुधवार को सुबह एक पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिए गए। गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। फतेहपुर जिले के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि बुधवार की सुबह वाहन जांच के दौरान मलवां थाना क्षेत्र के कैंची मोड़ के वहिदापुर गांव के नजदीक पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोकने की कोशिश की, लेकिन कार सवार 2 युवकों ने पुलिस पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की।

# छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने सेठघाट पहुंचीं डीएम-एसपी

▸ जिलाधिकारी ने परखीं छठ पूजा घाट की तैयारियां



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

बुधवार को सेठघाट पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए की गई तैयारियों को परखा, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को पूजा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद करने के निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक से बातचीत की। इसके बाद पूजास्थल, घाट की साफसफाई, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित विभिन्न मूलभूत और जरूरी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, अधिकारियों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित ढंग से छठ पूजा संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने छठ पूजा पर्व की दृष्टिगत अपनी घोषणा के क्रम में क्रिटिकल गैप से बनवाए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी जनपदवासियों व श्रद्धालुजनों को भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व 'छठ' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मइया की कृपा से लोक आस्था का यह महापर्व संपूर्ण सृष्टि के लिए सुख-समृद्धि तथा आरोग्यता का कारक बने, यही कामना है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड प्रथम केके झा, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## कस्बे में धूमधाम से निकाली गई खाटू श्याम की निशान यात्रा

**उचौलिया खीरी।** रविवार को कस्बा उचौलिया में श्री खाटू श्याम की भव्य शोभायात्रा निकाली गई जिसमें सभी श्याम प्रेमी डीजे की भक्ति धुन में नाचते गाते हुए चल रहे थे। यात्रा की शुरुआत शिव मंदिर रामलीला मैदान से हुई जहां पर सभी श्याम प्रेमी एकत्रित हुए और पूजा अर्चना करते हुए निशान को उठाया



जिसके बाद सभी श्याम प्रेमीयों ने बनकागॉव रोड पर देवी स्थान मंदिर में पूजा अर्चना की और शाहजहांपुर में बरेली मोड़ पर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर के लिए प्रस्थान किया। जहां पर सभी भक्तों ने श्री खाटू श्याम बाबा को निशाना चढ़ाया। यात्रा में भगवान श्री खाटू श्याम का ध्वज लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते-गाते जयघोष करते हुए चल रहे थे। निशान यात्रा का कई जगह पुष्प वर्षा कर लोगों ने जोरदार स्वागत किया।यात्रा में महिलाएं, युवतियां एवं पुरुष पीले वस्त्र धारण कर छोटे बड़े आकर्षक ध्वज लेकर चल रहे थे। यात्रा में भगवान खाटू श्याम के दीवाने मधुर गीतों की धुन पर नाच रहे थे। संतोष गुप्ता अभिषेक गुप्ता राजेश गुप्ता अंकित गुप्ता केपी सिंह रवि गुप्ता दिलीप गुप्ता पुष्पेंद्र विश्वकर्मा प्रेम बाबू रजत गुप्ता मुदित गुप्ता नीरज गुप्ता वेदन अग्निहोत्री विद्यासागर गुप्ता आदि सैकड़ो भक्त शामिल रहे।

## गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देकर किसानों ने रखी मांग, भुगतान का मिला आश्वासन



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारियों ने लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के गन्ना आयुक्त को ज्ञापन दिया। जिसमें बजाज चीनी मिलों के पेराई सत्र का 14 दिन में भुगतान करवाने की मांग की। पदाधिकारियों के अनुसार गन्ना आयुक्त ने उन्हें फरवरी से 14 दिन में गन्ना भुगतान करवाने का आश्वासन दिया है। राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और राष्ट्रीय प्रवक्ता कैप्टन मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को प्रदेश के गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह से मुलाकात की। साथ ही बजाज ग्रुप की 14 चीनी मिलों के गन्ना किसानों की भुगतान न मिलने की समस्या बताई। संगठन ने दिए ज्ञापन में बताया कि लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, पीलीभीत स्थित बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के गांव गांव स्थित किसानों ने पंचायत कर इस पेराई सत्र 2024-2025 में खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में किए जाने का सर्वसम्मति से फैसला किया है। 5 नवंबर को बजाज मिल गोला गोकर्ण क्षेत्र के गन्ना किसानों एवं गन्ना समिति के दर्जनों डेलीगेट्स ने राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के बैनर तले पंचायत कर चीनी मिल के इस पेराई सत्र 2024 के खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। पंचायत में गोला स्थित बजाज चीनी मिल के केन जीएम पीएस चतुर्वेदी ने कहा था कि गन्ना आयुक्त यदि पिछले सत्र के गन्ना भुगतान को रोककर नवीन पेराई सत्र का भुगतान गन्ना खरीद के 14 दिन में करने का आदेश कर दे तो उसका पालन किया जाएगा। पंचायत में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। कि पिछले पेराई सत्र 2023-24 का बकाया गन्ना भुगतान दिसंबर माह 2024 तक किया जाए, किंतु नवीन पेराई सत्र का भुगतान 14 दिन में ही किया जाए, अन्यथा दिसंबर माह से किसान चीनी मिलों की गन्ना आपूर्ति ठप कर देंगे। पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि वार्ता में गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने पदाधिकारियों को बताया कि बजाज चीनी मिल की सभी 14 चीनी मिलों के लिए बैंकों में सीसी क्रेडिट लिमिट बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जनवरी माह तक सीसी क्रेडिट लिमिट बन जाएगी। सीसी क्रेडिट लिमिट बनने के बाद फरवरी माह से वह गन्ना खरीद के 14 दिन में गन्ने का भुगतान सुनिश्चित करवाएंगे।

## गांव-गांव जाकर सपा की नीतियां बताएंगे कार्यकर्ता



▸ मासिक बैठक में लिया गया निर्णय

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर के मोहम्मदी रोड स्थित एक लान में समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन की सक्रियता को लेकर चर्चा हुई। मासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक विनय तिवारी ने कहा कि संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की जरुरत पर जोर दिया। कहा कि संगठन के कार्यकर्ताओं को जनता के बीच गांव गांव पहुंचकर पार्टी की नीतियां का जमकर प्रचार प्रसार करना होगा। साथ ही उन्होने मौजूद पदाधिकारियों को सपा की नीतियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। तथा अधिक से अधिक संख्या में उन्हें अपने साथ जोड़ने के लिए प्रेरित किया। बैठक में सत्यराम वर्मा उर्फ लल्लन, सपा के जिला उपाध्यक्ष रियाज उल्ला खा ऊर्फ बन्ने प्रधान, जोन प्रभारी फूल सिंह यादव, सुंदरलाल पाल, भीमनिवास गौतम, पंकज बाजपेई, ओम प्रकाश यादव, नितिन तिवारी, शिवम गुप्ता, राज किशोर गौतम, अनिल मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य फुरकान अंसारी, सुधीर सिंह, भूपराम वर्मा, सुरेंद्र वर्मा सेठ, राजेंद्र यादव, रजत गुप्ता, पंकज लाला सहित संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## डीएपी की कालाबाजारी की खबर पर किसान संगठन का प्रदर्शन

▸ जिला कृषि अधिकारी के हस्तक्षेप से खुली दुकान, मामला हुआ शांत

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**




बुधवार को डीएपी खाद की कालाबाजारी की शिकायत की खबर पर किसान संगठन उग्र हो गया। किसानों ने दुकान के सामने ही विरोध प्रदर्शन शुरु कर दिया। इसके बाद मामला जिला कृषि अधिकारी तक पहुंचा। उनके हस्तक्षेप के बाद खाद की दुकान खुलवाई गई। किसानों को खाद मिलने के पश्चात मामला ठंडा पडा। बता दें कि शहर की खुटार रोड पर कृभको खाद की दुकान है। किसानों का कहना है कि मंगलवार को डीएपी खाद की कालाबाजारी की खबर मिली। आरोप है कि इसलिए तमाम किसानों को खाद नहीं मिल सकी। मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों को की गई। इधर दुकान संचालक ने बुधवार को दुकान ही नहीं खोली। खाद लेने के लिए तमाम किसान एकत्र थे। इसकी सूचना भारतीय किसान यूनियन अमन संधू के राष्ट्रीय अध्यक्ष को मिली तो वह अपने साथियों के साथ दुकान पर पहुंचे, धरना शुरू कर दिया। जिसकी सूचना पाते ही जिला कृषि अधिकारी ने दुकान खुलवाकर किसानों को खाद दिलवाई।

## खबरें एक नजर में

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी का आरोप

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** हैदराबाद थाना क्षेत्र के एक ग्राम में महिला से छेड़छाड़ की विरोध करने पर उससे मारपीट किए जाने के मामले में पीडित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही महिला ने उच्च अधिकारियों से भी न्याय की गुहार लगाई है। हैदराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम अहमदनगर निवासी नीरज कुमार कटियार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार का किसी तरह भरण पोषण करता है। 3 नवंबर को वह रोज की तरह चाट का ठेला लगाने के लिए गया था। आरोप है कि इसी बीच गांव के कुछ दबंग उसके घर घुस आए और उसकी पत्नी को अकेला देख छेड़छाड़ शुरु कर दी। विरोध करने पर उसे मारा पीटा। शोर सुनकर उनकी मां बचाने पहुंची तो विपक्षियों ने उसकी भी पिटाई कर घायल कर दिया। खबर मिलने पर जब वह घर पहुंचा, तो विपक्षियों ने उसकी भी पिटाई कर दी। पीड़ित परिवार ने उसी दिन पुलिस को तहरीर दी लेकिन नीरज का आरोप है कि दूसरे दिन पुलिस उसके गांव पहुंची और आरोपी दबंगों से पूछताछ कर बिना किसी कार्रवाई के वापस चली गई।

### नाबालिग को भगा ले जाने का मामला दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शहर से सटे एक गांव से एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी बादल पुत्र बिंद्रा उसकी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे 10 हजार रूपये भी अपने साथ ले गई है। महिला ने पुलिस से पुत्री को बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर युवक के विरुद्व मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### युवक ने बग्गर में फांसी लगाकर की आत्महत्या



तिकुनिया खीरी। बेलरायां चौकी के अंतर्गत कुसाही निवासी राजकिशोर पुत्र मनोहर उम्र 35वर्ष अज्ञात कारणों के चलते अपने बग्गर में बने टीन शेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। राजकिशोर के पिता मनोहर ने बताया कि राजकिशोर सुबह 10बजे के करीब बिना किसी से बताये घर से कुछ दूरी पर बने बग्गर पर गया था वहां पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी जानकारी जब बड़ा बेटा बग्गर पर गया तब हो सकी। उसकी बीवी व बच्चे मंगलवार को मायके चहलुआ गई थी वह घर पर अकेले ही था परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया।

### माइनर में पानी न छोड़े जाने से किसान परेशान, कुछ दूरी तक की गई है माइनर की सफाई



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शारदा ब्रांच नहर से निकले माइनर की सफाई न होने से किसान खेतों में अपनी फसल की सिंचाई करने में विवश है। किसानों ने माइनर की सफाई कराने व नहर में पानी छोड़े जाने की मांग उठाई है। बता दें कि बांकेगंज से होकर खीरी की तरफ जाने वाली शारदा ब्रांच नहर से एक माइनर निकाली गई। जो कि ग्राम ऐंवीपुर, फूलपुर से होते हुए कोंधवा तक के किसानों की फसलों की सिंचाई के लिए वरदान है। वहीं माइनर की व्यवस्था होने के कारण किसानों ने अपने खेतों में बोरिंग भी नहीं कराई। सिर्फ इसी माइनर के सहारे खेती किसानी का काम करते है। सरकार द्वारा इस वर्ष माइनर की सफाई नहीं कराई गई। हालांकि माइनर की सफाई कुछ दूरी तक हुई है। नहर में झाड़ फूस घास का अंबार लगा है। जिस कारण माइनर में पानी न जाने से किसानों की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही है। किसान फसल सींचने के लिए परेशान हैं। किसान दिवान सिंह, प्रेम सिंह, अवतार सिंह, हरीशंकर, गिरजादयाल, इंद्रजीत सिंह, बलराज सिंह सहित तमाम किसानों का कहना है, कि भ्रष्टाचार के चलते माइनर की तलीझाड सफाई नहीं कराई जाती है। जिम्मेदार सिर्फ खानापूर्ति कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रहे है। जिस कारण क्षेत्र के किसानों को माइनर से मिलने वाले वाले पानी को लेकर समस्या बनी है। ग्रामीणों ने मांग की है। कि माइनर की साफ सफाई कराकर पानी छोड़ा जाए। जिससे फसल की सिंचाई खेती किसानी का कार्य कर सके।

## कपिलश काव्य गोष्ठी के काव्य पाठ में बही कविताओं की रसधार

**गोला गोकर्णनाथ(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



कपिलश फाउण्डेशन के शहर स्थित केंद्रीय कार्यालय में लखनऊ के कवि कैप्टन अभय आनंद के अभिनंदन में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। अभय आनंद ने सुंदरकांड का खड़ी बोली और मत्तगयंद सवैया छंद में रुपांतरण किया है। काव्य गोष्ठी में उन्होंने एक अंश का पाठ भी किया। मत्तगयंद सवैया छंद तेईस वर्ण प्रति चरण का एक सम वर्ण वृत्त है। संस्था की संस्थापक लक्ष्मी खरे, अध्यक्ष शिप्रा खरे ने उत्तरीय व पटका पहनाकर अभय आनंद को सम्मान प्रतीक भेंट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आचार्य नंदी लाल 'बाबू जी' ने मुख्य अतिथि अभय आनंद का अभिनंदन करते हुए कहा कि खड़ी बोली में सुंदर कांड को सवैया छंद में लिख कर एक नया उदाहरण प्रस्तुत किया गया है। गोष्ठी का संचालन विश्व रिकॉर्डधारी यतीश शुक्ला ने किया। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ कवि बृजेश तिवारी ने वाणी वंदना से किया। श्रीकांत तिवारी 'कांत' ने चुटकी लेते हुए पढ़ा -ओ मानवता के मराल, देश के सबसे बड़े सवाल, पूंजीवाद की गंगा में नहा रहे हो, रविसुत शुक्ल ने संवेदनाओं को दोहों में पढ़ा- आंखों से झरती हुई नदी बही चुपचाप, अधरों पर चलता रहा सिर्फ़ आपका जाप, रमेश पांडे 'शिखर शलभ' ने मां को समर्पित करते हुए पढ़ा- शब्द लिखना था एक मैंने मां लिख दिया, उसके कदमों में है दो जहां लिख दिया÷, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी ने प्रेम की परिभाषा बताते हुए पढ़ा, प्रेम शाश्वत सत्य है, अमृत्व की अभिलाष है।, बी पी बेधड़क ने नारी शक्ति के लिए कहा- नारी दुर्गा ब्रह्म स्वरूपा, प्रेम डोर का अद्भुत बंधन श्याम मोहन मिश्रा ने गीत पढ़ा -उमड़ घुमड़ कर मेघ टहलते बरस रहे आंगन में, बदन उघारे बच्चे देखो भीग रहे आंगन में, शिप्रा खरे ने आती हुई सर्दी के लिए कहा- आग उगलते सूरज को भी आग उगलना खल रहा है, मौसम बदल रहा है। एड रमाकांत चौधरी ने सामाजिक विसंगतियों पर पढ़ा- अधजली फुलझड़ी चंपा को मिल गया पटाखा दीना को, सांपों वाली दो टिकिया एक चरखी मिली है मीना को , वैद्य रामजी रस्तोगी 'सरल' ने प्रेम के विषय को छूते हुए कहा- अगर दिल को दिल से मोहब्बत न होती, वहां फ़िर बहारों की रौनक न होती। हितेश सुशांत ने पढ़ा दीप जले निर्धन के भी घर, हाथ ना कोई खाली हो।, बृजेश तिवारी ने दिवाली के लिए कहा,÷खुशियों के अंबार लगे दिवाली में, पल पल दृश्य अपार लगे दिवाली में। बाल कवयित्री सांभवी के देवी स्त्रोत का संस्कृत में पाठ और नन्ही सियोना द्वारा श्री राम चंद्र कृपालु भज मन के गायन ने सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आचार्य नंदी लाल ने समाज को आईना दिखाते हुए पढ़ा- बात उसकी जमी नहीं है यहां, उल्लुओं की कमी नहीं है यहां और सभी का धन्यवाद करते हुए गोष्ठी का समापन किया।

## मोतीपुर जौराहा नदी व दरेहटी घाट बना बालू खनन का अड्डा

**तिकुनिया खीरी।** सिगाही थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाम ढलते ही खनन का सिलसिला शुरू हो जाता है जो देर रात तक जारी रहता है। प्रशासन देख कर भी अनजान है। इलाके में खनन माफियाओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही नही होती जिसकी वजह से खनन माफियाओं के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बालू खनन करने से हाल ही में आई बाढ़ का नतीजा खनन माफियाओं के चलते कई किसानों को नुकसान झेलना पड़ा जिससे उत्तर प्रदेश सरकार का पैसा मुआवजे के रूप में सरकार को देना पड़ा। अगर ऐसे ही खनन माफिया खनन करते रहे तो नदियों को विकराल रूप लेने से कोई नहीं रोक सकता। क्षेत्र में छोटी-छोटी नदियां खनन होने के बाद आज विकराल रूप ले चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते खनन माफियाओं पर कार्यवाही नहीं की गई तो इसका नुकसान किसानों को भुगताना पड़ेगा।

> इस संबंध में सिंगाही एसएचओ अजीत कुमार ने बताया रात्रि गस्त पर निकलेंगे जो भी खनन की ट्रालियां दिखेगी सीज की जाएगी।

## स्कार्पियो एवं साइकिल के एक्सीडेंट में 15 वर्षीय बच्चे की मृत्यु

**मोहम्मदी खीरी।** कोतवाली अन्तर्गत स्कार्पियो एवं साईकिल के एक्सीडेंट में एक 15 वर्षीय बच्चे की मृत्यु हो गयी। क्षेत्र के ग्राम रछेला बाजिदपुर निवासी 15 वर्षीय अमित कुमार पुत्र आशाराम पीवी इंटर कालेज बरेचा में कक्षा 9 का छात्र है और स्कूल से साईकिल द्वारा अपने घर जा रहा था कि बरेचा रोड पर तेज गति से आ रही स्कार्पियो ने टक्कर मारकर उसे गम्भीर घायल कर दिया। घटना की सूचना पाते ही लोगो ने 108 एम्बूलेंस बुलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले गए जहाँ चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक चार भाई एक बहन में सबसे छोटा था। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## श्री बालाजी महाराज के जागरण में पूरी रात झूमे भक्त

▸ जागरण देखने वाले भक्तों का उमड़ा जन सैलाब, सुंदर-सुंदर सजीव झाकियों ने मोहा सबका मन

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



श्री बालाजी कमेटी पडरिया तिलकापुर की तरफ से सिक्ख टांडा बाला जी मंदिर पर पंचम विशाल श्री बाला जी महाराज का मंगलवार की रात जागरण हुआ, जिसमें बाबा के भजनों पर भक्त पूरी रात झूमे।

थाना भीरा क्षेत्र के गांव सिक्ख टांडा में श्री बालाजी मंदिर पर, श्री बालाजी कमेटी पडरिया तिलकापुर द्वारा पंचम विशाल श्री बालाजी महराज का जागरण करवाया गया जिसमें आचार्य पंडित वीरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा पाठ कर कमेटी के सदस्य रमाकांत वर्मा द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करवा कर श्री बालाजी महाराज के जागरण का शुभारंभ किया। इसमें भीरा से अभिजीत अलबेला, संकेत कुमार लखनऊ व बरेली पीलीभीत से गायक कलाकारों ने बाबा के सुंदर-सुंदर भजन प्रस्तुत किए ,सर्वप्रथम गणेश वंदना व मां शारदा वंदना के बाद हनुमान चालीसा पाठ कर जागरण का शुभारंभ किया गया जिसमें संकट हरने वाले को हनुमान कहते हैं, ओ मेंहदीपुर के बालाजी आदि भजन सुनाए, जिसे सुन भक्त पूरी रात खूब झूमे। मास्टर शिवम राज इंटरनेशनल झांकी ग्रुप व अन्नू महाकाल झांकी ग्रुप के कलाकारों के द्वारा सजीव सुंदर सुंदर मनमोहक झांकियां निकाली गईं। इनमें राधाकृष्ण व हनुमान जी की झांकी को सभी ने खूब पसंद किया। बाला जी महराज को छप्पन भोग लगाया गया। इस दौरान भक्तों ने बालाजी महाराज के खूब जयकारे लगाए, जिससे आसपास का वातावरण भक्तिमय हो गया। अंत में आरती हुई। इसके बाद सभी लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। बुधवार को करीब 11 बजे बाबा का भोग लगाकर भंडारा शुरू हुआ, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया जो निरंतर प्रभु इच्छा तक चलता रहा। इस मौके पर रमाकांत वर्मा, महेंद्र शुक्ला, छत्रपाल सिंह,राय सिंह, मधुराम सिंह, प्रधान पति राम अनुज वर्मा, विजय वर्मा, सुनील वर्मा, राधेश्याम वर्मा, अशोक कनौजिया गोला व समस्त कमेटी कार्यकर्ता सहित हजारों भक्त गण मौजूद रहे।

## सीएचसी में बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड बनना शुरु

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** सरकार की अत्यंत महत्वाकांक्षी योजना बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने की योजना का शुभारंभ हो गया है। बुधवार से सीएचसी में पंजाबी कॉलोनी निवासी 70 वर्षीय प्रमोद साहनी व उनकी पत्नी शशि साहनी का आयुष्मान कार्ड का पहला प्रिंट निकाला गया। सीएचसी में पूर्व से ही योजना पर कार्य किया जा रहा हैं।

## नवम्बर के दूसरे सप्ताह तक बोयें सरसों तो नहीं लगेगी माहू

▸ अच्छी सरसों की फसल के लिए 15 नवम्बर तक करलें सरसों की बुवाई

▸ अगेती फसल बोने से कम हो जाएगा फसल में माहू का खतरा

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



सरसों की खेती समय से करके किसान फसल को सबसे बड़े दुश्मन माहू से बचा सकते हैं। यही नहीं कम सिंचाई पर भी किसान सरसों की खेती कर सकते हैं। सरसों की बुवाई का समय संतुलित उर्वरक के उपयोग और समसामयिक रोगों पर नियंत्रण करने वाले दवा का प्रयोग करके प्रति हेक्टेयर 25 से 30 कुंतल पैदावार ले सकते हैं। सरसों की अगेती खेती का सबसे अच्छा समय मध्य अक्टूबर के आसपास माना जाता है। इस समय की गई बुवाई से सरसों माहू कीट आने के पहले ही तैयार हो जाती है। मितौली कृषि विभाग के कृषि रक्षा इकाई प्रभारी अमित कुमार बाजपेई व बी टी एम हरजेश सिंह ने बताया की सरसों रबी के तिलहन की प्रमुख फसल है। सीमित सिंचाई में भी इसकी भरपूर फसल ली जा सकती है। सरसों की फसल में कई तरह के रोग लगते हैं, लेकिन माहूं फसल का सबसे बड़ा दुश्मन माना जाता है। इसके बचाव के लिए किसानों के पास एक ही उपाय है कि वह सरसों की खेती समय से अवश्य कर लें श्री वाजपेई ने यह भी बताया कि इसके लिए किसान को प्रति हेक्टेयर 5 से 6 किलोग्राम बीज की आवश्यकता पड़ती है इस बीज से किसान 25 से 30 कुंतल सरसों की पैदावार प्रति हेक्टेयर प्राप्त कर सकते हैं ।

**किसान इन बातों का रखें ध्यान:** बुवाई के पूर्व किसान अगर प्रति किलोग्राम बीज को 2.5 ग्राम थीरम और 1.5 ग्राम मैंटालिक्स से शोधित करें तो फसल को बीज जनित रोग सफेद गेरुई और रतुलसिता रोग से सुरक्षा मिल जाती है। बुवाई के लिए किसान खेत की दो से तीन सामान्य जोताई व रोटावेटर से जोताई करके तैयार कर सकते हैं। अगर खेती में नमी कम है तो किसान को खेत पलेवा के बाद बुवाई करना चाहिए। सामान्य तौर पर प्रति हेक्टेयर खेत में 120 किलोग्राम नाइट्रोजन और 40- 40 किलोग्राम पोटाश व फास्फेट की जरूरत पड़ती है।

**सरसों की करें उन्नत प्रजातियों का चयन:** सरसों की खेती के लिए नरेंद्र राई,वरुण,टी59,बसन्ती,रोहिणी, वरदान, कृष्णा व पूसा बोल्ड आदि अच्छी प्रजातियां मानी जाती हैं ।इसके अलावा घर में रखे पुराने अच्छे बीज का भी उपयोग करके किसान अच्छी कमाई कर सकता है। पिछले साल हुई बेमौसम बरसात में तिलहन की फसल को काफी नुकसान पहुंचाया था ऐसे में अगौती फसल बोने वालों को फायदा मिल सकता है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने सगे बड़े पुत्र छत्रपाल व उसकी पत्नी मंजू देवी के झगड़ेलू प्रवृत्ति होने, चाल चलन एवं व्यवहार सही न होने के कारण अपनी संपूर्ण चल एवं अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। अब से मेरा उक्त दोनों से किसी प्रकार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और न भविष्य में कभी रहेगा। उक्त दोनों का किसी व्यक्ति से किसी भी प्रकार का लेन-देन एवं अपराधिक कृत्य का वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**शपथ कर्ता**
**रामसागर पुत्र श्री संकटा**
**निवासी- मोहल्ला हफीफजपुर, मजरा लाल्हापुर, थाना व तहसील- गोला**
**जिला- लखीमपुर खीरी।**

# वाहन स्वामियों के लिए एकमुश्त समाधान योजना दोबारा लागू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की पहल पर प्रदेश के वाहन स्वामियों को एक बार पुनः एकमुश्त शास्ति समाधान योजना का लाभ प्रदेश सरकार ने उपलब्ध कराया है। अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकेटेश्वर लू ने अधिसूचना जारी कर दी है।

इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर संदेय कर के विलम्ब संदाय हेतु शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से तीन माह की अवधि के लिए छूट प्रदान की गई है। परिवहन यानों के स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस, जिनके विरूद्ध इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि तक कर एवं शास्ति हेतु वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन पात्र होंगे। स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस को विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन कराधान अधिकारी को तिपहिया एवं हल्के मोटर यानों 7500 किग्रा सकल यान भार तक के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में 200 रूपये की धनराशि एवं अवशेष यानों हेतु आवेदन शुल्क के रूप में 500 रूपये सहित आवेदन प्रस्तुत करना होगा।

# वित्त मंत्री ने लिया लक्ष्मण मेला मैदान घाट पर तैयारियों का जायजा

▸ अधिकारियों को छठ घाटों पर व्यवस्था सुदृढ़ रखने के निर्देश

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने छठ महापर्व के आयोजन को देखते हुए आज लक्ष्मण मेला मैदान घाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं के सुगम प्रवेश एवं निकास हेतु पर्याप्त व्यवस्था किया जाए। वैकल्पिक प्रवेश व निकास द्वारों की भी व्यवस्था रखी जाए।



श्री खन्ना ने छठ महापर्व पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए सभी उपासकों से स्वच्छ, सुरक्षित, जीरो वेस्ट, प्लास्टिक मुक्त पर्व मनाने एवं गोमती नदी को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने में सहयोग हेतु अपील की। उन्होंने छठ पूजा को लेकर घाटों व मार्गो में की जा रही व्यवस्थाओं, सुंदरीकरण, घाटों की मरम्मत, साफ सफाई, प्रकाश व सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को छठ घाटों पर व्यवस्थाओं को चॉक-चौबंद करने हेतु जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को कोई भी परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु अपनी मुरादे पूरी करने के लिए सूर्य भगवान को अर्घ्य देकर पूर्ण श्रद्धा और आस्था के साथ यह त्योहार मनाते हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि घाटों पर साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था हो। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न हो, कूड़ा कचरा इधर-उधर न फैले इसके लिए घाटों पर डस्टबिन रखवाए जाएं। पूजा सामग्री नदी में प्रवाहित न हो इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। नगर के लोग छठ पर्व को दिव्य और भव्य रूप से मनाए, इसके लिए घाटों का सुंदरीकरण कराए जाए, जिससे श्रद्धालुओं को पूर्ण शांति व खुशी का एहसास हो। गहरे पानी में जाने से बचने के लिए नदी में बैरिकेटिंग की जाए। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए जल पुलिस और गोताखोर भी तैनात किए जाएं।

## छठ पूजा पर आज छुट्टी, सभी सरकारी और प्राइवेट संस्थान रहेंगे बंद

**लखनऊ ।** लखनऊ जिला प्रशासन ने छठ पूजा पर्व के अवसर पर लखनऊ में 7 नवंबर 2024, गुरुवार को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिलाधिकारी लखनऊ के अनुमोदन पर यह अवकाश मैनुअल ऑफ गवर्नमेंट आर्डर्स के पैरा-247 (सी) के अंतर्गत दिया गया है, जिसके तहत जिलाधिकारी को तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने का अधिकार है। यह अवकाश लखनऊ जनपद के सभी सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों पर लागू होगा। हालांकि, जिन विभागों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह प्रणाली लागू है, वहां यह अवकाश मान्य नहीं होगा। सामान्य प्रशासन अनुभाग की गाइडलाइंस के तहत ऐसे विभागों में अवकाश नहीं दिया जाएगा। अखिल भारतीय भोजपुरी समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रभुनाथ राय ने छठ महापर्व पर सार्वजनिक अवकाश की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि छठ पर्व महिलाओं के लिए कठिन व्रत है। दो दिनों तक महिलाएं निर्जला रहकर भगवान सूर्य की उपासना करती हैं। ऐसे में इस पर्व पर अवकाश घोषित करना लोकहित में जरूरी है।

## खबरें एक नजर में

### चंदन गुप्ता हत्याकांड में न्याय की मांग, धरने पर बैठे पिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** कासगंज के चंदन गुप्ता हत्याकांड में न्याय की लड़ाई जारी है। लखनऊ के हजरतगंज स्थित गांधी प्रतिमा पर बुधवार को उसके पिता धरने पर बैठे। पिता का कहना है कि न्याय मिलने में हो रही देरी से परिवार परेशान है। कासगंज में 26 जनवरी 2018 को तिरंगा यात्रा के दौरान चंदन गुप्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तब से उसका परिवार न्याय की आस लगाए बैठा है। पिता सुशील गुप्ता का कहना है कि जब तक उनके बेटे को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक उनका संघर्ष जारी रहेगा। हजरतगंज की गांधी प्रतिमा पर उनका यह धरना सरकार से न्याय की गुहार लगाने के लिए है। गुप्ता ने आरोप लगाया है कि तिरंगा यात्रा के दौरान उनके बेटे की गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद सरकार ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी समेत अन्य वादे तो किए थे, लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। घटना के बाद चंदन की छोटी बहन कीर्ति गुप्ता को कासगंज ब्लाक में संविदा पर लोक मित्र की नौकरी दी गई थी, जो पांच माह बाद ही समाप्त भी कर दी गई।

### सिटी बस ने युवक को कुचला, मौत, गाड़ी छोड़कर भागा ड्राइवर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सड़क पार कर रहे युवक को तेज रफ्तार सिटी बस ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही युवक गिरा और उसके ऊपर बस का अगला पहिया चढ़ गया। आसपास के लोग जब तक एंबुलेंस को कॉल करके बुलाया युवक की मौत हो चुकी थी। हादसा बुधवार सुबह 9 बजे के आस-पास हुआ है। हादसा बापू भवन के पास पेट्रोल पंप के सामने हुआ है। बस गोमतीनगर से चारबाग की तरफजा रही थी। हुसैनगंज पुलिस के मुताबिक सिटी बस रूट नंबर 201 की है। हादसे के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग निकला है। गाड़ी नंबर यूपी 32 सीजेड 9678 के आधार पर जानकारी जुटाई जा रही है। मरने वाला युवक संदीप गुप्ता वजीर हसन रोड इलाके का रहने वाला है। परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### उप मुख्यमंत्री करेंगे आईएसटीएसी के वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** इंडियन सोसाइटी ऑफ ट्रॉमा एंड एक्यूट केयर (आईएसटीएसी) के 14वें वार्षिक सम्मेलन का उद्घाटन 08 नवम्बर को उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक करेंगे। आईएसटीएसी की मेजबानी किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का ट्रॉमा सर्जरी विभाग करेगा। इस सम्मेलन में देश विदेश के 500 से अधिक चिकित्सक ट्रामा देखभाल में अत्याधुनिक प्रगति पर चर्चा करेंगे। यह जानकारी केजीएमयू के ट्रामा सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संदीप तिवारी ने दी। डा. संदीप तिवारी ने बताया कि यह सम्मेलन 8 से 10 नवंबरतक निर्धारित है। यह कार्यक्रम लखनऊ के प्रतिष्ठित अटल बिहारी वाजपेयी कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यशाला में आघात देखभाल के लिए आवश्यक मौलिक कौशल से अवगत कराने के लिए एमबीबीएस छात्रों के लिए भी सत्र रहेगा।

### साइड न देने पर एंबुलेंस ड्राइवर को पीटा, दरोगा ने अस्पताल पहुंचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में एंबुलेंस ड्राइवर और हेल्पर को दबंगों ने बेहरमी से पीटा। वजह सिर्फइतनी है कि हॉर्न बजाने पर ड्राइवर ने साइड नहीं दिया। इससे दबंग भड़क गए। ओवरटेक कर बाइक सामने खड़ी कर दी। एंबुलेंस रोकते ही ड्राइवर को कॉलर पकड़कर खींच लिया। पहले लात-घूसों से पीटा, फिर सिर पर ईंट पर वार किया। हेल्पर बचाने आया तो उसे भी पीट दिया। मारपीट की सूचना पर सिसेंडी चौकी इंचार्ज आशुतोष दीक्षित ने पहुंचे। मगर आरोपी फरार हो गए। उन्होंने देखा तो एंबुलेंस में महिला प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। उन्होंने खुद एंबुलेंस चलाकर सभी को मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचाया। हमले में ड्राइवर और हेल्पर गंभीर रूप से घायल हैं। घटना मंगलवार रात 10 बजे के आस-पास की है।

### उत्तर प्रदेश में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता का आयोजन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार ने छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पूरे राज्य में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता शुरू की है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, यह प्रतियोगिता आज से शुरू होकर आगामी आठ नवंबर तक चलेगी जिसमें विभिन्न संगठनों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस अभियान से जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की गतिविधियां शामिल होंगी। इस पहल के तहत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए घाटों पर 'अर्पण कलश' रखे गए हैं और प्लास्टिक और थर्मोकोल के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए घाटों को 'नो प्लास्टिक जोन' घोषित किया गया है।

### पिस्टल से अधिकारी का सिर फोड़ा, शिक्षक ने किया फायर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बख्शी का तालाब स्थित कृषि महाविद्यालय में बुधवार दोपहर कोआर्डिनेटर पर शिक्षक ने पिस्टल से फायर कर दिया। फायर मिस होने पर बट से हमला कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घटना चंद्रभान गुप्त कृषि महाविद्यालय की है। कोआर्डिनेटर ने कथित तौर पर शिक्षक की महाविद्यालय नहीं आने की शिकायत की थी। इस पर धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फअजय सिंह (30) पर शिक्षक मनोज सिंह ने हमला किया। पीड़ित धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि महाविद्यालय के खेल प्रशिक्षक मनोज सिंह और गणित शिक्षक दुर्गेश कुमार सिंह प्रिंसिपल गजेन्द्र सिंह के कमरे में बैठे थे। प्रिंसिपल ने उन्हें दोपहर में अपने कमरे में बुलाया। वे जैसे ही प्राचार्य के कक्ष में पहुंचे। वैसे ही दोनों शिक्षकों ने हमला बोल दिया। विरोध करने पर मनोज सिंह ने पिस्टल निकाल ली और फायर करने का प्रयास किया। मैंने अपने हाथ से पिस्टल को झटक दिया। फायर मिस हो गई। इसके बाद दोनों ने मेरे साथ मारपीट शुरू कर दी।

# समय व गुणवत्ता से करें निर्माण कार्य

## राज्यपाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन के कायाकल्प सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास

▸ कार्यों की नियमित समय पर हो समीक्षा और मॉनिटरिंग

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन लखनऊ में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की गरिमामयी उपस्थिति में 14 करोड़ 65 लाख की लागत से 8 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें राजभवन के उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प, छतों पर चाइना मोजैक का कार्य, अग्निशमन प्रणाली का उन्नयन, विभिन्न भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल, किचन का जीर्णोद्धार, गांधी सभागार में नई वातानुकूलन तकनीकी और विद्युत डीजी सेट की आपूर्ति और स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं।



शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने आज सौभाग्यपूर्ण लाभ पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए इस अवसर पर इन कार्यों के शुभारंभ पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अच्छी मंशा से किया गया कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होता है। राज्यपाल ने सभी निर्माण कार्यों को समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता से करने एवं उनकी नियमित समीक्षा और समय पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इनमें विशेष रूप से राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की जर्जर कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलने का कार्य शामिल है। उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और आधारभूत संरचनाओं की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी संस्कारवान बनें, आधुनिक तकनीक का उपयोग करें और अपने भविष्य के निर्माता स्वयं बने। राज्यपाल ने कहा कि संकल्प और समर्पण भाव से कार्य करने से किसी भी परियोजना को निर्धारित समय से पहले पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित उच्च अधिकारियों को नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का भ्रमण करने की भी सलाह दी और उसकी तकनीक तथा डिजाइन को प्रेरणादायक बताया। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना जी ने राज्यपाल के बहुआयामी और रचनात्मक सोच की सराहना करते हुए उन्हे एक ऐसा व्यक्तित्व बताया जो राज्य और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि राजभवन को लगातार सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने में राज्यपाल का योगदान अनुकरणीय है। राज्यपाल के प्रयासों से राजभवन का रूप, सौंदर्य और आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नये भवन बनाना आसान है लेकिन पुराने भवनों को न केवल बनाए रखना बल्कि उन्हें सजाना और संवारना एक कठिन कार्य है, इसके लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है। उन्होंने राजभवन के जनकक्ष और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों में की गयी सजावट की भी सराहना की। राज्यपाल के कार्यकाल को ऐतिहासिक और अनुकरणीय बताते हुए उन्होंने कहा कि माननीया के कार्यों ने एक पद्चिन्ह छोड़ा है, जिसे आने वाली पीढ़ियां अनुसरण करेंगी। कार्यक्रम के अन्त में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रेरणा एवं मार्गदर्शन हेतु राज्यपाल का आभार व्यक्त किया तथा वित्त मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन किया। उन्होंने राजभवन में कार्यों के समयपूर्व एवं सफलतापूर्वक संचालन हेतु सभी संबंधित अधिकारियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार, मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, सीपी गुप्ता, अधीक्षण अभियंता विद्युत, आरएम श्रीवास्तव, अधीक्षण अभियंता सिविल, योगेन्द्र सिंह, राजभवन के समस्त अधिकारी एवं कार्मिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय राजभवन के शिक्षक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आज बदला रहेगा यातायात, गोमती की तरफ जाने वाले रास्तों पर होगा डायवर्जन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में छठ पूजा के आयोजनों के चलते गोमती नदी की तरफ जाने वाले रास्तों पर गुरुवार दोपहर एक बजे से डायवर्जन व्यवस्था लागू होगी। जो शुक्रवार को कार्यक्रम समाप्ति तक लागू रहेगा। चिरैयाझील तिराहे से लक्ष्मण मेला मैदान की तरफ कोई भी वाहन नहीं जा सकेगा। इधर जाने वाले वाहन सहारागंज, सिकन्दर बाग, दैनिक जागरण चौराहा, पीएनटी या क्लार्क अवध तिराहा होते हुए जा सकेंगे।

पीएनटी (बालू अड्डा) चौराहा, बैकुण्ठधाम तिराहा, संकल्प वाटिका ओवरब्रिज की तरफ से सामान्य यातायात लक्ष्मण मेला मैदान की ओर नहीं जा सकेगा। इधर जाने वाले वाहन पीएनटी (बालू अड्डा) से डालीबाग, दैनिक जागरण चौराहा, सिकन्दरबाग, सहारागंज, चिरैयाझील, क्लार्क अवध तिराहा होकर जाएंगे। सिकन्दरबाग चौराहा से महानगर की तरफ जाने वाला सामान्य यातायात संकल्पवाटिका कटिंग से चिरैयाझील तिराहा की तरफनहीं जा सकेगा। इधर जाने वाले वाहन पेपरमिल तिराहा होते हुए आगे की तरफजाएंगे। महानगर क्षेत्र में नदवा बन्धा मोड़ से झूलेलाल पार्क की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात आईटी चौराहा और सुभाष चौराहा होकर जा सकेगा। इक्का तांगा स्टैण्ड चौराहा से झूलेलाल पार्क की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा।

इधर जाने वाले वाहन आईटी चौराहा और डालीगंज चौराहा होकर जा सकेंगे।

चौक क्षेत्र में शीश महल (शनि मंदिर) तिराहा से कुड़ियाघाट ठाकुरगंज बंधे की तरफ सामान्य यातायात नहीं जाएगा। यह यातायात शीश महल (शनि मंदिर) तिराहा से इमामबाड़ा की तरफहोकर जाएगा। रूमीगेट पुलिस चौकी चौराहा से वाहन कुड़िया घाट और पक्के पुल की तरफनहीं जा सकेगें। उधर जाने वाले वाहन टीले वाली मस्जिद तिराहा होकर जाएंगे। नया पक्का पुल से कुड़ियाघाट की तरफ सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा। यह यातायात टीले वाली मस्जिद तिराहा होकर जाएगा।

# बकाएदारों के खिलाफ चला अभियान राजधानी में 15 मकान व दुकान सील

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** हाउस टैक्स के बकाएदारों के खिलाफ नगर निगम का अभियान तीसरे दिन भी जारी रहा। अमीनाबाद, नजरबाग समेत कई इलाकों में मकान सील किए गए। शहर के अलग-अलग इलाकों में चले अभियान के दौरान करीब 15 लोगों के खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की गई। इस दौरान कई इलाकों में मुनादी भी कराई गई। इसमें बताया गया कि अगर किसी पर हाउस टैक्स का बकाया है तो उसको जमा कर दे। अगर नहीं होता है तो उनके खिलाफ सीलिंग की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल नगर निगम पूरे शहर में बकाएदारों के यहां नोटिस चस्पा करने का काम शुरू कर चुका है।

नगर निगम इसके लिए हर जोन के हिसाब से सूची तैयार कर रहा है। इसमें कुर्की के अलावा बकाएदारों के यहां नोटिस भी चस्पा किया जाएगा। दो दिन से अभियान सुबह-सुबह चलाया जा रहा था। हालांकि बुधवार को यह अभियान ज्यादातर जगहों पर दिन में चलाया गया। दरअसल, ज्यादातर कर्मचारियों की ड्यूटी छठ पूजा में लगा दिया गया है। मुख्य कर अधिकारी अशोक सिंह ने बताया कि अगले दो दिन तक अभियान थोड़ा स्लो रहेगा। उसके बाद अभियान फिर से तेज होगा। उन्होंने बताया कि पूरे शहर में लगातार इस तरह का अभियान चलता रहेगा। शहर में मौजूदा समय में 3 लाख 20 हजार लोगों ने हाउस टैक्स जमा नहीं किया है।

## 1.60 करोड़ रुपए की जमीन से कब्जा हटवाया

**लखनऊ।** नगर निगम ने बुधवार को करीब 1 करोड़ 60 लाख की जमीन खाली कराई। शहर में दो जगहों पर अभियान चला। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देश पर यह अभियान चलाया गया। तहसीलदार ने अरविंद पांडेय ने बताया कि ग्राम राकुरपुर में 11 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा या जा रहा था। सरकारी दस्तावेज में तालाब की जमीन है। नायब तहसीलदार नीरज कटियार के नेतृत्व में यह अभियान चला। इसकी कीमत करीब दृ करीब 50 लाख रुपए से ज्यादा है। बीकेटी इलाके के रसूलपुर कायस्थ गांव में करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की जमीन खाली कराई। बंजर जमीन पर यहां कब्जा किया जा रहा था। इसको लेकर कई बार शिकायत दर्ज कराई गई थी, उसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं निकल पा रहा था। मामला नगर आयुक्त के पास पहुंचा। वहां से आदेश हुआ तो 7,854 वर्गफुट जमीन खाली कराई।

## कब्जों पर एफआईआर कराएं : जिलाधिकारी

**लखनऊ ।** लखनऊ के कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को डीएम सूर्य पाल गंगवार ने राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक की। इस दौरान भू माफिया पर नकेल कस अवैध अतिक्रमण पर तुरंत कार्रवाई करने के आदेश दिए। उन्होंने एंटी भू-माफिया अभियान की समीक्षा करते हुए अवैध अतिक्रमण के मामलों की सात दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। डीएम ने स्पष्ट किया कि आईजीआरएस मामलों के निपटारे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी प्रकरणों का तय समय में निपटारा करना जरूरी है। वहीं पुराने मामलों का निपटारा प्राथमिकता से करने के आदेश दिए। डीएम ने हाल ही में सृजित नायब तहसीलदार न्यायालयों में व्यवस्थाओं की समीक्षा करने और आवश्यक मैनपावर और सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, धारा 80, 24, 34 और 116 के अधीन मामलों की स्थिति पर भी चर्चा की। संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा, जिलाधिकारी ने आय, जाति, निवास और हैसियत प्रमाण पत्र के त्वरित और वरीयता से निपटारा के निर्देश दिए।

# भाजपा ने किसानों को बर्बाद कर दिया : अखिलेश

▸ भाजपा सरकार ने किसानों से किए वादे को पूरा नहीं किया

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भी किसानों में हाहाकार मचा है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से उन्हें फुर्सत मिले तो अपने गृह जनपद सहित पूरे प्रदेश में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से किये गये अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था किन्तु उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए सात सौ से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।




अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान पर भाजपा से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। किसान भगवान भरोसे है, उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। जबकि नये सत्र का गन्ना इंतजार कर रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बहुत परेशान है। एक तरफ जहां किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक महंगे मिल रहे हैं वहीं जुताई बुआई महंगी हो गयी है। किसान को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य भी नहीं मिल रहा है। सहकारी समितियों के गोदाम खाली हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। बीज के साथ कुछ दवाओं के पैकेट लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की मार किसानों पर पड़ने से किसान और ज्यादा लाचार तथा गरीब होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में किसानों की दुर्दशा का अंत नहीं है। बिना किसानों के खुशहाल हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी कैसे बन सकती है? भाजपा सरकार झूठ, लूट, भ्रष्टाचार में लिप्त है। उसे किसानों की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। इन दिनों तानाशाही का आलम यह है कि सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। किसान और जनसामान्य भाजपा की दंभी सरकार को अब और बर्दाश्त करने वाला नहीं है। विधानसभा उपचुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

## सांसद रविकिशन ने काशी विश्वनाथ दरबार में लगाई हाजिरी



**लखनऊ/वाराणसी।** भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता व गोरखपुर से सांसद रविकिशन ने बुधवार को श्री काशी विश्वनाथ धाम में हाजिरी लगाई। मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान से दर्शन पूजन के बाद सांसद रविकिशन आह्लादित नजर आए। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि काशी आकर मन गदगद हो गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी का विकास जिस तरह से किया है, उसकी जितनी भी सराहना किया जाय कम है। अभिनेता को देख उनके प्रशंसक भी बेहद खुश दिखे। अभिनेता ने दर्शन पूजन के बाद मंदिर में दर्शन पूजन की अपनी तस्वीर शेयर कर लिखा विश्वनाथ मम नाथ पुरारी ! त्रिभुवन महिमा विदित तुम्हारी! आज काशी विश्वनाथ मंदिर में देवाधिदेव महादेव का दर्शन एवं अभिषेक कर पूजा अर्चना की। एवं सभी के कल्याण की मंगल कामना की । समृद्धि न्यूज

## सपा, कांग्रेस ने किया शीर्ष कोर्टके आदेश का स्वागत

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश में सड़क चौड़ीकरण के लिए 2019 में ढहाए गए एक मकान के मालिक को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने के उच्चतम न्यायालय के एक आदेश का स्वागत करते हुए विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस ने बुधवार को राज्य सरकार पर श्बुलडोजर का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया और कहा कि अधिकारी सरकार को खुश करने के लिये ऐसा कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को उनके रवैये के लिए कड़ी फटकार लगाते हुए उन्हें उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है जिसका मकान वर्ष 2019 में सड़क चौड़ी करने के लिये बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया गया था। यह मकान उत्तर प्रदेश के महराजगंज में था।

स्थापना दिवस

उप्र राजभवन में मनाया गया पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह

# हर राज्य अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से विविधता को करता है प्रदर्शित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को राजभवन में पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पंजाब राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दर्शाने वाले विभिन्न लोक नृत्य, लोक गायन की प्रस्तुतियों के साथ-साथ पंजाब की संस्कृति और विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया।



राज्यपाल ने स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सभी कलाकारों की जोशीली और ऊर्जावान प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन के हर पहलु में उत्साह और आनंद होता है, और हर राज्य अपने त्योहारों, स्थापना दिवस, और सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से अपनी विविधता को प्रदर्शित करता है। पंजाब को नदियों का प्रदेश बताते हुए राज्यपाल ने भाखड़ा नांगल डैम की चर्चा करते हुए राज्य को धन-धान्य का भण्डार बताया।

उन्होंने प्रदेश के रंग-बिरंगे परिधान, संस्कृति, खान-पान आदि का उल्लेख किया। राज्यपाल ने पंजाब को देशभक्ति से प्रेरित राज्य बताते हुए कहा कि पंजाब से सबसे अधिक सैनिक सेना में शामिल होते हैं और सेना में पंजाब रेजीमेंट की अहम भूमिका है। उन्होंने पंजाब के प्रसिद्ध स्थलों जैसे भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के समाधि स्थल हुसैनीवाला, जलियांवाला बाग और स्वर्ण मंदिर का उल्लेख किया। राज्यपाल ने पंजाब की विशिष्टता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि पंजाबियों की परंपरा है कि वे लंगर में बिना किसी भेदभाव के सभी को सेवा देते हैं।

उन्होंने पंजाब की संस्कृति को उच्च मानवीय मूल्यों से प्रेरित बताया और कहा कि यहां की सेवा की परंपरा हर पीढ़ी द्वारा निभाई जाती है। राज्यपाल ने पंजाब की प्रमुख समस्या के रूप में युवाओं में 'ड्रग्स' के प्रभाव को रेखांकित किया और राज्य और केंद्र सरकार से युवाओं को इस संकट से बाहर निकालने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पंजाब को ड्रग्स से मुक्त कराने का तथा युवा धन को बचाने का आह्वान किया।समारोह में पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करने के लिए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और पंजाब से आए कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक नृत्य जैसे गिद्दा, भांगड़ा और झूमर एवं अन्य स्थानीय नृत्य की जोशीली प्रस्तुतियाँ दी गईं।

इसके अलावा पंजाब की संस्कृति, खानपान, परिधान, हस्तकला, लोक कला, महत्वपूर्ण स्थल, और महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी और रंगोली का अवलोकन भी राज्यपाल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, नरेंद्र बंसल, निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर, नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह और पंजाब से आए विभिन्न अतिथिगण, राजभवन के अधिकारी एवं कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

# डीएम ने धान क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी



- धान क्रय केंद्र पर साफ-सफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के दिये निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

बुधवार को जिलाधिकारी श्रीमती नेहा शर्मा ने तहसील सदर गोण्डा के अंतर्गत खाद्य एवं रसद विभाग उ0प्र0 द्वारा संचालित राजकीय धान क्रय केंद्र इटियाथोक व एक बी का औचक निरीक्षण कर ली जानकारी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वहां पर बाटमाप की जानकारी, स्टॉक रजिस्टर, खरीद रजिस्टर, किसान पंजीकरण रजिस्टर, तथा अन्य सारी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। धान क्रय केंद्र पर निरीक्षण के दौरान मौके पर 30 कुंतल धान खरीद पाया गया। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि किसानों से मुलाकात कर अधिक से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित संबंधित धान क्रय केंद्र के केंद्र प्रभारी एवं अन्य अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा है कि धान क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी दशा में वापस ना किया जाए तथा केंद्र पर उनके बैठने की व्यवस्था, पानी पीने की व्यवस्था, लाइट की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, साफ सफाई सहित अन्य सारी व्यवस्थाएं तैयार रखें, ताकि धान विक्रय करने वाले किसानों को क्रय केंद्र पर किसी भी प्रकार की कोई समस्या न होने पाए। इसके साथ उन्होंने कहा कि किसानों के द्वारा विक्रय किए गए धानों का भुगतान 48 घंटे के अंदर करना सुनिश्चित करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाय, तथा वहां पर उपस्थित केंद्र प्रभारी को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित लक्ष्य से अधिक धान खरीद करना सुनिश्चित करें। वहीं निरीक्षण के दौरान केंद्र पर धान विक्रय करने के लिए आए हुए किसानों को माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। इस अवसर पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा, यूपी पीसीयू प्रबंधक जितेंद्र वर्मा, केंद्र प्रभारी राम उजागर चौरसिया, संबंधित सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सुहेल देव पार्टी के जिलाध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज



- खड़ी कार में स्कॉर्पियो से ठोकर मारने का आरोप

मनकापुर/ गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

खड़ी गाड़ी में ठोकर मारने के आरोप में सुहेल देव पार्टी के जिलाध्यक्ष राधेश्याम उर्फ पप्पू राजभर पर मनकापुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।पीड़ित ने पप्पू राजभर पर गाड़ी में ठोकर मारने का आरोप लगाते हुए मनकापुर पुलिस में शिकायत की थी। मनकापुर पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में फैजान अहमद पुत्र अब्दुल रऊफ ने बताया है की वह मोहल्ला पटेल नगर थाना मनकापुर का निवासी है। 23 अगस्त को उसके घर के सामने उसकी कार खड़ी थी, तभी सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी का झंडा लगे काली स्कॉर्पियो UP 32 HA 5051 ने ठोकर मार दी। जिससे उसकी कार क्षतिग्रस्त हो गई।जब तक आस पास मौजूद लोगो ने स्कॉर्पियो सवार को रोकने की कोशिश की तब तक वह गाड़ी तेज़ रफ्तार से लेकर भाग गया।जो घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसका फूटेज उसके पास मौजूद है। जानकारी की गई तो पता चला की गाड़ी सुहेल देव पार्टी के जिलाध्यक्ष राधेश्याम उर्फ पप्पू राजभर चला रहा था। पीड़ित के अनुसार जब उससे बात की गई तो उसने कहा की उसकी गाड़ी में जो नुकसान हुआ है वह सही करा देगा। कोई कानूनी कार्रवाई न करें। मगर लगातार 2 महीनों तक उसने अपनी झूठी बातों में उलझाए रखा, और अब वह यह कहते हुए मना कर रहा है की गाड़ी सही नहीं कराएगा। आरोप है की वह यहाँ नहीं खुद को सुहेल देव पार्टी का जिलाध्यक्ष बता कर कह रहा की उसकी पहुँच ऊपर तक है, जो करना है कर लो। फ़िलहाल पीड़ित की शिकायत पर मनकापुर पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच कर रही है।

# दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत, दूसरा गंभीर



- परिजनों में मचा कोहराम, गांव में शोक का माहौल

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र अन्तर्गत टिकरी मार्ग पर मंगलवार की देर शाम दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिये अस्पताल ले जाते समय एक की मौत हो गई तथा दूसरे की हालत गंभीर बताई जाती है। इससे परिजनों में कोहराम मचा है और गांव में शोक का माहौल है। मिली जानकारी के मुताबिक वजीरगंज थाना क्षेत्र के बक्काही करनीपुर निवासी ज्ञानचन्द्र यादव व पुत्र श्रीराम यादव (50) गाँव के ही सुजीत पुत्र इन्द्र (24) के साथ अपनी स्प्लेंडर बाईक से वजीरगंज बाजार कुछ सामान लेने आया था। वहाँ से वह देर शाम सामान लेकर जब वापस टिकरी रोड पर छौंगुर पुरवा स्थित अपने सड़क वाले घर लौट रहा था,तभी घर के मोड़ पर सामने से आ रहे हीरो पैशन सवार अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी। इस हादसे में ज्ञानचंद्र व सुजीत गंभीर रूप से घायल हो गये।हादसा होते ही पैशन बाइक सवार वहाँ से बाइक छोड़कर भाग गया। इस दौरान वहाँ पहुंचे आसपास के लोगों की मदद से परिजनो ने दोनों घायलों को लेकर आनन-फानन में जिला चिकित्सालय रवाना हो गये। जहाँ रास्ते में दुमरियाडीह के पास ज्ञानचन्द्र की मौत हो गई। वहीं सुजीत का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। घटना की जानकारी पुलिस को होने पर उसने दोनो बाइकों को कब्जे में लेकर थाने ले आई व मृतक के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिये जनपद मुख्यालय भेज दिया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जाँच की जा रही है।

### बेटे को मेरठ भेजना था, उसी के लिये लाने गया था सामान

ज्ञानचन्द यादव के बेटे श्रवण कुमार (23) को बुधवार को मेरठ विश्वविद्यालय में बीएससी ऐ.जी. की काउंसलिंग के लिये जाना था। उसी के लिये कुछ जरूरी सामान लाने ज्ञानचंद वजीरगंज बाजार गया था,जहाँ से लौटते समय घर के पास मोड़ पर हुये हादसे में उसकी जान चली गई। बीते मंगलवार की रात में हुये हादसे में अपनी जान गँवाने वाले ज्ञानचन्द की पत्नी सीमा व अन्य परिजनों में कोहराम मचा हुआ है, सभी के चीत्कार से पूरे गाँव में शोक का माहौल है।

## छठ पूजा के दृष्टिगत डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित कराया इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर



गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। छठ पूजा के पावन अवसर पर जनपद के सभी श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कलेक्ट्रेट परिसर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर स्थापित कराया है। जनपद में किसी भी प्रकार की आपदा या आपात स्थिति में सहायता प्रदान करने के लिए टीम को तैयार कर दिया गया है। जनपद में किसी भी समस्या की समाधान कराने के लिए हेल्पलाइन नंबर- 05262-230125, 05262- 358560 पर तत्काल फोन करके सूचना दे सकते हैं। छठ पूजा त्योहार के दृष्टिगत सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि पूजा के दौरान सभी नियमों का पालन करें, और प्रशासन का सहयोग करें, आपकी सुरक्षा और सुखद छठ पूजा की कामना करते हुए प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

# चकसड़ में महालूट : मनरेगा योजना में लाखो का बंदरबांट

- पुरानी फ़ोटो अपलोड कर चलाई जा रही मनरेगा योजना
- बिना काम कराए फर्जी मस्टर रोल के जरिए सरकारी धन का बंदरबांट





गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

मोदी और योगी सरकार जिस मनरेगा योजना से हिन्दुस्तान की तस्वीर बदलने का दावा किया गया,उसकी जमीनी हकीकत आप देखेंगे तो चौंक जाएंगे जिस योजना ने मोदी को तीसरी बार दिल्ली की सत्ता दिला दी,उस योजना में भ्रष्टाचार का दीमक लग गया है।ग्रामीण विकास विभाग की मनरेगा योजना जिले में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है।यहां अधिकारियों की साठ गांठ से फर्जी मस्टर रोल के जरिए बिना काम कराए ही भुगतान लेने का खेल बड़े पैमाने पर चल रहा है। सब कुछ जानते हुए भी जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। जिले के विकास खंड झंझरी में फर्जी मानव दिवसों का सृजन कर बड़े पैमाने पर सरकारी धन की बंदरबांट का मामला सामने आया है। यहां ऐसे साक्ष्य मिले हैं,जो मनरेगा में लूट के आरोपों की पुष्टि करते हैं। दरअसल, झंझरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत चकसड़ में कागज पर तो मजदूरों को काम करते हुए दिखाया गया है,लेकिन वास्तविकता के धरातल पर उक्त कार्य अवधि में उनके काम करने का साक्ष्य ही मौजूद नहीं है।इस ग्राम पंचायत में मनरेगा के मस्टर रोल में लगातार अक्टूबर और नवंबर माह में कभी 40 का एक मास्टर रोल तो कभी 70 का तो मास्टर रोल तैयार किया गया है। लल्लन के घर से लेकर कजरी के घर तक मजदूरों को मिट्टी भराई का कार्य करते हुए दिखाया गया है,लेकिन धरातल पर उस अवधि में काम होने का साक्ष्य मौजूद नहीं है।इस संबंध में जब ग्राम प्रधान से जानकारी दूरभाष पर लेने की कोशिश की गई तो उनके फोन की घंटी बजती रही और उनका फोन नहीं उठा, वैसे सवाल यह उठता है कि बिना ब्लॉक के अधिकारियों की जानकारी के मस्टर रोल कैसे तैयार किया जा रहा है? ऐसे में इस आशंका को भी बल मिलता है कि मनरेगा में बड़े पैमाने पर घोटाला चल रहा है,जो बड़े पैमाने पर है। मनरेगा प्रावधानों के मुताबिक कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित तथा प्राधिकृत मस्टर रोल को कार्य के दौरान कार्यस्थल पर रखा जाता है और रोजगार सहायक उस पर मजदूरों की हाजिरी बनाते हैं।संबंधित पंचायत के तकनीकी सहायक अभियंताओं द्वारा किए गए कार्य की मापी भी होती है और उसे एमबी बुक में अंकित किया जाता है, लेकिन विकास खंड झंझरी की ग्राम पंचायत चकसड़ ऐसा नहीं हो रहा है बल्कि यहां इसमें गंभीर अनियमितताएं देखने को मिल रही हैं। स्थल पर इस वर्ष अक्टूबर और नवंबर माह में कभी 40 का एक मास्टर रोल तो कभी 70 का तो मास्टर रोल तैयार किया गया है।इस अवधि में दो कार्य के लिए नव मस्टर रोल जारी किए गए लेकिन कार्यस्थल पर जो साक्ष्य मिले वह संवाददाता के पास मौजूद हैं।

मिले साक्ष्यों से साफ जाहिर होता है कि इस अवधि में उस जगह पर कोई भी कार्य नहीं हुआ है।मस्टर रोल की कार्य अवधि की अंतिम तारीख दो नवंबर की समाप्ति के बाद भी स्थल पर थोड़ी सी भी नई मिट्टी पटाई नहीं दिखाई दी।इसके विपरीत वहां पर महीनों पूर्व में भरी गई मिट्टी पर घासें लहलहाती नजर आ रही हैं।

# जंगल सफारी के साथ बोटिंग का आनंद लेंगे पर्यटक



- वन मंत्री ने कतर्नियाघाट में पर्यटन सत्र का किया उद्घाटन

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में स्थित कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र का शुभारंभ बुधवार को मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना मंत्री ने किया। इस दौरान थारू जनजाति द्वारा बनाए गए विभिन्न कलाकृति भी दिखाए गए। पर्यटन सत्र का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में रखा गया। जिसमें बुधवार को दोपहर दो बजे कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर (घड़ियाल सेंटर) पर तैयारियों के बीच वन विभाग, वन निगम, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, गजमित्र (न्यूज़), बाघमित्र की टीम व स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में वन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में की शुरुआत वन मंत्री व विधायक ने दीप प्रज्वलित कर किया। मंत्री सक्सेना ने पर्यटन मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व उपलब्धियों को बताया गया। एफडी ने नेचर प्रटेशन सेंटर में मौजूद लोगों को प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इस पर्यटन सत्र की व्यवस्थाएं और विशेषताएं बताया।जिसके बाद उद्घाटन के दौरान मंत्री सक्सेना ने विधायक व वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ जिनान जिप्सी से जंगल सफारी व बोटिंग को हरी झंडी दिखाकर पर्यटन सत्र का शुभारंभ किया। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया कि पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही कतर्नियाघाट व निशानगाड़ा रेंज के घने जंगलों में जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान सुधीर शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव, संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पीपी सिंह सीएसएफ, अदिति शर्मा सीएसएफ, विधायक सरोज सोनकर, राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष, प्रीतम निषाद प्रधान प्रतिनिधि, इकरार अंसारी प्रधान, घुरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, मुकेश चन्द्रा मुख्य विकास अधिकारी, अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, डीएलएम वन निगम नारायण सिंह गुसाल, रेंजर कतर्नियाघाट आशीष गौड़, वन दरोगा मयंक पांडे, रेंजर मुर्तिहा रतनेश कुमार, रेंजर सुजौली रोहित कुमार, रेंजर निशानगाड़ा सुरेंद्र श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी डब्ल्यूडब्ल्यूएफ दबीर हसन समेत अन्य मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद में खूनी खेल, युवक की पीट पीटकर हत्या, पांच के खिलाफ केस दर्ज

- जमीनी विवाद में वारदात को दिया अंजाम पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

जिले के बंजरिया गांव निवासी एक व्यक्ति की उसके पड़ोसी लोगों ने रात में पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली नानपारा अंतर्गत ग्राम पंचायत बंजरिया के मजरा दुगो निवासी शकील उर्फ भूरे (45) पुत्र जमील का अपने पड़ोसी रहीश, मनऊ और भद्दर आदि से जमीनी विवाद चल रहा है। जमीनी विवाद के चलते मंगलवार रात को शकील और रहीश समेत अन्य से विवाद हुआ। विवाद के दौरान रात 10 बजे सभी ने शकील की लाठियों से पीट कर हत्या कर दी। इसके बाद सभी फरार हो गए। शकील की मौत से परिवार में चीत्कार मच गया। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिया भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए, भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पांच लोगों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार किए, जाएंगे।

## ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, मां की मौत, बेटे की हालत गंभीर

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। दरगाह थाना क्षेत्र में रहने वाले साजिद अपनी मां शकिरा को बाइक से जिला अस्पताल दवा लेने जा रहा था जब वह बहराइच भिनगा मार्ग पर स्थित रेशम फॉर्म के पास पहुंचे तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। लोगों ने हादसे की सूचना दरगाह पुलिस को दी जानकारी पर पहुंची पुलिस जब तक इलाज के लिए दोनों को अस्पताल भेजती शकिरा की मौत हो गई। सूचना पर रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। दरगाह थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क हादसे में एक महिला की मौत हुई है शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की बैठक संपन्न

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 4 दिसम्बर 2024 को होने वाले परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण को बहुत ही निष्पक्ष एवं शुचिता पूर्वक आयोजित किये जायें। इस राष्ट्रीय सर्वेक्षण का निरीक्षण जनपद स्तरीय, राज्य स्तरीय एवं अन्य टीमों के द्वारा किया जाएगा। जिसमें समस्त परिषदीय विद्यालय, समस्त मदरसा, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय हाईस्कूल, सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालय, स्ववित्त पोषित विद्यालय, सीबीएसई बोर्ड से सम्बद्ध विद्यालय तथा आईसीएसई से सम्बद्ध समस्त विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 03, कक्षा 06 तथा कक्षा 09 के विधार्थियों को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अंतर्गत ओएमआर सीट भरने का अभ्यास सम्बन्धित विद्यालय द्वारा कराया जा रहा है। कक्षा 03 में अध्ययनरत बच्चों से 45 प्रश्न तथा निर्धारित समय 90 मिनट, कक्षा 06 के अध्ययनरत बच्चों के लिए 51 प्रश्न और समय 90 मिनट, कक्षा 09 में अध्ययनरत बच्चों से 60 प्रश्न समय 120 मिनट तथा प्रश्नों का उत्तर अंकित किये जाने के लिए समय निर्धारित है। विद्यालय मे अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों को 30 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जायेगा।

## खाद के स्टॉक में मिला अंतर तो लाइसेंस किया निलंबित

एसडीएम के साथ कृषि विभाग की टीम ने की जांच



बहराइच, समृद्धि न्यूज़। जिले के बरखुर्दारपुर में संचालित खाद की दुकान का मंगलवार को एसडीएम और अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया। स्टॉक और गोदाम में उपस्थित खाद में खामियां मिली। जिस पर दुकान का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है।कैसरगंज तहसील के बरखुर्दारपुर में संचालित जियाउद्दीन खाद बीज भण्डार का निरीक्षण ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला कृषि रक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार ब्रह्मादीन यादव भी उपस्थित रहे। जांच में दुकान संचालक जियाउद्दीन द्वारा खाद की उपलब्धता और स्टॉक की सही जानकारी नहीं दी गई। पीओएस मशीन से रिकॉर्ड की जानकारी और भौतिक स्टॉक में बड़ी खामियां पाई गई। निरीक्षण में एनपीके की 61 बोरी, जिंक युक्त सिंगल सुपर फास्फेट की 108 बोरी और डीएपी की 10 बोरी का अंतर मिला ग्रह अंतर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के नियमों का उल्लंघन है। उपजिलाधिकारी आलोक प्रसाद ने इन खामियों को गंभीरता से लेते हुए जियाउद्दीन का उर्वरक प्राधिकार पत्र (लाइसेंस) निलंबित कर दिया और उनसे स्पष्टीकरण मांगा है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सभी सहकारी और निजी उर्वरक दुकानों की हफ्ते में दो बार स्टॉक जांच के निर्देश दिए हैं। इस कार्रवाई के बाद खाद विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है।

# तहसील समन्वय समिति की बैठक एसडीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न

- विद्यालयों में होंगे बाल विवाह विरोधी कार्यक्रम
- परिवार नियोजन कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभागों का समन्वय आवश्यक : एसडीएम



बहराइच समृद्धि न्यूज़

स्वास्थ्य विभाग के मार्गदर्शन में मोबिसस फाउंडेशन की वित्तीय सहायता से पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित उम्मीद परियोजना के अंतर्गत एक अंतर्विभागीय बैठक का आयोजन तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी सम्मिलित हुए।बैठक का मुख्य उद्देश्य परिवार नियोजन और बाल विवाह उन्मूलन कार्यक्रमों में विभागीय समन्वय को सुनिश्चित करना था। पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के बी.के. जैन ने बताया कि उम्मीद परियोजना के तहत सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन कॉर्नर की स्थापना, किट वितरण और स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जरवल ब्लॉक में बाल विवाह विरोधी अभियान की प्रगति पर भी जानकारी दी, जिसमें स्कूलों और समूह बैठकों के माध्यम से जागरूकता फैलाई जा रही है।बैठक में उपस्थित इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्यों ने सुझाव दिया कि विद्यालयों में बाल विवाह विरोधी कार्यक्रमों की शुरुआत की जा सकती है और पैरेंट्स-टीचर मीटिंग में इस विषय पर चर्चा कर जागरूकता बढ़ाई जा सकती है। इस बैठक में पयागपुर, हुजूरपुर और विश्वेश्वरगंज के एडीओ पंचायत, एडीओ (आईएसबी), सीडीपीओ, खंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, एनआरएलएम के ब्लॉक मिशन मैनेजर, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के कन्नन, बीपीएम अनुराग और ममता, पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया से अभिषेक पाठक और साफिया तथा टीएसयू से राम बरन समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

### बाल विवाह विरोधी कार्यक्रमों पर विशेष जोर

उपजिलाधिकारी दिनेश कुमार ने कहा, सभी विभागों के समन्वित प्रयासों से बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त किया जा सकता है। पयागपुर, विश्वेश्वरगंज और हुजूरपुर के विद्यालयों में बाल विवाह विरोधी कार्यक्रमों का आयोजन कर किशोर-किशोरियों को जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि सेवाओं को समुदाय तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने के लिए हर संभव कोशिश करें।

### आपसी समन्वय से परिवार नियोजन कार्यक्रम को मिलेगा बल

पयागपुर के खंड विकास अधिकारी दीपेन्द्र पाण्डेय ने परिवार नियोजन पर लघु फिल्म का प्रचार में उपयोग करने का सुझाव दिया, जबकि विश्वेश्वरगंज के खंड विकास अधिकारी सर्वेश तिवारी ने कोटेदारों और एन.आर.एल.एम. समूहों को कार्यक्रम में शामिल करने का निर्देश दिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षक आभास अंकुर और धीरेन्द्र तिवारी ने विभागीय समन्वय के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इस प्रकार की बैठकें न केवल परिवार नियोजन कार्यक्रम की प्रगति को गति देंगी, बल्कि जागरूकता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होंगी।



## राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारम्भ

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन से संबद्ध स्व. मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का गुरुवार को इंदिरा स्टेडियम में शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर रवि गिरी महराज ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, एमएलसी पदमसेन चौधरी, विधायक सुरेश्वर सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, नगर पालिका चेयरमैन सुधा देवी मौजूद रहे। टूर्नामेंट के संयोजक श्याम करण टेकड़ीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता चार दिवस तक खेली जाएगी, प्रदेश के अंडर 15, अंडर 17, बालक- बालिका व पुरुष-महिला ओपेन सिंगल डबल्स संवर्ग के लगभग 250 खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं।निर्णायक के रूप में शकील, बरखा गुप्ता , रिया सिंह, अशराज, मोनिस खान व मैच कंट्रोलर प्रवीण राज मौजूद रहे। टूर्नामेंट समन्वयक एस. आर. अंसारी रहे। प्रतियोगिता की शुरुआत में डीएम मोनिका रानी, एसपी वृंदा शुक्ला ने बैडमिंटन कोर्ट में उतरकर बैडमिंटन रैकेट से दो दो हाथ आजमाए।

# कंगारू केयर से खिल रहा तराई का बचपन | 2600 से अधिक प्रीमैच्योर शिशुओं को मिला नया जीवन

- प्रदेश में सबसे कम वजन के शिशु को स्वस्थ करने का रिकॉर्ड
- 90 फीसदी से अधिक है स्वस्थ होने की दर
- राइस संस्था के सहयोग से प्रशिक्षित हो रहे परिवार
- प्रदेश का पहला केएमसी पायलट प्रोजेक्ट बहराइच में





बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

इंडो-नेपाल बॉर्डर के गांव फकीरपुरी की रूपा अपने 28 हफ्ते के प्रीमैच्योर शिशु को एक विशेष «कवच» में अपने सीने से लगाए रहती हैं, जैसे मादा कंगारू अपने शिशुओं के लिए करती है। अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. असद अली फोन कॉल्स के माध्यम से रूपा को शिशु की देखभाल में मार्गदर्शन देते हैं और प्रशिक्षित नर्सें उनके घर जाकर माँ और परिवार को शिशु के तापमान, पल्स, और अन्य जरूरी संकेतों की निगरानी करना सिखाती हैं। ताकि आपात स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क किया जा सके। हिमालय की तलहटी में कंगारू मदर केयर (केएमसी) की इस विधि ने हजारों शिशुओं को नया जीवन दिया है। बहराइच मेडिकल कॉलेज के इस प्रयोग ने पिछले तीन सालों में 2600 से अधिक प्रीमैच्योर और 1800 ग्राम से कम वजन के बच्चों को स्वस्थ जीवन प्रदान किया है, इतना ही नहीं इनमें से एक 531 ग्राम का भी शिशु है जो प्रदेश का सबसे कम वजन में सरवाइव करने वाला बच्चा है। डॉ. असद बताते हैं कि यह प्रदेश का पहला पायलट प्रोजेक्ट है, जिसे अगस्त 2021 में राइस संस्था के सहयोग से शुरू किया गया था, जिसमें अस्पताल में मां की देखभाल, कंगारू मदर केयर, फोन पर परामर्श, और शिशुओं की घर-घर जाकर स्क्रीनिंग शामिल है। डॉ. असद कहते हैं, लैंसेट की रिसर्च और हमारे अनुभव बताते हैं कि मां की छाती में किसी भी मशीन से अधिक शक्ति है, और इसमें कोई खर्च नहीं आता। कंगारू मदर केयर के प्राकृतिक तरीकों से माँ और शिशु का जुड़ाव बढ़ता है, स्तनपान बेहतर होता है, और शिशु का वजन तेजी से बढ़ता है। यही कारण है कि इस परियोजना की सफलता दर 90 फीसदी से अधिक रही है। मां के अस्वस्थ होने पर, परिवार का कोई भी स्वस्थ सदस्य केएमसी दे सकता है। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. संजय खत्री बताते हैं कि हर महीने औसतन 70 प्रीमैच्योर शिशुओं की केएमसी विधि से देखभाल की जाती है। 15 प्रशिक्षित नर्सों की टीम 100 किमी तक यात्रा कर 6-8 घंटे तक शिशुओं की निगरानी करती हैं और माताओं को देखभाल के तरीके सिखाती हैं। परियोजना के तहत प्रदेश का सबसे बड़ा 17-बेड का कंगारू मदर केयर वॉर्ड स्थापित किया गया है, जहां माताओं को कंगारू मदर केयर और स्तनपान के महत्व पर जागरूक किया जाता है।

### सीमित संसाधनों में कारगर है कंगारू केयर



डॉ. असद के अनुसार प्रदेश में हर 1000 में से 43 शिशु जन्म के बाद जीवित नहीं रह पाते, जिनका मुख्य कारण प्रीमैच्योरिटी (37 हफ्ते से पहले) और जन्म के समय कम वजन (2500 ग्राम से कम) है। हर साल प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में करीब 1.5 लाख प्रीमैच्योर शिशु जन्म लेते हैं, लेकिन सभी की अस्पतालों में पूरी देखभाल संभव नहीं होती। ऐसे में कंगारू मदर केयर घर पर देखभाल का एक कारगर विकल्प साबित हो रहा है।

डलमऊ का कार्तिक पूर्णिमा मेला

# आधी-अधूरी तैयारियों के बीच मेला होगा संपन्न

- पशु मेला नहीं लगने से संत समाज एवं स्थानीय लोगों में भारी रोष
- डलमऊ के महाकुंभ प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला कागजों पर दिख रही तैयारी, जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है: स्वामी दिव्यानंद महाराज
- एक महीना पूर्व कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर की गई थी बैठक, तैयारियां शून्य



**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ के ऐतिहासिक क्रांति कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी के लेकर प्रशासन की सस्ती साफ तौर से दिखाई पड़ रही है डलमऊ के महाकुंभ कहे जाने वाले विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी को लेकर प्रशासन द्वारा कागजों पर तैयारियां पूर्ण दिखाई जा रही हैं जबकि जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है क्रांति कार्तिक पूर्णिमा को लेकर ना तो अभी तक घाटों के रंग रोगन की तैयारी की गई हैं और ना ही दिशा निर्देश एवं जागरूकता के संदेश दिखाई पड़ रहे हैं लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रशासन द्वारा रात्रि विश्राम के लिए कोई सुविधा नहीं की गई है ना ही पार्किंग की कोई व्यवस्था की गई है घाटों की साफ सफाई एवं वेरी कटिंग की व्यवस्था कहीं दिखाई नहीं पड़ रही है विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला की कुछ ही दिन शेष बचे हुए हैं आने वाली 15 तारीख को कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन होना है जिसमें जनपद एवं गैर जनपदों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए गंगा तट डलमऊ पहुंचते हैं प्रशासन की कागजी तैयारी के बीच गंगा स्नान को लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को खुले आसमान के नीचे रात्रि विश्राम करने के लिए मजनू दूर होना पड़ेगा वही गंगा नदी में बेरी कटिंग ना होने के चलते श्रद्धालुओं के साथ बड़ी हो अनहोनी होने की आशंका बनी रहेगी मेला को जाने वाले मार्ग पर कटीली जंगली झाड़ियां की साफ सफाई नहीं हुई है वही कस्बे के मुख्य मार्गों का दुरुस्तीकरण का कार्य अभी तक शुरू नहीं किया गया है वही डलमऊ में लगने वाला ऐतिहासिक पशु मेला इस बार प्रशासन द्वारा स्थगित कर दिए जाने से संत समाज एवं स्थानीय लोगों में भारी रोज दिखाई पड़ रहा है एक माह तक चलने वाले ऐतिहासिक पशु मेला को लेकर दूर-दूर से आने वाले पशु व्यवसाई इस बात की जानकारी न होने के कारण पशुओं की खरीद फरोक्त के लिए मेला स्थल पहुंच रहे हैं जहां पर अव्यवस्थाओं का अंबर दिखाई पड़ रहा है जिसके चलते पशुओं एवं व्यापारियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है एक महापूर्व कार्तिक पूर्णिमा तैयारी को लेकर सभी विभागों की बैठक डलमऊ तहसील सभागार में आयोजित की गई थी जिसमें विभागों के अधिकारियों को समय रहते कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए थे कार्तिक पूर्णिमा तैयारी को लेकर बुधवार को उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव ने मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया और कर्मचारियों को मेला की तैयारी में तेजी लाने के लिए निर्देशित किया कार्तिक पूर्णिमा मेला के 9 दिन शेष बचे हुए हैं उसके बाद भी जमीनी स्तर पर तैयारी आधी अधूरी दिखाई पड़ रही है ऐसे में कार्तिक पूर्णिमा गुस्सा कुशल निपटाना प्रशासन के लिए तेढी खीर होगा अब देखने वाली बात होगी की आधी अधूरी तैयारी के बीच कार्तिक पूर्णिमा मेला प्रशासन कैसे संपन्न करता है।

### उप जिलाधिकारी डलमऊ ने कहा



उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि मेला की तैयारियां जोर-जोर से चल रही हैं कार्तिक पूर्णिमा मेला को 5 जोन और 37 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें तहसील एवं जिले स्तर के अधिकारियों की तैनाती की गई है स्नान घाटों एवं मेला मार्गों की साफ सफाई की जा रही है प्रकाश आदि की व्यवस्था की तैयारियां जोरों पर हैं मेला को लेकर सभी अधिकारी एवं कर्मचारी तैयारी में जुटे हुए हैं गंगा तट पर श्रद्धालुओं को आसानी से पहुंचने के लिए गंगा तट के निकट बस स्टॉप बनाए जाने के लिए स्थान का चयन कर लिया गया है ट्रैफिक एवं शांति व्यवस्था को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई हैं लाखों की संख्या में गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा स्नान में किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो नहीं पाए इसके लिए तैयारी की जा रही।

### क्या कहती हैं अधिशासी अधिकारी आरती श्रीवास्तव



नगर पंचायत डलमऊ की अधिशासी अधिकार की आरती श्रीवास्तव ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर तैयारियां जोरों से की जा रही है घाटों एवं मेला मार्गों की साफ सफाई एवं प्रकाश की व्यवस्था की जा रही है गंगा में बेरी कटिंग का कार्य कार्तिक पूर्णिमा स्नान किए दो दिन पूर्व पूरा कर लिया जाएगा कार्तिक पूर्णिमा मेला को लेकर हम सभी जोर-शोर से लगे हुए हैं कार्तिक पूर्णिमा स्नान पार्वती पूर्व सारी तैयारियां पूरी कर ली जाएगी गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो यह हम सब की प्राथमिकता होगी।

### मेले को लेकर कागजों पर पूर्ण दिखाई पड़ रही है तैयारियां: स्वामी दिव्यानंद महाराज



सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि विशाल ऐतिहासिक प्रांतीय कार्तिक पूर्णिमा मेला डलमऊ की तैयारी कागजों पर पूरी दिखाई जा रही है जबकि जमीन पर तैयारी कुछ भी नहीं दिखाई पड़ रही हैं लाखों की संख्या में गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को ठहरने के लिए रैन बसेरे की व्यवस्था प्रशासन द्वारा नहीं की गई है घाटों के रंग रोगन बैरीकेटिंग पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई है जिससे गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहन को खड़ा करने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ेगा स्वामी दिव्यानंद ने बताया कि गंगा स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा तट तक पहुंचाने के लिए अस्थाई बस अड्डा बनाया जाए तथा बैलगाड़ियों से आने वाले श्रद्धालुओं को गंगा तट के करीब ठहरने एवं रात्र विश्राम की उचित व्यवस्था का कोई इंतजाम नहीं किया गया है कार्तिक पूर्णिमा मेला से पूर्व डलमऊ में लगने वाले ऐतिहासिक पशु मेला प्रशासन द्वारा स्थापित कर देना बाद ही निंदनीय है मेला की तैयारीयों की अवस्था की शिकायत उन्होंने उप जिलाधिकारी डलमऊ से की है इसके बाद भी इस पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है उन्होंने कहा कि जल्द ही वह जिला अधिकारी से मिलकर मेला तैयारियां की अवस्था की शिकायत करेंगे।

# राहुल के फोन काल से खुली महिला सुरक्षा के दावों की पोल

- डीएम से पूछा- मेरा फोन नहीं उठता, ये सुरक्षा है आपकी?

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

दिशा की बैठक के दौरान मंगलवार को सांसद राहुल गांधी के सामने रायबरेली में महिला संरक्षण और सुरक्षा योजनाओं की पोल खुल गई। डीएम हर्षिता माथुर जब जिले में महिला संरक्षण-सुरक्षा योजनाओं का बखान किया तो राहुल ने अपने मोबाइल से हेल्पलाइन नंबर 181 को डायल कर दिया। इस दौरान हेल्पलाइन नंबर से किसी ने कॉल रिसीव नहीं की। इस पर राहुल बोले-मेरा ही फोन नहीं उठा तो कैसी सुरक्षा है आपकी। राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र में पहली बार अनुश्रवण समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। रायबरेली सांसद राहुल गांधी मंगलवार को पहली बार जिले के विकास और अनुश्रवण समिति की बैठक में शामिल हुए। उनके सामने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विकास योजनाओं की फाइलें पलटनी शुरू की। सात नंबर एजेंडे के तहत महिला सुरक्षा का मुद्दा उठा। इसपर डीएम जिले में महिला सुरक्षा के क्षेत्र में तमाम उपलब्धियां गिनाने लगीं। उन्होंने बताया कि डायल 181 कॉल सेंटर के जरिए 1 अप्रैल 2022 से 30 सितंबर 2024 तक 74 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका निस्तारण कर दिया गया। सीधे सेंटर पर इसी अवधि के दौरान 1506 मामले आए और सभी का निस्तारण किया गया। इसी तरह 766 मामलों का फॉलोअप किया गया, जिसमें



137 का निस्तारण हो चुका है। बताया कि जिले में मिशन शक्ति 0.5 और वन स्टाप सेंटर के जरिए महिला सुरक्षा और संरक्षण की कवायद की जा रही है।

**राहुल ने मुस्कुराते हुए फोन निकाला और कर दिया डायल 181:** डीएम फाइलों में नजर गड़ाए उपलब्धियां गिनाने में व्यस्त थीं। मिशन शक्ति पर उनकी बात थोड़ी ठहरी तो राहुल गांधी ने मुस्कुराते हुए अपना फोन निकाला। डीएम की ओर मुखातिब होकर उन्होंने उसी महिला सुरक्षा के कॉल सेंटर का नंबर 181 डायल किया, डीएम जिसके तारीफों के पुल बांध रही थीं। राहुल से पूरी बेल बजने दी लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। इसपर फिर से मुस्कुराकर डीएम की ओर देखे और बोल पड़े......मैडम सांसद का फोन नहीं उठा तो बताइए पीड़ित महिलाओं को क्या रेस्पॉस मिल रहा होगा। डीएम को चेहरा देखकर उन्हें अंदाजा लग गया कि इनके पास कोई सटीक जवाब नहीं है। इसपर राहुल ने कहा कि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो और लोगों को समय से न्याय मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करिए।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व चेयरमैन के शांतिभोज में हजारों लोग हुए शामिल



**लालगंज रायबरेली।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश नारायण सिंह बच्चा बाबू के तेरहवीं/ शांति भोज में हजारों की संख्या में उनके चाहने वालों ने प्रसाद ग्रहण किया ।मालूम हो कि 23 अक्टूबर को पूर्व चेयरमैन का निधन हो गया था। 5 नवम्बर मंगलवार को तेरहवीं/शांति भोज कार्यक्रम संपन्न हुआ। शांति भोज कार्यक्रम में शामिल होने वालों में एसआरग्रुप के निदेशक एम.एल.सी.पवन सिंह चौहान, पूर्व विधायक सुरेंद्र बहादुर सिंह,राजद नेता अशोक सिंह रामपुरी,पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम पंजाबी सिंह, पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह, बैसवारा एजुकेशन ट्रस्ट के प्रबंधक लाल देवेंद्र बहादुर सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ अमल धारी सिंह, अरुण कुमार सिंह मुन्ना, ब्रह्म प्रकाश सिंह, डॉ महादेव सिंह, हरिनाम सिंह, विजय प्रताप सिंह, उमेश श्रीवास्तव, बच्चा पांडेय, चंद्रप्रकाश पांडेय, रोहित सोनी, राकेश सिंह भदौरिया, रवींद्रसिंह, बैसवारा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य नरेंद्र बहादुर सिंह आदि शामिल रहे।

### डॉ. नीरज श्रीवास्तव के कंधे पर एएमएस कार्यालय का भार

**रायबरेली।** रायबरेली एम्स लगभग साढ़े तीन साल तक एएमएस में सेवाओं को देते हुए और अपनी भावनाओं को साझा करते हुए खुशी हो रही है कि मैंने अतिरिक्त एमएस के लिए अपनी अतिरिक्त ज़िम्मेदारी उस तरह से पूरी की जैसा मैं चाहता था। यह एक महान अवसर और सीखने का अनुभव था और मुझे इस समूह से कुछ बहुत अच्छे जीवनपर्यंत मित्र भी मिले। मैंने अपनी ओर से यथासंभव सहयोगात्मक और समर्पित भाव से काम करने की कोशिश की, लेकिन फिर भी मुझे यकीन है कि मैं सभी अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर सका। मैंने अपने अस्पताल के ध्वज को देश में उच्चतम स्तर पर रखने का भी प्रयास किया। मैं एक डॉक्टर के रूप में मानव जाति की सेवा करना जारी रखूंगा। सभी के समर्थन और मकसद को ऊंचा रखने के लिए धन्यवाद। अब चार्ज डॉ. नीरज श्रीवास्तव को दिया गया है। वह मेरे एएमएस कार्यालय की देखभाल करेंगे।

### डीएम ने किया डाइट में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ



**बलरामपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान( डाइट) में एक दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी का शुभामंभ डीएम पवन अग्रवाल द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने विज्ञान मॉडल का अवलोकन किया एवं छात्रों से विज्ञान मॉडल के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा सभी का मनोबल बढ़ाया। डीएम ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बहुत ही अच्छे एवं नवाचार वाले मॉडल प्रस्तुत किए गए। विज्ञान मॉडल से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुझान बढ़ता है तथा उनकी सोच में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होती है। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक मृदुला आनंद, विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राएं, प्रधानाचार्य उपस्थित रहें।

### बाइकसवार को बचाने में ओवरलोड ट्रक पलटा, हादसा टला



**सादुल्लानगर बलरामपुर।** दोपहर लगभग तीन बजे के आसपास ओवरलोड ट्रक वाहन संख्या यूपी51एटी1855 अनियंत्रित बाइक सवार को बचाने में सादुल्लानगर में नेवादा मोड़ के पास पलट गया। ट्रक में क्षमता से अधिक माल भरा हुआ था।जिससे संतुलन बिगड़ने के कारण यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। लेकिन ट्रक के पलटने से सड़क पर यातायात प्रभावित हुआ है। ट्रक चालक स्वामीनाथ ने बताया कि बाइक सवार काफी तेज रफ्तार में था। और उसको बचाने के चक्कर में मोड़ के ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। चालक ने ट्रक को संभालने की कोशिश की, लेकिन भारी वजन के कारण ट्रक सीधे सड़क पर पलट गया। ट्रक चालक ने बताया कि ट्रक जगदंबा प्रसाद निवासी जानकीनगर गोंडा का है। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि ओवरलोडिंग की वजह से इस तरह के हादसे अक्सर होते हैं और इसके लिए संबंधित विभागों को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है। इस घटना के बाद, पुलिस ने ट्रक मालिक और ड्राइवर पर ओवरलोडिंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### पुलिस ने अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**उतरौला (बलरामपुर)।** अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को थाना श्रीदत्तगंज पुलिस टीम ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी नम्रिता श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अभियुक्त मेराज उर्फ मैराज को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। उपनिरीक्षक जितेन्द्र कुमार के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल सावंत सिंह और कांस्टेबल नदीम सरवर की टीम ने ग्राम कपौवा शेरपुर कर्बला के पास से अभियुक्त मेराज उर्फ मैराज को गिरफ्तार किया। इस पर थाना श्रीदत्तगंज में मुअसं. 135/2024 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 376, 315, 323, 504, और 506 के गंभीर आरोप हैं। अभियुक्त मेराज उर्फ मैराज, समीउल्लाह का पुत्र और ग्राम कपौवा शेरपुर का निवासी है। पुलिस टीम की सतर्कता और समर्पण के चलते इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया गया, जो कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के प्रयासों का हिस्सा है।

# नवागंतुक चौकी प्रभारी का पासी समाज के जिलाध्यक्ष ने किया स्वागत

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी के नवागंतुक चौकी प्रभारी का पासी समाज जिला अध्यक्ष देशराज पासी ने माला पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया। बता दे की दीपावली के आसपास पुलिस अधीक्षक द्वारा तबादला प्रक्रिया के अंतर्गत कुछ उपनिरिक्षकों को तैनाती के स्थानों से हटाकर इधर से उधर कर दिया था। इसी क्रम में थुलेंडी चौकी पर तैनात रहे वागीश मिश्रा को अटौरा चौकी की जिम्मेदारी सौंपी थी, वही अटौरा चौकी पर तैनात रहे चंदन सिंह को बछरावां थाना क्षेत्र की चौकी थुलेंडी का कार्य भार सौंपा है। जानकारी मिलते ही समाजसेवी एवं पासी समाज के जिलाध्यक्ष देशराज



पासी द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर नवागंतुक चौकी प्रभारी का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पर चौकी प्रभारी ने बताया कि मेरी प्राथमिकता शासन प्रशासन द्वारा दी गई जिम्मेवारी को निभाते हुए चौकी क्षेत्र में पीड़ित को न्याय दिलाना और शांति कायम करना है। इस मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# उपज के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लालजी कर्ण को दी गई श्रद्धांजलि

- सूचना अधिकारी अनुराग रंजन और सूचना विभाग के कर्मचारियों ने दी श्रद्धांजलि

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के दिवंगत वरिष्ठ पत्रकार एवं उपज संगठन के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल कर्ण जी को त्रयोदश संस्कार के अवसर पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। राष्ट्रीय सचिव सुरेश शर्मा ने कहा की श्री कर्ण का जाना पत्रकार जगत के लिए क्षति हैं जिसे जल्दी पूरा नहीं किया जा सकता। जिला सूचना अधिकारी अनुराग रंजन ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्री कर्ण के सरल स्वभाव एवं व्यक्तित्व के बारे



में बताया। उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट (UPAJ) के प्रांतीय महामंत्री राधेश्याम लाल जी कर्ण को श्रद्धांजलि देने के लिए रायबरेली में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में राष्ट्रीय महामंत्री (NUJ) I ) सुरेश शर्मा एवं UPAJ के प्रदेश अध्यक्ष सर्वेश सिंह,राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य राजीव शुक्ल ,प्रदेश कोषाध्यक्ष बाल मुकुंद तिवारी एवं कौशाम्बी जिलाध्यक्ष सुनील पांडेय, महामंत्री अशोक केसरवानी, मुजफ्फरनगर से प्रदेश उपाध्यक्ष फल कुमार पंवार,जिलाध्यक्ष डॉक्टर एम ए तोमर, वाराणसी से अजीत नारायण सिंह, प्रयागराज से राजीव रंजन मिश्रा, लखनऊ से हेमंत, प्रमोद कुमार, बाराबंकी से दिलीप श्रीवास्तव, गाजियाबाद से महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष सुनीता उपाध्याय सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### पति ने बेटी, बेटे व बहू संग मिल कर की पत्नी की पिटाई, घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत टांडा मजरे शेखपुर समोधा गाँव में बुधवार की सुबह तकरीबन 9 :30 बजे के आसपास पत्नी की पति ने अपने बेटे का बहू के संग पिटाई कर दी। घायल अधेड़ महिला ममता पत्नी संतोष कुमार उम्र 48 वर्ष उस समय मारपीट की घटना का शिकार हो गई, जब उसके पति संतोष कुमार बेटा ललित, बहू रीना व बेटी मोनिका एवं मोनी ने मामूली बातचीत के चलते उसकी पिटाई कर दी। पुलिस ने महिला को सीएचसी बछरावां भेजा। जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। महिला के छोटे बेटे सुमित के अनुसार बीते तीन-चार दिनों से घर में मम्मी से पापा, भाई-भाभी के बीच पैसे को लेकर विवाद चल रहा था, मम्मी द्वारा पैसे न दिए जाने पर पापा ने भाभी, भाई और बहनो के साथ मिलकर मम्मी को मारा। थाना प्रभारी ओम प्रकाश तिवारी ने बताया कि तहरीर पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में नौनिहालों ने दिखाया दम

**सादुल्लानगर/बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय विद्यालयों में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विकासखंड रेहरा बाजार के पी एम श्री कंपोजिट विद्यालय सहजौरा में अधिकारियों के निर्देशन में खेलकूद प्रतियोगिताएं हुई। जिसमें नौनिहालों ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपने दमखम का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिस्पर्धा में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियो को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रेहरा बाजार विकासखंड की बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहजौरा में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण पर कर किया। बच्चों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी। मुख्य अतिथि के सामने 100 मीटर बालक बालिका दौड़ कराई गई। 100 मीटर बालिका वर्ग में रोहणी न्याय पंचायत देवरिया आदम प्रथम स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बालक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय ओबरीडीह प्रथम व न्याय



पंचायत बूधीपुर द्वितीय रहा।खो-खो प्राथमिक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय ओबरीडीह प्रथम व न्याय पंचायत बूधीपुर द्वितीय रहा। लंबी कूद एवं ऊंची कूद में सोनी प्रजापति पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय सहजौरा की प्रथम स्थान रही। खंड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार वर्मा ने विजेताओं को मेडल पहनाकर व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सैयद अब्दुल बारी सैयद अब्दुल कारी, इरशाद अहमद (ब्लॉक मंत्री/ प्राथमिक शिक्षक संघ), कमाल अहमद (एआरपी), तुलसीराम, असगर अली, सतीश सिंह, अंकित सिंह, मोहम्मद शरीफ, आशीष सिंह, रामकरन, सत्येंद्र प्रताप आर्य, महेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, मघईराम, राबिया बसरी आदि अध्यापक उपस्थित रहे।

### डीएम ने ईवीएम वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**बलरामपुर।** डीएम / जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम / वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे कंट्रोल रूम , साफ सफाई व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया। डीएम ने समुचित साफ सफाई की व्यवस्था , सुरक्षा व्यवस्था के संबंध मे आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीपीआरओ श्रेया उपाध्याय, एक्सइन पीडब्ल्यूडी , सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# फरियादियों के कम पहुंचने से ब्लॉक दिवस फीका

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

महीने के पहले और तीसरे बुधवार को ब्लॉक दिवस का आयोजन किया जाता है। जिससे जनता की समस्याओं को ब्लॉक स्तर पर निस्तारण किया जा सके।लेकिन जानकारी के अभाव में छिटपुट लोग अपनी फरियाद लेकर पहुंच रहे हैं।

फिलहाल फरियादियों के कम पहुंचने से ब्लॉक दिवस फीका फीका नजर आ रहा है।सलोंन ब्लॉक मुख्यालय पर खंड विकास अधिकारी शशि कुमार तिवारी की अध्यक्षता में ब्लॉक दिवस का आयोजन किया गया।जानकारी के मुताबिक मात्र दो शिकायतें प्राप्त हुई। एक विकलांग संबंधित जो जिला मुख्यालय भेजा




गया। एक परिवार रजिस्टर से संबंधित शिकायत थी। जिसको संबंधित ग्राम विकास अधिकारी को बनाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रचार प्रसार के अभाव में फरियादी नदारत हैं।इस मौके पर ब्लॉक के समस्त ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक, सहायक आदि लोग मौजूद रहे।

# स्वयं सहायता समूहों को मिली सीमा स्तंभों के निर्माण की जिम्मेदारी

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने भूमि विवादों एवं राजस्व वादों में कमी लाने तथा स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर रोजगार मुहैया कराने के लिए अभिनव पहल करते हुए जनपद में सीमा स्तम्भों के निर्माण कार्य की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों को सौंपी है। बताते चलें कि जनपद में 1934 सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। जनपद में 5381 सीमा स्तम्भों लगाये जाने थे जिसमें से 3447 सीमा स्तम्भ पहले से लगे हुए हैं। स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए सीमा स्तम्भों को लगाने का कार्य शुरू भी हो गया है। निर्माण किये जाने वाले सीमा स्तम्भों में सदर तहसील में 461,



तुलसीपुर में 1139 व तहसील उतरौला में 334 सीमा स्तम्भ सहित कुल 1934 सीमा स्तम्भ शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि सीमा स्तम्भों के लगने से एक ओर जहां भूमि एवं राजस्व वादों में कमी आएगी वहीं दूसरी ओर स्वयं सहायता समूहों को स्थानीय स्तर पर रोजगार भी मुहैया हो रहा है। उन्होने बताया कि किसी भी रास्ते पर चलते समय कौन सा गांव आ गया है, या किस क्षेत्र में पहुंच गयें हैं, अब यह आसानी से पता चलेगा।

# सरकारी भूमि पर कब्जे और अतिक्रमण को रोकने के लिए उपजिलाधिकारी उतरौला ने सीमा स्तंभ लगवाए

**सादुल्लानगर/ बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

गांव में सरकारी भूमि पर कब्जे और अतिक्रमण को रोकने के लिए उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने ग्राम पंचायत विशंभरपुर में सीमा स्तंभ लगवाया। यह कदम ग्रामीणों के बीच जागरूकता बढ़ाने और उनकी जमीन का स्वामित्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उठाया गया है। राजस्व की टीम गांव में पहुंची और सबसे पहले ग्रामीणों के साथ एक बैठक आयोजित की।जिसमें उन्होंने भूमि स्वामित्व और सीमा स्तंभ के महत्व को समझाया।उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि सीमा स्तंभ लगने से सरकारी और निजी जमीनों की



स्पष्ट पहचान हो सकेगी, जिससे अवैध कब्जों और विवादों को रोका जा सकेगा। राज्य सरकार के निर्देशानुसार तहसील क्षेत्र के 334 ग्रामों में सीमा स्तंभ लगवाना है। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के विशंभरपुर ग्राम में सीमा स्तंभ लगवाया जा रहा है। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से गांव के विभिन्न स्थानों पर सीमा स्तंभ लगाए। ग्रामीणों ने इस पहल का स्वागत किया और इसे अपनी जमीन के अधिकार को सुरक्षित रखने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रमोद कुमार वर्मा ने कहा, हम हमेशा से अपनी जमीन की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहे हैं। उपजिलाधिकारी ने यह कदम उठाकर हमारी चिंता को दूर किया है। अब हमें अपनी जमीन का अधिकार सुरक्षित महसूस हो रहा है। उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने बताया कि यह कदम राज्य सरकार के निर्देशानुसार कराया जा रहा है। उन्होंने कहा, इससे न केवल ग्रामीणों को उनकी जमीन पर अधिकार मिलेगा, बल्कि किसी भी प्रकार के विवाद से भी बचा जा सकेगा।

### सीएमओ ने किया पीएचसी रेहरा बाजार का निरीक्षण



**उतरौला (बलरामपुर)।** बुधवार को सीएमओ बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार का निरीक्षण किया। निरीक्षण में राम प्रकाश यादव स्वीपर अनुपस्थित पाए गए । सीएमओ ने अनुपस्थित पाए गए कर्मी का वेतन रोकने का आदेश ने दिया। रेहरा बाजार में निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश कार्यदायी संस्था को दिया तथा एक सप्ताह में भवन को स्वास्थ्य विभाग को सौंपने का निर्देश दिया। सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेहरा बाजार डॉ चन्द्र प्रकाश को निर्देशित किया कि चिकित्सालय भवन और परिसर में साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# आत्मघाती निष्क्रियता

यह जानते हुए भी कि आम भारतीयों को आनुवंशिक रूप से गैर-संक्रामक रोग मसलन हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर व मोटापा शेष विश्व के लोगों के मुकाबले कई साल पहले हो जाता है, देश में आधे वयस्कों की शारीरिक निष्क्रियता की रिपोर्ट परेशान करती है। विश्व विख्यात मेडिकल पत्रिका लांसेट ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की मार्गदर्शिका का हवाला देते हुए बताया था कि भारतीय जींस इन गैर संक्रामक रोगों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। हमें ये रोग अन्य देशों के मुकाबले दस साल पहले हो सकते हैं। लेकिन नियमित शारीरिक श्रम से हम इन रोगों को टाल सकते हैं। विश्व जनसंख्या समीक्षा का निष्कर्ष है कि हमारा देश विश्व फिटनेस रैंकिंग में 112वें स्थान पर आता है। यही वजह है कि भारत के आधे वयस्क सामान्य शारीरिक निष्क्रियता की वजह से कई गैर संक्रामक रोगों से जूझ रहे हैं। छोटे से देश ताइवान की शारीरिक सक्रियता के प्रति जागरूकता देखिए कि फिटनेस में वह शीर्ष दस एशियाई देशों में शुमार है। दरअसल, देश में शारीरिक सक्रियता व सेहत के प्रति राष्ट्रीय सोच विकसित करने की जरूरत होती है। जिन देशों, मसलन सिंगापुर, जापान व दक्षिण कोरिया ने फिटनेस रैंकिंग में अव्वल स्थान पाया है, वहां की सरकारों ने इसके लिये विशेष प्रोत्साहन योजनाएं क्रियान्वित की हैं। जिसके फलस्वरूप सेहत को लेकर सक्रियता ने जन-आंदोलन का स्थान लिया है। कमोबेश, योग को लेकर ऐसा अभियान प्रधानमंत्री मोदी की पहल से पूरी दुनिया में शुरू हुआ, लेकिन हमने उसे 21 जून विश्व योग दिवस के आसपास सीमित कर दिया। योग हमारी दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल लांसेट की रिपोर्ट चौंकाती है कि आधे वयस्क भारतीय शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। यह प्रतिशत वर्ष 2000 में करीब बाइस फीसदी था। एक विरोधाभासी तथ्य यह है कि तब भारत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से तेरहवें स्थान पर था और आज जब भारत पांचवें स्थान पर है तो उसकी शारीरिक निष्क्रियता दुगुनी से अधिक हो गई है। ऐसे में जीडीपी वृद्धि के साथ शारीरिक सक्रियता में गिरावट का क्या यह निष्कर्ष निकाला जाए कि हम संपन्नता के साथ आलसी हो गए हैं? यानी आय बढ़ने के साथ हम शारीरिक गतिविधियों के प्रति उदासीन हो गए हैं? क्या भारतीयों की जीवन शैली शारीरिक सक्रियता के विमुख होती जा रही है? यह एक हकीकत है कि जैसे-जैसे हमारे जीवन स्तर में वृद्धि हुई और हमारा खान-पान समृद्ध हुआ, हमने प्रमाद की राह चुन ली। हम दफ्तर कार-स्कूटर से जाते हैं, आराम कुर्सी पर काम करते हैं, घर आकर सोफे पर पसर जाते हैं, टीवी,लेपटॉप व मोबाइल में डूब जाते हैं। लेकिन पैदल चलने की जहमत नहीं उठाते। हम सीढ़ी चढ़ने के बजाय लिफ्ट या एलीवेटर को तरजीह देते हैं। सब्जी मंडी कार से जाते हैं। ऑन लाइन मार्केटिंग के जमाने में हम घर बैठे ही सब कुछ हासिल कर लेते हैं। खाना ऑनलाइन मंगा लेते हैं। तभी बड़े बाजारों की रौनक गायब है। घर का काम हमने कामवाली और नौकर-चाकरों पर छोड़ दिया है। शरीर के स्वस्थ रहने का अपना नियम है। जितने हम चलेंगे, जीवन उतना लंबा चलेगा। हमारे पूर्वजों ने तमाम तीर्थ विकट भौगोलिक स्थितियों वाले स्थलों व पर्वतों पर स्थापित किए थे, ताकि शारीरिक श्रम से हम स्वस्थ रह सकें। हम बड़े तीर्थस्थल वाहनों या हैली सेवाओं से पहुंच रहे हैं। सुविधा सेहत की दुविधा पैदा करती है। जब शरीर से पसीना निकलता है तो शरीर में बीमारी पैदा करने वाले विजातीय द्रव्य भी बाहर निकलते हैं। शरीर के रोम-रोम पसीने से साफहोते हैं और शरीर हमारी त्वचा से भी ऑक्सीजन ग्रहण कर लेता है। योग व प्राकृतिक चिकित्सा का सिद्धांत है कि शरीर के जिस भी हिस्से में ऑक्सीजन की कमी होती है, वह रोगग्रस्त हो जाता है। यही वजह है कि हम प्राणायाम के जरिये शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाकर स्वस्थ रहते हैं। हम नियमित रूप से आसन, प्राणायाम व ध्यान के जरिये तंदुरुस्त रह सकते हैं। तमाम शोध-अनुसंधान इसके जरिये मनोकायिक रोग दूर होने की बात की पुष्टि कर रहे हैं। हमें अपनी योग व प्राकृतिक चिकित्सा की समृद्ध विरासत का लाभ उठाना चाहिए।

# वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में रिकार्ड उछाल

नन्तू बनर्जी

यूरोप और एशिया में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने और दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों द्वारा पहले से कहीं ज्यादा सोना खरीदने के कारण पिछले साल से सोने की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले महीनों में सोने की कीमतों में उछाल का सिलसिला जारी रह सकता है, जब तक कि दुनिया में जल्द ही शांति और आर्थिक स्थिरता वापस नहीं आ जाती। हालांकि, निकट भविष्य में शांति और वित्तीय स्थिरता आने की संभावनाएं बहुत कम हैं क्योंकि ईरान ने इजरायल और हमास के उग्रवादियों के बीच युद्ध में दखल देते हुए इजरायल पर मिसाइलें फेंकी हैं और बाद में इजरायल ने भी चुनिंदा ईरानी सैन्य प्रतिष्ठानों पर जवाबी मिसाइल हमलों के साथ जवाब दिया है। सालों पुराना हमास-इजरायल युद्ध के अब ईरान और पश्चिम एशिया के कुछ अन्य हिस्सों में फैलने का खतरा है।

इसी तरह, दो साल पुराना रूस-यूक्रेन युद्ध एक बुरा मोड़ ले सकता है, क्योंकि उत्तर कोरिया रूस में सेना भेज रहा है, जिससे यूक्रेन पर दबाव बढ़ रहा है। पिछले हफ्ते, पेंटागन ने पुष्टि की कि लगभग 10,000 उत्तर कोरियाई सैनिकों को प्रशिक्षण के लिए रूस भेजा गया है और माना जा रहा है कि वे श्अगले कुछ हफ्तोंठ्ठ में यूक्रेन के खिलाफ लड़ाई में शामिल हो जायेंगे। कई क्षेत्रों में भू-राजनीतिक स्थिति गंभीर है। शायद यही कारण है कि अनेक देशों के केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में सोना खरीद रहे हैं। 2024 की पहली छमाही के दौरान, केंद्रीय बैंकों ने रिकॉर्ड 483 टन सोना खरीदा, जो 2023 में 460 टन के पिछले रिकॉर्ड से पाँच प्रतिशत अधिक था। 2024 की पहली छमाही में तुर्की सोने का सबसे बड़ा खरीदार था, जिसने 45 टन सोना खरीदा। भारतीय रिजर्व बैंक 2024 में लगातार सोना खरीद रहा है, और सितंबर 2024 तक, इसने अपने घरेलू सोने के भंडार में 100 मीट्रिक टन से अधिक की वृद्धि की है।

पोलैंड का राष्ट्रीय बैंक भारत के साथ संयुक्त रूप से सबसे बड़ा स्वर्ण खरीदार बन गया है। चीन पिछले 18 महीनों से अपने स्वर्ण भंडार में लगातार वृद्धि कर रहा है। देश का केंद्रीय बैंक पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना अपनी परिसंपत्तियों में विविधता लाने, विदेशी मुद्राओं पर अपनी निर्भरता कम करने, मौद्रिक नीति में लचीलापन बढ़ाने, बढ़ती अर्थव्यवस्था का समर्थन करने और वित्तीय सुरक्षा बढ़ाने के लिए अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि कर रहा है। उभरते बाजार के सभी बैंक सोना खरीद रहे हैं। केंद्रीय बैंक डॉलर से अलग अपनी आरक्षित परिसंपत्तियों में विविधता लाने और अपने भंडार को मजबूत करने के लिए सोना खरीद रहे हैं। यह प्रवृत्ति डी-डॉलरीकरण के व्यापक विषय का हिस्सा है। संयोग से, चांदी की कीमतें भी इसी के साथ बढ़ रही हैं। भारतीय अमीर मध्यम वर्ग द्वारा सोने की निरंतर घबराहट भरी खरीद के कारण, देश में पीली धातु की खुले बाजार की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल अक्टूबर के मध्य में, 22 कैरेट सोने की कीमतें 53,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 24 कैरेट सोने की कीमतें 58,530 रुपये प्रति 10 ग्राम थीं। कुछ ही महीनों में, इस साल 31 जनवरी को 24 कैरेट सोने की कीमत 63,970 रुपये प्रति 10 ग्राम, 22 कैरेट सोने की कीमत 58,650 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत 76,500 रुपये प्रति किलोग्राम थी। पिछले महीने के अंत में, दिल्ली में सोने की कीमत 81,343 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गयी। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत 103,200रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि नवंबर में कीमतें अस्थायी रूप से थोड़ी कम हो सकती हैं, लेकिन आने वाले शादी के मौसम में वे फिर से बढ़ने के लिए बाध्य हैं।

अमीर लोग मुद्रास्फीति के खिलाफ सुरक्षा के लिए लगातार अपनी अतिरिक्त रुपये की संपत्ति को सोने में दबा रहे हैं। नाममात्र जीडीपी में दुनिया में भारत की अनुमानित प्रति व्यक्ति आय रैंक 136वीं है, जो 2022 मंघ् 2,089.73 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गयी है। देश ने दुनिया में सोने का पांचवां सबसे बड़ा आयातक होने का गौरव प्राप्त किया है, जो वैश्विक आयात का नौ प्रतिशत से अधिक है। 2023-24 में भारत का सोने का आयात साल-दर-साल 30 प्रतिशत बढ़ा है। अगस्त 2024 में, भारत ने रिकॉर्ड सोने के आयात की सूचना दी, जो कुल 10 अरब डॉलर था, जो पिछले महीने से तीन गुना वृद्धि थी। इस वर्ष के दौरान, भारत ने पहले चार महीनों में 2023 की तुलना में अधिक चांदी का आयात किया। फरवरी 2024 में, भारत का चांदी का आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, और वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद थी। भारत का सोना और चांदी का आयात मुख्य रूप से पांच देशों से होता है, जिसमें स्विट्जरलैंड सोने के आयात का प्राथमिक स्रोत है, जबकि इसके बाद दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, गिनी और बोलीविया हैं। 2023-24 में यूएई से भारत के सोने और चांदी के आयात में 210 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि भारत शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां निजी सोने की जमाखोरी का अधिकांश हिस्सा निम्न मध्यम आय वर्ग के पास है। चीन में, उच्च मध्यम आय वर्ग के पास देश की सोने की बचत का अधिकांश हिस्सा है। लगभग हर जगह, उच्च आय वर्ग के पास निजी सोने की अधिकांश जमाखोरी होती है। दुनिया के शीर्ष निजी सोना जमा करने वाले देशों में शामिल हैंरू अमेरिका (8,133 टन), जर्मनी (3,352 टन), इटली (2,452 टन), फ्रांस (2,437 टन), चीन (2,264 टन), जापान (846 टन), भारत (841 टन) और नीदरलैंड (612 टन)। सोना शायद एकमात्र ऐसी वस्तु है, जिसकी मांग कीमत के साथ बढ़ती है। चालू वर्ष की तीसरी तिमाही के परिणामों के अनुसार, कुल सोना मांग में साल दर साल रिकॉर्ड पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह मजबूती सोने की कीमत में परिलक्षित हुई, जो तिमाही के दौरान कई नये रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गयी। मांग का मूल्य साल दर साल 35 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 100अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, सोने की छड़ और सिक्कों में निवेश (269 टन) में साल दर साल नौ प्रतिशत की गिरावट आयी, जो कि 2023 की अपेक्षाकृत मजबूत तीसरी तिमाही से कम है।

गिरावट का अधिकांश हिस्सा दो या तीन प्रमुख बाजारों तक सीमित था, जिसे भारत में एक बहुत मजबूत तिमाही द्वारा संतुलित किया गया। भारत में मजबूत वृद्धि के बावजूद सोने के आभूषणों की खपत (459 टन) में साल दर साल 12 प्रतिशत की गिरावट आई। हालांकि उपभोक्ताओं ने कम मात्रा में खरीदारी की, लेकिन सोने के आभूषणों पर उनका खर्च बढ़ गया। मांग का मूल्य साल दर साल 13 प्रतिशत बढ़कर 36 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। वैश्विक स्वर्ण मूल्यों को नियंत्रित करने वाले सामान्य कारक जैसे भू-राजनीतिक तनाव, मुद्रास्फीति संबंधी दबाव, केंद्रीय बैंक की खरीद, बांड प्रतिफल और अमेरिकी डॉलर की मजबूती या कमजोरी आदि भारत के विशाल निम्न मध्यम आय वर्ग को चिंतित नहीं करते हैं।




**अगस्त 2024 में, भारत ने रिकॉर्ड सोने के आयात की सूचना दी, जो कुल 10 अरब डॉलर था, जो पिछले महीने से तीन गुना वृद्धि थी। इस वर्ष के दौरान, भारत ने पहले चार महीनों में 2023 की तुलना में अधिक चांदी का आयात किया। फरवरी 2024 में, भारत का चांदी का आयात रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, और वर्ष में 66 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद थी। भारत का सोना और चांदी का आयात मुख्य रूप से पांच देशों से होता है, जिसमें स्विट्जरलैंड सोने के आयात का प्राथमिक स्रोत है, जबकि इसके बाद दक्षिण अफ्रीका, संयुक्त अरब अमीरात, गिनी और बोलीविया हैं। 2023-24 में यूएई से भारत के सोने और चांदी के आयात में 210 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दिलचस्प बात यह है कि भारत शायद दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां निजी सोने की जमाखोरी का अधिकांश हिस्सा निम्न मध्यम आय वर्ग के पास है। चीन में, उच्च मध्यम आय वर्ग के पास देश की सोने की बचत का अधिकांश हिस्सा है। लगभग हर जगह, उच्च आय वर्ग के पास निजी सोने की अधिकांश जमाखोरी होती है। दुनिया के शीर्ष निजी सोना जमा करने वाले देशों में शामिल हैंरू अमेरिका (8,133 टन), जर्मनी (3,352 टन), इटली (2,452 टन), फ्रांस (2,437 टन), चीन (2,264 टन), जापान (846 टन), भारत (841 टन) और नीदरलैंड (612 टन)। सोना शायद एकमात्र ऐसी वस्तु है, जिसकी मांग कीमत के साथ बढ़ती है। चालू वर्ष की तीसरी तिमाही के परिणामों के अनुसार, कुल सोना मांग में साल दर साल रिकॉर्ड पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह मजबूती सोने की कीमत में परिलक्षित हुई, जो तिमाही के दौरान कई नये रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गयी। मांग का मूल्य साल दर साल 35 प्रतिशत बढ़कर पहली बार 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के अनुसार, सोने की छड़ और सिक्कों में निवेश (269 टन) में साल दर साल नौ प्रतिशत की गिरावट आयी, जो कि 2023 की अपेक्षाकृत मजबूत तीसरी तिमाही से कम है।**

## विचार

# बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या

*प्रियंका सौरभ*

महामारी के बाद भारत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफी बढ़ गया है, उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से सम्बंधित है। स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40प्रतिशत की कमी को दर्शाया गया है।

स्क्रीन पर ज़्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज़्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15 प्रतिशत की वृद्धि पाई। तेज़ गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60प्रतिशत बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था। सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, खासकर किशोरों में, अवास्तविक तुलना और साइबरबुलिंग के कारण। भारतीय किशोर अत्यधिक सोशल मीडिया एक्सपोजर से आत्म-सम्मान सम्बंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं।

स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि वे तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएँ तय करें। यहाँ एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत में पदार्थों के समान ही तंत्र होता है, जो डोपामाइन में समान वृद्धि पैदा करता है। स्क्रीन के उपयोग में लगातार वृद्धि के साथ, मस्तिष्क के सर्किट अनुकूल हो जाते हैं और डोपामाइन के प्रति कम संवेदनशील हो जाते हैं। नतीजतन, आप जो देखते हैं वह समान आनंद का अनुभव करने के लिए अधिक उपभोग करने की बढ़ती आवश्यकता है। एक आम गलतफहमी यह है कि लत एक विकल्प या नैतिक समस्या है। सच्चाई इससे ज़्यादा दूर हो ही नहीं सकती। एक निश्चित बिंदु के बाद, लत एक जैविक समस्या बन जाती है जिसका शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। माता-पिता के लिए हस्तक्षेप करने, सही व्यवहार का मॉडल बनाने और अपने बच्चों को जीवन कौशल के रूप में स्क्रीन प्रबंधन सिखाने की स्पष्ट आवश्यकता है।



माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम को प्रबंधित करने और स्वस्थ आदतों को बढ़ावा देने के लिए उपकरणों से लैस करें। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने माता-पिता के लिए डिजिटल प्रबंधन पर कार्यशालाओं की सिफ़ारिश की है।

कम उम्र से ही स्क्रीन का जिम्मेदाराना उपयोग सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल वेलबीइंग को शामिल करें। दिल्ली सरकार ने चुनिंदा स्कूलों में डिजिटल साक्षरता सत्र शुरू किए हैं। आयु के आधार पर आधिकारिक स्क्रीन टाइम दिशा-निर्देश विकसित करें और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उनका प्रचार करें। WHO दिशा-निर्देश विकासात्मक चरणों के आधार पर स्क्रीन टाइम प्रतिबंधों का सुझाव देते हैं। स्वस्थ सामाजिक संपर्क के साथ डिजिटल उपभोग को संतुलित करने के लिए बाहरी और समूह गतिविधियों को प्रोत्साहित करें। खेलो इंडिया पहल बच्चों में शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देती है, जिससे स्क्रीन टाइम में अप्रत्यक्ष रूप से कमी आती है। स्कूलों और समुदायों में तकनीक-मुक्त क्षेत्रों और डिजिटल डिटॉक्स कार्यक्रमों के विकास को प्रोत्साहित करें। कुछ स्कूलों ने बच्चों को गैर-डिजिटल गतिविधियों में शामिल होने में मदद करने के लिए स्क्रीन-फ्री डेज़ शुरू किए हैं।

स्क्रीन टाइम के प्रभावी प्रबंधन के लिए परिवारों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं को शामिल करते हुए बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है। अगली पीढ़ी के समग्र विकास के लिए संतुलित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करना महत्त्वपूर्ण होगा, जिससे एक लचीले और समग्र समाज का निर्माण होगा। स्क्रीन की लत एक वास्तविक समस्या है जो महामारी के कारण और भी बढ़ गई है और वयस्कों और बच्चों दोनों को प्रभावित कर रही है। माता-पिता को अपने बच्चे के स्क्रीन उपयोग के पैटर्न के प्रति सतर्क, सक्रिय और संलग्न रहने की आवश्यकता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की खोज करना और अपने बच्चे की दुनिया के बारे में जानकारी रखना आपको अपनी आशंकाओं के बारे में उनसे बात करने के लिए बेहतर भाषा दे सकता है। सीमाएँ निर्धारित करना अल्पावधि में कठिन लग सकता है लेकिन दीर्घावधि में यह बहुत लाभदायक होगा।

*(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

## साहित्य



# बच्चा सच्ची बात लिखेगा

**कुमार विनोद**

बच्चा सच्ची बात लिखेगा
जीवन है सौगात, लिखेगा

जब वो अपनी पर आएगा
मरुथल में बरसात लिखेगा


उसकी आँखों में जुगनू हैं
सारी – सारी रात लिखेगा

नन्हे हाथों को लिखने दो
बदलेंगे हालात, लिखेगा

उसके सहने की सीमा है
मत भूलो, प्रतिघात लिखेगा

बिना प्यार की ख़ुशबू वाली
रोटी को ख़ैरात लिखेगा

जा उसके सीने से लग जा
वो तेरे जज़्बात लिखेगा



# राशिफल

**मेष:-** आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

**बृषभ :-** स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव।

**मिथुन:-** किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नई शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क:-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह :-** किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**कन्या :-** समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्य के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा।

**तुला :-** मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

**वृश्चिक :-** सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

**धनु :-** नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

**मकर :-** कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्रिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

**कुंभ :-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्य की व्यस्तता रहेगी।

**मीन :-** क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही न करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन साथी का भरपूर सहयोग प्राप्त होगा।

# स्मृति शेष : लोक गायिका शारदा सिन्हा

*डॉ. रमेश ठाकुर*

पहिले-पहिल हम कइनी छठी मईया व्रत तोहार, करिहा क्षमा छठी मईया भूल-चूक गलती हमार..। संपूर्ण मैथिली व भोजपुरी समाज के साथ-साथ देश की लोक गायिकी की समृद्ध कड़ी में लोक गायिका शारदा सिन्हा का निधन, गहरा आघात है। छठ गीतों का स्वर रहीं शारदा सिन्हा का न रहना, उन करोड़ों छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के लिए अपना स्वर खो देने जैसा अनुभव है, जो वर्षों से उनके छठ गीतों के अलावा किसी दूसरे गायक को नहीं सुना। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली से लेकर मुंबई, मॉरिशस, अमेरिका, लंदन और जहां-जहां बिहार व पूर्वांचल समुदाय के लोग पहुंचे, उन छठ घाटों पर शारदा सिन्हा के गीत गूंजते हैं।

शारदा सिन्हा न सिर्फ मैथिली व भोजपुरी बल्कि समूची संगीत बिरादरी की अमूल्य धरोहर थीं। उनका गायन सुन कर लगता था जैसे साक्षात सरस्वती कंठ में विराजमान हों। दुनिया से जाते वक्त भी उन्होंने अपने भीतर दैवीय शक्ति होने का एहसास करा गईं। छठ में उनका जाना इसका संकेत मान सकते हैं। अब वे सशरीर उपस्थित नहीं हैं लेकिन हर साल जब-जब छठ का त्योहार आएगा, शारदा सिन्हा के गीत उनकी मौजूदगी का अहसास कराएंगे। देशी और पारंपरिक लोक संस्कृति की मूर्ति शारदा सिन्हा सदैव लोगों के दिलों में रची-बसी रहेंगी। निश्चित रूप से स्वर कोकिला शारदा का यूं चले जाना गीत-संगीत की सुमधुर दुनिया को बड़ा आघात है।

संगीत की दुनिया में शारदा का न रहना, कोयल बिना न सोभे बगिया, जैसा माना जाएगा। उनका इस धरती पर अवतरण भी दैवीय चमत्कार जैसा रहा। आठ भाइयों के बाद वह जन्मीं। घर में सबकी लाडली-दुलारी थीं। माता-पिता ने बड़ी मन्नतें की थी कि उनके घर में लक्ष्मी का आगमन हो। शारदा सिन्हा के रूप में उनकी इच्छा पूरी हुई। 1 अक्टूबर 1952 को शारदा सिन्हा का जन्म हुआ। दो वर्षों के भीतर गायन के प्रति उनके रुझान का पता चलने लगा था। 15 वर्ष की उम्र पहुंचते-पहुंचते उनकी आवाज व्यापक स्तर पर लोगों ने पसंद करना शुरू कर दिया। हालांकि जब उनकी शादी हुई तो सास को यह कतई पसंद नहीं था कि उनकी बहू गाना-बाना गाएं। हालांकि भारी विरोध के बाद भी उन्होंने गायन यथावत रखा। जब देश-विदेश से प्रशंसाएं मिलने लगी, तो सास ने भी कह दिया- बहू, तुम अच्छा गाती हो, गाती रहो। शारदा सिन्हा के दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा अंशुमन सिन्हा और एक बेटी वंदना। शारदा के पति ब्रज किशोर सिन्हा का निधन भी इसी वर्ष सितंबर में हुआ। उनके जाने के बाद से वह पूरी तरह टूट गई थीं।



शारदा सिन्हा का जन्म बिहार के जले सुपौल के हुलास गांव में हुआ था। विवाह बेगुसराय में हुआ। वह गायिका के साथ-साथ प्रोफेसर भी रहीं। बीएड की पढ़ाई के अलावा उन्होंने म्यूजिक स्ट्रीम में पीएचडी करके समस्तीपुर के एक कॉलेज में प्रोफेसर बनीं। पर, उनकी रुचि सदैव गायिकी में ही रही। कॉलेज से रिटायर होने के बाद उन्होंने संगीत की फ्री शिक्षा देना जारी रखा।

नई दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में मंगलवार देर रात जब उनके न रहने की खबर टीवी के जरिए उनके असंख्य प्रशंसकों ने सुनी, तो उनकी आंखें नम हो गईं। निधन के एक दिन पहले ही खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके बेटे अंशुमान सिन्हा को फोन करके स्वास्थ्य जानकारी ली। उनके निधन की खबर ने प्रधानमंत्री मोदी को दुखी कर दिया। राष्ट्रपति से लेकर विपक्षी नेता राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे समेत देशभर के तमाम नेताओं ने दुख प्रकट किया। इससे उनके गायन की स्वीकार्यता का अंदाजा मिलता है कि हर खास-ओ-आम में उनकी आवाज पसंद की जाती है।

अस्सी-नब्बे के दशक का वह दौर, जब उनके भजन और फिल्मी गानों का बोलबाला था। सलमान खान और भाग्यश्री अभिनीत फिल्म 'मैंने प्यार किया' में गाया गाना ....'कहे तोसे ये तोहरी सजनिया'.... इतना फेमस हुआ कि उन्हें रातोंरात बड़ा फिल्मी सिंगर बना दिया। उनके फिल्मी गानों की डिमांड बढ़ गई। शारदा सिन्हा को राजनीति के ऑफर भी बहुतेरे मिले। लेकिन शारदा सभी ऑफरों को विनम्रता से ठुकराती गईं। कई मर्तबा उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा भी कि उन्हें राजनीति बिल्कुल पसंद नहीं। समाज ने उन्हें छठ कोकिला की उपाधि दे रखी थी जिसे वह ताउम्र सबसे बड़ा सम्मान मानती रहीं।

छठ गीतों के अलावा भी उन्होंने विभिन्न भाषाओं में एक से एक हिट गाने दिए। देश के सर्वोच्च सम्मान से भी उन्हें केंद्र सरकार ने नवाजा। उनके न रहने से एक युग का अंत हुआ है। उनकी जगह कोई नहीं ले सकता। उनकी मीठी, मधुर, सुरीली आवाज श्रोताओं के कानों में सदा गूंजेगी।

*(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक संपन्न

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में आज दिनांक 6 नवंबर 2024 को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में जनपद के उद्यमियों तथा क्रेशर से संबंधित इकाइयों द्वारा मुख्य रूप से कबरई क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की समस्या तथा महोबा से कबरई के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग के खराब होने व परिवहन हेतु प्रयोग किए जाने वाले गाड़ियों के अन्य स्थान व अन्य प्रान्तों में चालान काटे जाने का प्रकरण उठाया गया। उक्त प्रकरणों में से कबरई क्षेत्र में इलेक्ट्रिसिटी की व्यवस्था में पहले की अपेक्षा सुधार हुआ है कबरई से महोबा राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण हेतु शासन स्तर से धनराशि अवमुक्त होते ही सड़क निर्माण कराया जायेगा। परिवहन से संबंधित प्रकरण पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उद्यमियों को ऐसे प्रकरणों को चिन्हित करते हुए लिखित में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए जिससे प्रकरण पर [illegible] कराते हुए अग्रिम कार्यवाही कराई जा सके। जनपद के जिला अस्पताल से मरीजो को अन्य जनपदों यथा झांसी व कानपुर रेफर करने के संबंध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित सीएमएस को निर्देश दिए गए कि वह विगत एक माह में रेफर किए गए प्रकरणों की सूची कारण सहित बताते हुए उपलब्ध करायें। जनपद में निवेश से संबंधित प्रकरणों पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपायुक्त उद्योग व जनपद में कार्यरत उद्यमी मित्र को निर्देश दिए गए कि प्रत्येक निवेशक से वार्ता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी महोदय की अध्यक्षता में बैठक करायें तथा वस्तु स्थिति से जिलाधिकारी महोदय को अवगत करायें। उक्त बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग महेश चंद्र सरोज द्वारा किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मुख्य विकास अधिकारी हरेंद्र कुमार सिंह, जिला खान अधिकारी आर. बी. सिंह, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, व्यापार कर के सहायक आयुक्त तथा उद्यमी संगठन से राम किशोर सिंह, बाल किशोर द्विवेदी , देवेंद्र मिश्रा, रघुराज सिंह, भागीरथ नगाइच, राम जी गुप्ता, नेहा चांसोरिया, व अन्य उद्यमियों तथा व्यापारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कर-करेतर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेतर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेतर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन बढ़ाने हेतु निर्देशित किया इन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत करायें। जिला पंचायत को शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष वसूली शत- प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पत्रकारों के साथ मारपीट के मामले में सरीला चेयरमैन भाजपा से निष्कासित, गिरफ्तार



**क्षेत्रीय सपा सांसद ने कहा- इसकी जितनी निंदा की जाये कम होगी, कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये**

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

पत्रकारों के साथ मारपीट कर अमानवीय व्यवहार करने पर भाजपा ने नगर पंचायत अध्यक्ष सरीला पवन अनुरागी को पार्टी से निष्कासित कर दिया है. उधर पुलिस ने इस घटना का मुख्य आरोपी चेयरमैन सरीला को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक एक सप्ताह पहले जरिया क्षेत्र के सरीला गांव में नगर पंचायत अध्यक्ष पवन अनुरागी ने पत्रकार अमित दिवेदी व शैलेंद्र मिश्रा को एक साजिश के तहत बुलाकर नंगा कर जमकर मारापीटा था जिससे दोनो को गंभीर चोटे आयी थी। इसके बाद पत्रकारो ने चेयरमैन समेत छह लोगो के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी थी वही चेयरमैन ने दोनो पत्रकारों के खिलाफ एससीएसटी के तहत रिपोर्ट दर्ज करायी थी। पत्रकारों के पक्ष में पत्रकार संगठनों ने डीएम एसपी से मिलकर चेयरमैन के खिलाफ कार्यवाही करने की मागं की थी उधर ब्राह्मण महासभा ने भी इस मामले को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। भाजपा के जिलाध्यक्ष ने मामले को गंभीरता से लेते हुये चेयरमैन की करतूतों की जानकारी भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को दी थी और पार्टी से निष्कासन की संस्तुति की थी इस पर पार्टी हाईकमान ने चेयरमैन को दल से निष्कासित कर दिया है। उधर पुलिस ने घटना का मुख्य आरोपी चेयरमैन पवन अनुरागी को गिरफ्तार कर लिया है चार और लोगो को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में सपा नेताओ ने धरना प्रदर्शन कर चेयरमैन के खिलाफ डीएम एसपी को ज्ञापन सौपा था। चेयरमैन के निष्कासन की पुष्टि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक ने की है। उनका कहना है कि चेयरमैन सरीला ने जो कार्य किया था वह बहुत ही निंदनीय है। इधर क्षेत्रीय सपा सांसद अजेंद्र सिहं लोधी ने इस घटना की निंदा की है। कहा है कि चेयरमैन को जितनी सजा दी जाये वह कम होगी। चेयरमैन ने पत्रकारों के साथ जो अमानवीय कृत्य किया है वह माफकरने लायक नही है कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिये। उन्होने कहा है कि इस मामले को वह लोकसभा मे उठायेगे। और हर हाल में पत्रकारों को न्याय दिलाया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### दोनों घायल जिला अस्पताल रिफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटना में दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये दोनों घायलों को लहुलुहान हालत में कस्बे के सरकारी अस्पताल में प्राथमिक इलाज हेतु भर्ती कराया दोनों की हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात नेशनल हाईवे में घाटमपुर निवासी पवन पुत्र कालीचरन सड़क दुर्घटना में घायल हो गए जिसे गंभीर अवस्था में कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया वहीं दूसरी घटना नेशनल हाईवे में बेलग्राम हरदोई निवासी शहवाज पुत्र अखलाक खान के घायल हो जाने पर कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत में सुधार न होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया।

### शराब पीकर मारपीट करने का आरोप

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे बजरिया पठानपुरा मोहल्ला निवासी वर्षा पुत्री गंगाराम अहिरवार ने बताया कि उसके चाचा अविवाहित हैं और शराब पीने के आदि है। चाचा ने उसके घर का सामान जबरन बाहर बेच दिया है। बताया कि दो दिन पहले ही वह चोरी की घटना में थाने में बंद हो गए थे और छूट कर भी आ गए हैं। बताया कि उसके चाचा उसे व उसकी मां के साथ आए दिन गाली गलौज कर मारपीट के लिए आमादा हो जाते हैं? और जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर दी है।

### अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध कार्य बहिष्कार

**राठ।** गाजियाबाद में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर हुई लाठी चार्ज के विरोध में बुधवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने कार्य बहिष्कार कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीशंकर रावत ने बताया कि 29 अक्टूबर 24 को गाजियाबाद के जिला जज कोर्ट परिसर में एक केस की सुनवाई के दौरान अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता और पुलिस के द्वारा लाठी चार्ज कर पीटा गया था। जो अत्यधिक निंदनीय है। अधिवक्ताओं ने जिला जज को बर्खास्त व उनके विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही लाठी चार्ज करने वाले पुलिस कर्मियों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। घायल अधिवक्ताओं को दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। मंगलवार को अधिवक्ताओं ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा था। बुधवार को अधिवक्ता संघ कार्य से मुक्त रहा है। इस मौके पर महामंत्री मुन्ना लाल सोनी अभिमन्यु चौरसिया देवीदीन राय सहित दर्जनों अधिवक्ता मौजूद रहे।

### चोरी करते चोर पकड़ा, पुलिस ने छोडा, आक्रोश

**राठ।** कस्बे के उरई रोड स्थित कांच मंदिर में रखा ई रिक्शा से बैटरी चुराते समय चोर को पकड़ लिया। पीड़ित रिक्शा चालक चोर को कोतवाली ले गया। जहां पुलिस ने चोर को छोड़ दिया है। उरई रोड स्थित दीवानपुरा मोहल्ला निवासी वीरेंद्र पुत्र अतरसिंह ने बताया कि वह ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण.पोषण करता है। मंगलवार की रात उसे कांच मंदिर में अपना ई रिक्शा खड़ा कर दिया। तभी एक युवक ने मंदिर में खड़े ई रिक्शा से बैटरी चोरी कर ली। बताया कि उसने युवक को चोरी की बैटरी सहित पकड़ लिया है। बताया कि वह चोर को पकड़ कर कोतवाली में ले गया। बताया कि उसे उसकी बैटरी मिल गई है। कोतवाल उमेश सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे में घुत था। वह नशे का आदि था। जिसे छोड़ दिया है।

### शराब पीकर पुत्रियों के साथ की गाली-गलौच

**राठ।** कोतवाली के अकौना गांव निवासी सुनीता पत्नी सूरज ने बताया कि उसका पति जुआ व शराब पीने का आदि है। शराब के नशे में उसका पति बाहर के लोगों को लेकर घर में आता है। उसकी दो पुत्रियां हैं। बताया कि वह बच्चों के लिए मेहनत मजदूरी करती है। मंगलवार को उसका पति शराब के नशे में घर आया और उसे व पुत्रियों के साथ गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। बताया कि बताया कि स्वयं फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करने लगे। जिससे वह परेशान हैं। बताया कि ईंट भट्ठों से मिली 50 हजार रुपए की पेशगी भी उसका पति जुआ में हार गया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।राठ, कस्बे के मियापुरा मोहल्ला 20 वर्षीय शिवानी पुत्री महेंद्र कुमार ने मंगलवार को पारिवारिक कलह के चलते कमरे में फांसी लगा ली। जब स्वजनों ने युवती को फांसी पर लटका देखा तो हड़कंप मच गया। आनन.फानन में स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां डॉ अखिलेश सिंह ने युवती को मेडिकल कालेज उरई रेफ्र कर दिया है।

### किसानों के लिए जंजाल बना सरकारी बीज

**पनवाड़ी/महोबा।** पनवाड़ी में खाद के लिए जूझ रहे किसानों को अब सरकारी बीज पाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। पनवाड़ी स्थित राजकीय कृषि बीज भंडार के सामने सुबह सबेरे से लंबी लंबी कतारें लग रही हैं।बावजूद इसके सभी अन्नदाताओं को बीज मयस्सर नहीं हो रहे। ब्लॉक स्थित दूर दराज गांवों से आए किसान दिन भर अपनी बारी का इंतजार करते देखे जा सकते हैं। तुर्रा गांव के मोतीलाल, उल्दन गांव के भुजबल और अंडवारा के किसान करन सिंह ने बताया कि भंडारण में तैनात कर्मचारी हेकड़ी दिखाकर रुआब गांठते रहते हैं। कर्मचारी जान पहचान के किसानों के आधार कार्ड तुरंत लेकर मशीन में अंगूठा लगवाकर बीज दे देते हैं,जबकि दूर दराज गांवों से आए लोगों को सुबह से शाम तक लाइन में लगना पड़ रहा है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंगलवार को बीज वितरण पुलिस अभिरक्षा में किया गया। बता दें कि सरकार की ओर से किसानों को रबी फसल के लिए चना, मटर और अरहर समेत अन्य बीज की बोरियां मुफ्त बांटी जा रही हैं। जिनमें पांच किलो से लेकर 20 किलो वजन तक उन्नत बीज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। बीज पाने के लिए बीज भंडार के सामने रोजाना सैकड़ों किसानों की भीड़ इकट्ठा हो रहे है, वहीं संस्थान में तैनात एक बाबू व एक सहयोगी के बलबूते बीज वितरण का कार्य किया जा रहा है। बीज वितरण के समय अफरा तफरी का माहौल देखने को मिल रहा है। किसानों और जागरुक लोगों ने संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर किए जाने की मांग की है।

### थाना श्रीनगर की संयुक्त पुलिस टीम ने दो वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक महोबा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर शिवपाल सिंह के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गई। व.उ.नि. कन्हैयालाल यादव मय हमराह कां. विवेक दिवाकर के नेतृत्व में प्रथम पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 228/24 धारा 105 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त जियालाल पुत्र मैयादीन अहिरवार उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम बरा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम बरा तिराहे के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया । इसी क्रम में उ.नि. विकाशधर दुबे मय हमराह कां. पकंज कुमार के नेतृत्व में गठित द्वितीय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअसं. 245/24 धारा 108 बीएनएस से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अमित ताम्रकार उर्फ गोलू उम्र 27 वर्ष पुत्र कल्लू ताम्रकार उर्फ अशोक कुमार निवासी मुहल्ला मनोहरगंज कस्बा व थाना श्रीनगर जनपद महोबा को ग्राम बिलखी तिराहा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को बाद आवश्यक कार्यवाही न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# शिक्षिका का पक्ष लेने पर ग्रामीणों ने एबीएसए के खिलाफ की नारेबाजी

**ग्रामीणों का आक्रोश देख एबीएसए गाडी से हुए रफूचक्कर**

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



मौदहा विकास खण्ड के गांव सिजनौडा स्थित प्राथमिक विद्यालय की एक चर्चित अध्यापिका का तबादला न करने पर आज ग्रामीणों ने एबीएसए के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आक्रोश देखकर एबीएसए वहा से रफूचक्कर हो गये।

मौदहा विकास खण्ड के गांव सिजनौडा स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका नेहा गुप्ता और यहां के अभिभावकों व ग्रामीणों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस शिक्षिका की मनमानी को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों ने की बार समाधान दिवस में भी अपनी शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन विभागीय वरदहस्त प्राप्त इस शिक्षिका पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उल्टे ग्रामीणों और अभिभावकों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज कराने की धमकी नेहा गुप्ता के द्वारा दी जा रही है। बुधवार ग्रामीणों और अभिभावकों ने समाधान दिवस में शिकायत करने के बाद मंगलवार को बीएसए हमीरपुर को एक ज्ञापन सौंपा और इस विवादित शिक्षका को हटाने की मांग की। अभिभावक कई दिनों से बच्चों को स्कूल नही भेज रहे है। एबीएसए ने इस चर्चित शिक्षिका का पक्षपात करते हुए लगभग एक पखवाड़े पूर्व ग्रामीणों और अभिभावकों को स्कूल से भगा दिया था साथ ही मुकदमा दर्ज कराने की धमकी तक दे डाली थी। जिसके चलते ग्रामीणों में पहले से ही खासा आक्रोश था और बुधवार को जब इसी एबीएसए ने ग्रामीणों को दोषी ठहराते हुए तुगलकी फरमान जारी किया तो ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। माना जा रहा है कि जिस तरह से शिक्षा विभाग के गैर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा अभिभावकों और ग्रामीणों के प्रति असंवेदनशील बर्ताव जारी रखते हुए एक विवादित शिक्षिका को बचाने और संरक्षण देने का काम हो रहा है वह निश्चित रूप से शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों और उनके कारण सैकड़ों बच्चों के भविष्य से हो रहे खिलवाड़ पर सवालिया निशान लगा रहा है।

# उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों ने फैक्ट्री गेट पर किया प्रदर्शन

**फैक्ट्री प्रबंधन के लिखित आश्वासन पर माने परिजन**

**सुमेरपुर।** रिमझिम इस्पात लिमिटेड में कटर मशीन से स्टील की कटिंग करते समय घायल हुए एक कर्मचारी के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर सही तरीके से इलाज न कराने का आरोप लगाकर बुधवार सुबह फैक्ट्री गेट पर हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने सुबह की शिफ्ट में पहुंचे कर्मचारियों को फैक्ट्री में प्रवेश करने से रोक दियाए जिससे फैक्ट्री प्रबंधन को शिफ्ट बंद करनी पड़ी। सूचना मिलने पर पुलिस प्रभारी थानाध्यक्ष सभाजीत पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों की फैक्ट्री प्रबंधन से वार्ता कराई। प्रबंधन ने लिखित रूप से समुचित इलाज का आश्वासन दियाए तब जाकर परिजनों ने गेट से हटने का निर्णय लिया। बिहार के रोहुआ गांव के निवासी देवनरायन यादव जो रिमझिम इस्पात में कटर मशीन ऑपरेटर के रूप में कार्यरत हैं 9 अक्टूबर को स्टील की कटिंग के दौरान घायल हो गए थे। गंभीर चोट लगने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद कानपुर के हैलट अस्पताल रेफ्र किया गया था। उनके ऑपरेशन के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया, लेकिन परिजनों ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा इलाज में लापरवाही बरती जा रही है। इसी आरोप को लेकर देवनरायन की पत्नी मंजू देवी अपने दोनों पुत्रों के साथ फैक्ट्री गेट पर पहुंचीं और प्रदर्शन किया। फैक्ट्री के मैनेजर मनीष गुप्ता ने कहा घायल कर्मचारी के समुचित उपचार के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# खाद की किल्लत से किसानों ने हाईवे किया जाम

**आय दिन होता किसानों का धरना प्रदर्शन, प्रायवेट दुकानों में नकली व ज्यादा दामों में खाद मिलने से किसान मायूस, सरकार की जमकर हो रही है किरकिरी**

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



खाद की किल्लत से जूझ रहे किसानों ने एक बार पुनः नेशनल हाइवे जाम लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी, सूचना पर पहुंची पुलिस एवं अधिकारियों ने समझा बुझाकर जाम खुलवा दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार को सुबह कस्बे के पीसीएफ केंद्र में खाद लेने पहुंचे किसानों को खाद न मिलने पर नेशनल हाईवे में जाम लगाकर नारेबाजी शुरू कर दी और देखते ही देखते कानपुर सागर हाईवे पर भीषण जाम लग गया। जाम की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस सहित अधिकारियों ने किसानों को खाद मिलने का आश्वासन देकर किसी तरह जाम खुलवा दिया। गौरतलब हो कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है बीते दिनों कई बार खाद में गड़बड़ी एवं खाद की किल्लत को लेकर किसान हाईवे जामकर प्रदर्शन कर चुके हैं लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है और पीसीएस केंद्र प्रभारी पर कोई असर नहीं हो रहा है। जो कहीं न कहीं जिम्मेदार अधिकारियों पर भी सवाल खड़ा करता है। खाद को लेकर पूरे जिले में किल्लत है किसानों का कहना है कि प्रायवेट दुकानों में महंगी व ज्यादा दामों में खाद की विक्री हो रही है कृषि अधिकारी इसे रोक नही पा रहे है। समितियों में जो खाद आती है वह पहले कुछ चहेते किसानों को कर्मचारी दे देते है जिससे छोटे तपके का किसान आन्दोलित हो जाता है। इधर जिला कृषि अधिकारी का कहना है कि समितियो में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है जब किसान खाद लेने जाता है तो वहा पर खाद नदारत मिलती है,किसानों ने बताया जब से जिला कृषि अधिकारी हरीशंकर ने कार्यभार संभाला तब से कृषि संबंधी व्यवस्थाएं पूरी तरह चौपट हो गयी है। इससे सरकार की जम कर किरकिरी हो रही है।

# राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. कौशल सोनी ने दिलाई पदाधिकारियों को शपथ

महोबा, समृद्धि न्यूज़।




शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथियों की मौजूदगी में राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच के जिला एवं सभी नगरों के पदाधिकारियों को प्रदेश अध्यक्ष डॉ कौशल सोनी ने शपथ दिलाई साथ ही सभी नवनियुक्त पदाधिकारी से अपील की एवं अब आप लोग संगठन का विस्तार करें जिससे संगठन की स्थिति और मजबूत हो तथा स्वर्णकार समाज भी आगे बढ़े कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता ने संगठन के सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोग अपने समाज अपने जिला व प्रदेश तथा देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं। मुख्य अतिथि नरेश चंद्र सोनी अखिल भारतीय अयोध्यावासी स्वर्णकार संघ के केंद्रीय अध्यक्ष ने भी सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी लोग अब संगठन की मजबूती के लिए कार्य करें इसके साथ ही बुंदेलखंड अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सोनी, शिवकुमार सोनी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश संगठन मंत्री, भागीरथ नगायच उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष आदि ने संबोधित किया। शपथ ग्रहण समारोह में अमित सोनी को जिला अध्यक्ष महोबा, रामकुमार सोनी जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र सोनी वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, सीताराम सोनी जिला महामंत्री, राम जी सोनी जिला महामंत्री, शिवम सोनी जिला मंत्री, राजाराम सोनी जिला मीडिया प्रभारी, शशिकांत सोनी जिला प्रभारी के साथ लगभग दो दर्जन पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गई।

# पुलिस अधीक्षक महोबा, द्वारा पुलिस कार्यालय में की गई जनसुनवाई

**फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश**

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए है इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में दो मौसेरे भाइयों की मौत, हत्या की आशंका

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बाइक सवार रिश्ते में मौसेरे दो भाइयों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर मामले की गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी है। तो वहीं परिजनों ने युवकों की हत्या की आशंका जता पुलिस से मामले का खुलासा करने की गुहार लगाई है। दरअसल घटना अजनर थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव के पास की है जहां टिकरिया गांव के रहने वाले महेश अहिरवार का 18 वर्षीय पुत्र अरुण अहिरवार अपने मौसेरे भाई हमीरपुर जिले के जरिया थाना क्षेत्र के धगवां गांव के रहने वाले 20 वर्षीय पुत्र रूपेश अहिरवार पुत्र अशोक अहिरवार के साथ बाइक में सवार होकर शौच क्रिया करके वापस अपने घर की तरफ जा रहे था तभी रास्ते में संदिग्ध परिस्थितियों में दो युवकों के घायल अवस्था में पड़े होने की सूचना पर पहुंची डायल 112 की पीआरवी द्वारा दोनों युवकों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त दोनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। मौसेरे भाइयों की एकसाथ हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अरुण के पिता महेश अहिरवार ने बताया कि उसका 18 वर्षीय पुत्र अरुण अहिरवार अपनी मौसी के 20 वर्षीय पुत्र रूपेश अहिरवार के साथ बाइक में सवार होकर शौच क्रिया करके वापस लौट रहे था। लेकिन देर रात तक दोनों भाई वापस नहीं लौटे तब गांव के पास ही दो युवकों के घायल पड़े होने की सूचना मिलने पर मौके पर जाकर देखा तो अरुण और रूपेश घायल अवस्था में पड़े मिले। जिन्हें अजनर थाना पुलिस द्वारा इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैतपुर ले जाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने दोनों युवकों को देखते ही मृत घोषित कर दिया।

# गृहक्लेश के चलते दंपति ने जहरीला पदार्थ खाकर दी जान

**पति ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान तो पत्नी ने रेफर के दौरान रास्ते में तोड़ा दम**

**महोबा।** मध्य प्रदेश के सीमावर्ती छतरपुर जिले के लवकुश नगर थाना अंतर्गत ग्राम मिढ़का निवासी रामलाल पुत्र रामसुंदर उम्र 40 वर्ष एवं उसकी पत्नी 35 वर्षीय घस्सी ने घरेलू विवाद के बाद जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जहरीले पदार्थ के सेवन से पति-पत्नी की हालत बिगड़ने पर आनन-फानन में परिजनों द्वारा इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घस्सी की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया जबकि रामलाल की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। रेफर के दौरान घस्सी ने भी रास्ते में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली नगर महोबा पुलिस ने मृतक रामलाल के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जिला अस्पताल से रेफर के दौरान घस्सी की हुई मौत के बाद परिजन उसके शव को लेकर मध्य प्रदेश के छतरपुर पहुंचे जहां छतरपुर पुलिस द्वारा उसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया गया है।

# मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरूक

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

# नेट-नेस परीक्षा के लिए गठित किया जाए सचल दल : डीएम

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**




नेट व नेस परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से पारदर्शिता के साथ सम्पन्न हो, इसके लिए बीईओ व प्रधानाध्यापक पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। इसके साथ ही नकल विहीन एवं पारदर्शी आकलन हेतु जनपद स्तरीय अधिकारियों का विकास खण्डवार सचल दल गठित किया जाये।

यह बात जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बुधवार को लोकसभागार में आहूत दोनों परीक्षाओं की तैयारी बैठक में कहीं। इस दौरान जिलाधिकरी व मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन ने बैठक में उपस्थिति उप शिक्षा निदेशक / प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गनेशपुर राजेश कुमार आर्या, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, श्रमायुक्त, वित्त एवं लेखाधिकारी माध्यमिक, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, जहीर अहमद प्रवक्ता डायट गनेशपुर, जिला समन्वयक प्रशिक्षण विनीता मिश्रा, जिला समन्वयक पी0एम0 पोषण डॉ0 पीयूष कुमार, जिला समन्वयक एमआईएस पुनीत कुमार श्रीवास्तव, ईएमआईएस इंचार्ज पंकज कुमार वर्मा, एसआरजी पद्मजा त्रिपाठी आदि को उक्त परीक्षाएं सकुशल और शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जरूरी दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि नैस परीक्षा के लिए समस्त परिषदीय विद्यालय, मदरसा, सहायता प्राप्त विद्यालय एवं समस्त निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों / कॉलेजों में कक्षा 3, 6 व 9 के विद्यार्थियों की परीक्षा पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर ली जाए। इसके साथ ही नैट परीक्षा से सम्बंधित प्रश्नपत्रों के मुद्रण आदि कार्य पूर्ण कर लिए जाएं। परीक्षाओं के लिए जनपद स्तर व ब्लॉक स्तर पर कन्ट्रोल रूम बनाया जाए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पाण्डेय ने अवगत कराया कि समस्त परिषदीय विद्यालयों में निपुण एसेसमेंट टेस्ट (नैट) की परीक्षा जनपद में दिनांक 25 व 30 नवम्बर को प्रस्तावित है। दो दिवसीय परीक्षा में एक दिवस कक्षा 1 से 3 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं तथा द्वितीय दिवस कक्षा 4 से 8 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं की परीक्षा सम्पन्न होगी। वहीं नेशनल अचीवमेंट सर्वे (नैस) की परीक्षा दिनांक 4 दिसम्बर 2024 को सम्पन्न होगी, जिसके अन्तर्गत एनसीईआरटी दिल्ली द्वारा चिन्हित विद्यालयों में कक्षा-3, कक्षा-6 व कक्षा-9 के विद्यार्थियों का आकलन किया जायेगा। समस्त प्रबंध के मान्यता प्राप्त विद्यालयों में से जनपद के 132 कक्षाओं का चयन एनसीईआरटी दिल्ली द्वारा करते हुए परीक्षा से पूर्व सूची उपलब्ध करायी जायेगी, इसके लिए समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों / कॉलेजों में कक्षा 3, 6 और 9 के विद्यार्थियों को मॉडल प्रश्न पत्रों के द्वारा ओएमआर पर अभ्यास कार्य प्रत्येक शनिवार को कराया जा रहा है।

## बाइक सवार को स्कार्पियो ने मारी टक्कर, युवक की मौत



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्बर बजहा चौराहे के पास स्कॉर्पियो ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी।घटना मे बाइक सवार युवक की मौत हो गयी।जानकारी के अनुसार मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लक्ष्बर बजहा चौराहे के पास का है। जहां पर बुधवार को बाराबंकी की ओर जा रहे बाबा का पुरवा गांव निवासी राम गोपाल यादव की बाइक में एक स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दिया। स्थानीय लोगो की मुताबिक राम गोपाल यादव की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वही सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की विधिक कार्रवाई में जुटी।

## कैंपस प्लेसमेंट में 38 छात्र-छात्राओं को मिला नियुक्ति पत्र, खिले चेहरे



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में फार्मर फेस कंपनी ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया।इस साक्षात्कार में लगभग सौ छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में आयोजित किया गया। कुलपति ने प्रतिभागी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कैंपस प्लेसमेंट के लिए विभिन्न महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। फार्मर फेस कंपनी के निदेशक की ओर से विश्वविद्यालय के कुल 38 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह, डायरेक्टरेट ऑफ़ प्लेसमेंट के निदेशक डा.डी.नियोगी, प्लेसमेंट, डा. सुप्रिया, डॉ आनंद, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### आपसी रंजिश में तीन जगहों पर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र मे तीन अलग अलग जगहो पर आपसी कहासुनी व रंजिश हुई मारपीठ के पीड़ितो ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है? ।जानकारी के अनुसार थाना जैदपुर के मौथरी गांव मुन्नी पत्नी रजा ने शिकायत करते हुए बताया कि शाम को सात बजे असलम, शाहे आलम, इस्लाम, रजिया, अनीस, मंतशा आदि ने फर्जी गालियां देते हुए मारापीटा, साथ ही उसकी लड़की व लड़के को भी लात घूसों से मारा पीटा, जबकि गोछौरा निवासी उर्मिला पत्नी गनेश प्रसाद ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि पड़ोस के केसोराम, सियाराम पुत्र राम फल प्रार्थिनी की जमीन पर खम्भा लगा रहे थे, जब इसका विरोध किया तो तो श्यामू की पत्नी रामू की पत्नी टिंकू की पत्नी रिंकू की पत्नी ने जमकर लात घूसों से मारापीटा। इसी क्रम में वीरेंद्र निवासी रामपुर मजरे पाठ मऊ ने बताया कि प्रार्थी की पत्नी मंदिर पूजा करने गयी थी देर होने पर देखने गया तो रास्ते मे गांव के पप्पू अजीत की पत्नी रामकली ने लोहे के पाइप से मारकर गिरा दिया। गांव वालों ने मिलकर छुड़ाया विपक्षी धमकी ने जान से मारने की धमकी देते हुये जिंदा ना छोड़ने की बात कही है। मारपीट में प्रार्थी के शरीर पर काफी छोटे आयी है। मौके पर 112 नंबर डायल कर सूचित किया गया था। वही इन तीनो शिकायतो के आधार पर जैदपुर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक प्रशिक्षण संपन्न



**मनकापुर /गोंडा, समृद्धि न्यूज।** कृषि विज्ञान केंद्र मनकापुर गोंडा में मंगलवार को मशरूम उत्पादन तकनीक विषयक एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ । प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अजीत सिंह वत्स वरिष्ठ वैज्ञानिक फसल सुरक्षा ने बताया कि मशरूम उत्पादन के लिए मशरूम स्पान, भूसा, फोरमेल्डिहाइड दवा, फफूंदनाशक दवा, छायादार बंद कमरे की जरूरत होती है। मशरूम का उत्पादन घर में अंधेरे स्थान पर पालीथीन बैग में कर सकते हैं। इसमें प्रोटीन की काफी मात्रा पाई जाती है। मशरूम मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभदायक है। पोषण सम्बंधी समस्याओं को दूर करता है। डॉ. रामलखन सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक शस्य विज्ञान ने मशरूम के पोषण एवं महत्व, डॉ. डीके श्रीवास्तव वरिष्ठ वैज्ञानिक पशुपालन ने मशरूम उत्पादन हेतु भूसा की गुणवत्ता, गेहूं के भूसा के स्थान पर अन्य फसलों के भूसा की जानकारी दी। डॉ. मनोज कुमार सिंह उद्यान वैज्ञानिक ने मशरूम के विपणन एवं डॉ. हनुमान प्रसाद पांडे मृदा वैज्ञानिक ने मशरूम उत्पादन से सम्बंधित संस्थानों जैसे कृषि विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, केंद्रीय मशरूम संस्थान सोलन हिमांचल प्रदेश के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षणार्थियों राजेश कुमार वर्मा, आनंद मिश्रा, अनिल कुमार मिश्रा, रामसागर वर्मा, देवानंद मिश्रा, प्रदुम प्रकाश श्रीवास्तव आदि ने मशरूम उत्पादन तकनीक का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों को अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन योजना के अंतर्गत मशरूम स्पान, फोरमेल्डिहाइड दवा, मशरूम उत्पादन हेतु बैग, फूंदनाशक दवा आदि का नि:शुल्क वितरण किया गया ।

### किंग्स एवं जायण्टस ने जीते अपने मुकाबले



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में पांचवें स्व रविन्द्र नाथ मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरुवार को दो मुकाबले खेले गए। पहले मुकाबले में डीसीए फाइटर्स के कप्तान कृष्णा सिंह ने टास जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया। कृष्णा सिंह के 57 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में पूरी टीम 115 रन बनाकर आल आउट हो गई।किंग्स की तरफ़ समीर शुक्ला एवं अर्पित मिश्रा ने 3–3 एवं अंश शुक्ला ने दो विकेट लिए। डीसीए किंग्स ने अंश शुक्ला के ताबड़तोड़ 40 गेंदों में 69 रनों की बदौलत 14 ओवर में ही 118 रन बनाकर 9 विकेट से मुकाबला जीत लिया । अंश शुक्ला को शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।दूसरा मुकाबला डीसीए जॉइंट्स एवं डीसीए राइडर्स के बीच खेला गया। राइडर्स के कप्तान अनंत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। अनंत सिंह के शानदार 70 गेंदों में 111 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में पूरी टीम ने 199 रनों का स्कोर खड़ा किया। जॉइंट्स की तरफ से अथर्व ने 3 विकेट लिये। 200 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए डीसीए जायंट्स की तरफ से कप्तान अश्विन तिवारी के शानदार 69 गेंदों में 12 चौकों एवं 7 छक्कों की मदद से 110 रनों की पारी की बदौलत 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। अश्विन तिवारी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।आज के मैच में अंपायरिंग की भूमिका में अकील अहमद व तुषार सोनी रहे। स्कोरर प्रदीप गुप्ता रहे। मैच का आंखों देखा हाल गोविन्द चौहान के द्वारा सुनाया गया। इस अवसर पर आयुष चित्रांश, मनीष सिंह, पंकज सिंह, शादाब खान टीटी एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

## प्राइवेट बस बना आग का गोला यात्रियों में मची अफरा-तफरी



- ढाबे पर खड़ी होते ही अचानक बस में लगी आग

**सहजनवा गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

सहजनवां तहसील क्षेत्र के अंतर्गत सीहापार स्थिति एक ढाबे पर बस में अचानक आग लगने से अफरातफरी मच गई वही किसी प्रकार का कोई नहीं हुआ कोई हताहत वही सभी यात्री रहे सुरक्षित घटनास्थल पर, करीब 35 से 40 मौजूद यात्रियों की भीड़ यह दर्शाती है कि सभी यात्री थे बस में सवार दिल्ली के बदरपुर से बिहार के लिए जा रही बस छठ पर्व मनाने के लिए दिल्ली के बदरपुर से लगभग 40 से 45 की संख्या में सवार यात्री बाबा खाटू श्याम ट्रैवल्स के प्राइवेट बस न. BR-06/PF-1024 में सवार होकर अपने घर जा रहे थे जैसे ही सहजनवा थाना क्षेत्र के भीटी चौराहे से पहले केसर ढाबे पर ड्राइवर ने बस को खड़ी कर चाय नाश्ता के लिए जैसे ही यात्री और ड्राइवर बस से उतरे वही तुरंत अचानक बस में आग लग गई और बस पूरी तरह से देखते ही देखते जलकर खाक हो गया मौजूद सभी यात्रियों का रो-रोकर बुरा हाल था वही सभी यात्रियों के नगद लाखों रूपये व बैग में रखें जेवरात, व जमीन के कागजात, सहित विभिन्न प्रकार की वस्तु जलकर हुई राख हो गई।बस में कोई भी यात्री मौजूद नहीं था सभी यात्री ढाबे पर भोजन कर रहे थे।

## प्रो. (डॉ.) मिर्जा शहाब शाह को मिला सम्मान पत्र



**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।** इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा पेसेफिक यूनिवर्सिटी उदयपुर में आयोजित अपनी 75वीं ऑल इंडिया कामर्स कॉन्फ्रेंस में प्रो. (डॉ) मिर्जा शहाब शाह को कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान पत्र प्रदान किया गया।इसे साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो (डा) दानपति तिवारी द्वारा प्रो शहाब को प्राचार्य कक्ष में प्रदान किया गया।इस अवसर पर कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित जर्नल कॉमर्स एंड बिजनेस स्टेडीज के 34वे अंक का विमोचन भी प्राचार्य प्रो.तिवारी द्वारा किया गया।वर्ष 2008 से प्रकाशित होने वाले इस जर्नल के प्रबंध संपादक प्रो. (डॉ) शाह एव मुख्य संपादक प्रोफ़ेसर बी.क़े. झा है।इस सम्मान पर प्रोफ़ेसर ए.क़े. मिश्र, प्रो अनुराग मिश्रा,प्रो आशुतोष त्रिपाठी,प्रो अमूल्य कुमार सिंह, प्रो जन्मेजय तिवारी,डॉ पूनम जोशी,प्रो वंदना जायसवाल,प्रो कविता सिंह,प्रो अरविंद मिश्रा, डॉ लवलेश मिश्रा,डा सद्दाम खान–सहायक शोध अधिकारी व डा राम लखन सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रो (डा) शहाब को बधाई दी।

## राशन कार्ड केवाईसी के बदले वसूली व खाद्यान्न घटतौली के मामले में कोटेदार को नोटिस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- कई लोगों के बयान के बाद गड़बड़ी की बात हुई थी उजागर

जिले के कर्नलगंज तहसील क्षेत्र अन्तर्गत एक गांव के कोटेदार द्वारा राशन कार्ड के केवाईसी के नाम पर पचास रुपये की अवैध वसूली करने, राशन कार्ड धारक को कम खाद्यान्न दिए जाने व चौहद्दी से हटकर खाद्यान्न का वितरण किये जाने के मामले में कोटेदार को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक तहसील कर्नलगंज क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर के कोटेदार की शिकायत हुई थी। जिस पर जिला पूर्ति अधिकारी ने पूर्ति निरीक्षक को भेजकर जांच कराई थी, पूर्ति निरीक्षक ने गांव में पहुंचने पर करीब 40 लोगों के बयान दर्ज किए गए थे, जिसमें केवाईसी के नाम पर वसूली किए जाने का मामला सामने आया था।

विकास खंड कर्नलगंज के ग्राम प्रतापपुर गांव के रहने वाले योगेश प्रताप ने अधिकारियों से शिकायत की थी कि गांव का कोटेदार केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली कर रहा है। एक किलो खाद्यान्न की कटौती भी कर रहा है। अपने चौहद्दी से हटकर खाद्यान्न का वितरण भी कर रहा है। आरोप यह भी था कि

क्षेत्र के निरीक्षक द्वारा कोटेदार को बचाने का भी प्रयास किया जा रहा है। इसकी शिकायत कई बार की गई लेकिन कोई जांच नहीं हो रही है, जिससे कोटेदार मनमानी कर रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी ने मामले के गंभीरता को देखते हुए मुख्यालय के पूर्ति निरीक्षक आनंद प्रकाश को जांच की जिम्मेदारी दी थी, जिस पर निरीक्षक ने गांव पहुंचकर जांच पड़ताल की थी। गांव पहुंचने पर कई राशन कार्डधारकों के बयान दर्ज किए गए थे। जांच में यह भी बात सामने आई थी कि कोटेदार पर स्थानीय पूर्ति निरीक्षक भी मेहरबानी दिखा रहे हैं। बताया जाता है कि मुख्यालय के पूर्ति निरीक्षक ने कई लोगों के बयान लिए थे,जिसमें गड़बड़ी की भी बात सामने आई है। कुछ लोगों ने खाद्यान्न पूरा मिलने का भी बयान दर्ज कराया है। निरीक्षक ने जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंपी। शिकायतकर्ता का आरोप है कि काफी समय से उसके द्वारा कम खाद्यान्न देने व केवाईसी में अवैध वसूली की शिकायत की जा रही थी लेकिन पूर्ति निरीक्षक ध्यान नहीं दे रहे थे। जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण

गोपाल पाण्डेय ने बताया कि विकास खंड कर्नलगंज प्रतापपुर गांव के एक व्यक्ति ने कम खाद्यान्न देने, केवाईसी के नाम पर अवैध वसूली समेत अन्य शिकायत की थी,जिसके जांच के लिए आनंद प्रकाश पूर्ति निरीक्षक को भेजा गया था। उनके द्वारा जांच की गई है। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद प्रतापपुर के कोटेदार को नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। जवाब मिलने पर परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सदर विधायक ने किया बकेवर महोत्सव का शुभारंभ

**बकेवर, समृद्धि न्यूज।**




श्री सत्यदेवी बिट्टा कुंअर संस्थान द्वारा आयोजित बकेवर महोत्सव का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने श्री प्रेम दास कठेरिया पूर्व सांसद की गरिमामई उपस्थित में फीता काटकर किया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत मेला कमेंटी अध्यक्ष अशोक चौबे, उपाध्यक्ष डा राजेश सिंह चौहान, महामंत्री जगराम सिंह, कोषाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चौहान, मंत्री विकास सिंह, शिवकरण सिंह , अनुज अवस्थी, राहुल शुक्ला, पुरुषोत्तम मिश्रा आदि पदाधिकारियों ने माल्यार्पण और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया।

मेला प्रांगण में आयोजित अखिल भारतीय कबड्डी प्रतियोगिता में विभिन्न क्षेत्रों से आई 12 कबड्डी टीमों, फिरोजाबाद, दतिया, बागपत अहेरीपुर, बकेवर, चकरनगर, इटावा, औरैया जसवंत नगर, सहिजपुर, चंदौली और भरथना, ने भाग लिया प्रथम राउंड में 6 मैच कराए गए जिसमें फिरोजाबाद को शातिर क्लब चंदौली ने, सहज पुर भरथना को तिलक स्टेडियम औरैया ने, चकरनगर को अहेरीपुर ने, की बागपत को इटावा ने,और बकेवर को दतिया की टीम ने शिकस्त दी

विजेता टीमों में शातिर क्लब चंदौली और तिलक स्टेडियम औरैया, बजरंग क्लब इटावा और बाहुबली क्लब दतिया, चकरनगर और अहेरीपुर, जसवंत नगर और बागपत के बीच कराए जा रहे हैं इन मैचों में विजेता 4 टीम सेमी फाइनल और फाइनल में 2 विजेता टीमों का मुकाबला होगा जिसमें विजेता टीम को 11000/एवं उप विजेता कबड्डी टीम को 5100/रुपए ,और सील्ड भेंट की जाएगी साथ ही प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया जाएगा। कबड्डी में खिलाड़ियों रोमांचक प्रदर्शन किया खिलाड़ियों के दाव पेचों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर विवेक कुमार यादव, एम पी सिंह तोमर, निशांत। चौधरी, सुशील राजपूत, विनय चौहान, विकास सिंह, सचिन कुमार, अभिषेक दोहरे, अनिल दुबे आदि गणमान्य व्यक्ति एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

## विदेश भेजने के नाम ली गई रकम की वापसी को लेकर मारपीट

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** विदेश भेजने के लिए 95000 रूपये लेकर वापस करने पर हुए विवाद में पीड़ित से मारपीट की गयी। जिसकी शिकायत जैदपुर थाना में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौथरी का जहां की पीड़ित मोहसिना बानो पत्नी मोहम्मद इस्लाम ने बताया कि दुबई भेजने के लिए 95000 अजमतुल पत्नी सिराज अहमद निवासी रमई का इंदारा थाना पटरंगा को दिया था।पैसा न वापस करने पर शिकायत कुछ दिन पूर्व पटरंगा थाने में की गयी थी।जहां आपसी समझौते में पैसे देने की बात तय की गयी थी? परन्तु बीते चार नवम्बर की शाम को जिसके माध्यम से पैसा दिया गया था उससे पैसे मांगने पर गांव के मुन्नी, मोहम्मद राजा, रफीक, शाहिद पुत्र गांव राजा शाहीन बानो पत्नी तूफैल निवासी मौथरी ने एकजुट होकर गंदी–गंदी गालियां देते हुए घर में घुसकर मारा पीटा, पीड़िता ने थाना जैदपुर में इस बात की शिकायत की,शिकायत के आधार पर जैदपुर पुलिस मे मुकदमा पंजीकृत जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## प्रधान ने मचाया तांडव दरवाजे पर चढ़ कर पीटा, चार लोग घायल, केस दर्ज

- पीड़ित के दरवाजे पर प्रधान बजा रहा था डीजे, मकान के अंदर फेंका रहा था पटाखा

**सहजनवां गोरखपुर, समृद्धि न्यूज।**

सहजनवा थाना क्षेत्र के डोमहर माफी प्रधान मंजीत सिंह एक परिवार पर कहर बन कर टूटा और पीड़िता और उसके स्वजन को पीट कर अधमरा कर दिया। महिला की हालत गम्भीर होने पर मेडिकल कालेज में उसका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी से ग्राम पंचायत डोमहर माफी प्रधान मंजीत सिंह रात्रि में अपने समर्थकों के साथ मूर्ति विसर्जन करने के लिए ले जा रहा था। गांव के एक विरोधी के दरवाजे के सामने डीजे से अश्लील गाना तेजी से बजा रहा था और अपने समर्थकों के साथ मिलकर पटाखा भी विरोधी के घर फेंक रहा था। जिसका विरोध घर मौजूद लड़के ने किया। इसके बाद प्रधान मंजीत सिंह,अजीत सिंह, विशाल सिंह, अम्बर, प्रदीप, रजत और तीन चार की संख्या में अज्ञात लोग लड़के पर लाठी डंडे हाकी से हमला कर दिया। बचाव करने आई महिला परमशिला 55 वर्ष को मारपीट कर अधमरा कर दिया। मनबढ़ो ने अरविंद सिंह 52 वर्ष, प्रिंस 16 वर्ष, अभिमन्यु 25 वर्ष को मारपीट कर घायल कर दिए। परमशिला की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अरविंद सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

इस संदर्भ में एसओ विशाल उपाध्याय ने कहा सभी आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज लिया गया है। प्रधान सहित आधा दर्जन लोगो को पाबंद किया गया है।

## डीपीएस इटावा के स्पोर्ट्स डे पर इस बार आयेंगे पैरालंपिक पदक विजेता नवदीप व अजीत सिंह

- 30 नवंबर को है, डीपीएस का स्पोर्ट्स डे
- इन दोनों ने इस बार जीते हैं गोल्ड और सिल्वर
- पीएम मोदी ने हाल ही में किया इन्हें सम्मानित







**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा इस बार फिर अपने % स्पोर्ट्स डे% 30 नवम्बर, 2024 को देश की ओलंपिक हस्तियों को बुला रहा है, जो स्कूल के बच्चों को प्रोत्साहित करने के साथ इटावा की धरती को भी धन्य करेंगे।

2024 पेरिस पैरालम्पिक खेलों में %जैवलिन थ्रो% स्पर्धा में इंडिया के लिये गोल्ड मैडल जीतने वाले नवदीप सिंह और सिल्वर मैडल जीतने वाले अजीत सिंह डीपीएस इटावा में पधार रहे है। इस बात की जानकारी एसएमजीआई चेयरमैन डॉ विवेक यादव और डीपीएस इटावा की प्रिंसिपल भावना सिंह ने देते हुए बताया है कि दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के यंग टेलेंटिड एथलीट्स को प्रोत्साहन के लिये यह दोनों पैरालंपिक विजेता खिलाड़ी स्कूल में आ रहे हैं।

उल्लेखनीय हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इन दोनों विजेताओं जैवलिन थ्रोअर नवदीप सिंह और अजीत सिंह को व्यक्तिगत तौर पर प्रधानमंत्री आवास बुलाकर उन्हें शुभकामनायें देते सम्मानित किया है।

दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने बताया कि पूर्व में भी उनके स्कूल के एनुअल स्पोर्ट्स डे के अवसरों पर विश्व के सर्वश्रेष्ठ और भारत के लिये विभिन्न खेलों में पदक जीतकर गौरवान्वित करने वाले स्पोर्ट्स स्टार - मैरी कॉम, साइना नेहवाल, धनराज पिल्लै, दीपक ठाकुर, देवेश चौहान आदि हमारे स्कूल के खिलाडियों को प्रोत्साहित करने आ चुके हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल, इटावा अपने विधार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिये हमेशा से कृतसंकल्पित है, इसी का परिणाम है कि डीपीएस इटावा में पढ़ने वाले बच्चे सीबीएसई परीक्षा परिणामों में टॉपर्स के रूप में अपना प्रदर्शन देते हैं, साथ ही सीबीएसई की नेशनल और जोनल स्तर की विभिन्न खेल स्पर्धाओं में पदकों को जीतकर स्कूल और अपनी स्पोर्ट्स क्षमताओं का निरंतरव गौरवपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं।यह सब स्कूल के शानदार खेल इंफ्रास्ट्रक्चर और योग्य खेल कोचों की वजह से ही संभव हुआ है।

इस वर्ष विभिन्न खेल स्पर्धाओं में सीबीएसई नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया और जोन स्तरीय खेलों में दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा के बच्चों ने ही अकेले 50 से ज्यादा गोल्ड सिल्वर, ब्रॉन्ज मैडल जीतकर जनपद इटावा को गौरवान्वित किया है द्ध विवेक यादव ने कहा कि इसलिये ही वह इटावा के अपने यंग एथलीट्स को प्रोत्साहन के लिये निरंतर देश के विश्व स्तरीय खिलाड़ियों को हर वर्ष अवश्य आमंत्रित करते रहे हैं।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3 जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1345/ई.ई.-3/जीएल-7/24-25 दिनांक- 06.11.2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/ आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनांक 13.11.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 13.11.2024 को समय 2:00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेस्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के पदनाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेस्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार बिना कारण बताये महाप्रबन्धक, जलकल विभाग में निहित होगा। पूर्व विवरण कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing Denting Painting of Channi Lal Tubewell Mahanagar Lko | 2500.00 | 150 | 07 दिवस |

**निविदा प्राप्त करने की शर्त:-** 1 निविदादाता का सेल टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशासी अभियन्ता जोन-3**
**जलकल विभाग,**
**नगर निगम, लखनऊ**

# चार दिनों से लापता गगन का शव निचली नहर से बरामद

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, शुरू हुई जांच
- मृतक के शरीर पर मिले चाकूओं के घाव

**तिर्वा कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के जगतापुर गांव से चार दिनों पहले रहस्यमय ढंग से घर के सामने से गायब हुए गगन उर्फ रामू गुप्ता (20) का क्षत विक्षत शव बुधवार की सुबह 10 बजे के करीब चटुरूआपुर गांव के सामने निचली गंग नहर में उतराता मिला। शव के होने की जानकारी मिलते ही एएसपी, सीओ तिर्वा, तिर्वा कोतवाल व इंदरगढ़ थानाध्यक्ष मौके पर पहुंचे। शव को नहर से बाहर निकाला। परिजनों को सूचना देकर शव की शिनाख्त कराई। हत्यारों ने शव पर चाकूओं से करीब एक दर्जन प्रहार किए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। देर शाम पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द भी इंदरगढ थाने पहुंचे हैं। जगतापुर गांव निवासी रमेश गुप्ता का युवा पुत्र गगन उर्फ रामू वीए का छात्र था। वह दिल्ली में एक प्राईवेट कम्पनी में नौकरी करता था। दीपावली के पर्व पर वह दिल्ली से वापस घर आया था। भाईदूज के दिन वह घर के बाहर से रहस्यमय ढ़ंग से लापता हो गया था। देर रात तक परिजनों ने उसकी खोजबीन की। पता न चलने पर सोमवार की सुबह इंदरगढ़ थाने पहुंचकर पुत्र की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। इंदरगढ़ पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की और युवक के मोबाइल की



परिजनों से वार्ता करते एएसपी अजय कुमार



कॉल डिटेल खंगाली तो कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए। इन नंबरो से युवक से कई बार बात की गई तथा लापता होने से कुछ समय पहले भी एक मोबाइल नंबर से वार्ता हुई थी। इसके आधार पर पुलिस ने जांच आगे बढ़ाई। एक युवती व दो युवको से पूछताछ शुरू की।

पुलिस का दबाव बढ़ा, तो एक युवक ने पुलिस को कुछ जानकारी दी। इस जानकारी के आधार पर मंगलवार को इंदरगढ़ पुलिस ने निचली गंग नहर के कई क्षेत्रों को तलाशा, लेकिन सफलता नहीं मिली। बुधवार की सुबह चटुरूआपुर गांव के कुछ लोग जब नहर की ओर गए, तो उन्होने एक युवक का शव उतराता देखा। इसपर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही अफसर मौके पर पहुंचे। शव को नहर से बाहर निकाला। जांच पड़ताल शुरू हुई, तो शव की शिनाख्त लापता रामू के रूप में की गई। युवक का शव मिलने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

### पार्टी करने के बहाने घर से ले गया था गगन का मित्र अंकित

**तिर्वा।** भाईदूज के दिन घर के सामने से रहस्यमय ढ़ंग से लापता हुए गगन गुप्ता को उसका मित्र अंकित पार्टी करने के बहाने से ले गया था। इसके बाद उसका शव निचली गंग नहर से बरामद हुआ। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी के मुताबिक अंकित को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। उससे विस्तृत पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान ही अंकित ने पुलिस को बताया कि वही गगन को घर से लेकर आया था। उसकी एक महिला मित्र से रामू बात करता था। जिसको वह पसंद नहीं करता था।



फीताकाटकर उद्घाटन करते एसपी

## एसपी ने ट्रैफिक कमांड सेंटर का किया उद्घाटन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन में ट्रैफिक कमांड सेंटर का फीता काटकर उद्घाटन किया। ट्रैफिक कमाण्ड सेंटर की शुरूआत जनपद के 11 सार्वजनिक स्थानों पर 44 कैमरों को लगवाकर की गयी है। सेन्टर से यातायात की मॉनिटरिंग की जाएगी।सड़कों पर जाम की स्थिति होने पर निकटतम पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा। जिससे यातायात व्यवस्था व कानून व्यवस्था और बेहतर होगी और यदि कोई वाहन यातायात के नियमों का उल्लंघन करता है। तो उसके विरूद्ध विधिक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

# मिशन शक्ति फेज-5 विशाखा गाइड लाइन के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

क्षेत्र के अनौगी डॉ भीमराव अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय में मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइड लाइन के अनुसार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे मुख्य वक्ता डॉ. हरि ओम वर्मा ने बताया कि भंवरी देवी कांड के आधार पर भारत के सुप्रीम कोर्ट ने विशाखा गाइडलाइन जारी की।

जिसके तहत कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न के बारे में विस्तृत गाइडलाइन संस्थाओं को जारी किए गए। गाइडलाइन के अनुसार हर संस्था में लैंगिक उत्पीड़न प्रकोष्ठ गठित किया जाएगा। जिसके आदेश से अधिक सदस्य महिलाएं होंगी। समिति के निराकरण से संतुष्ट न होने पर महिला पुलिस केस कर सकती है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि महाविद्यालय में भी आंतरिक लैंगिक उत्पीड़न निरोध सेल कार्यरत है। और विशाखा गाइडलाइन को पूरी तरीके से महाविद्यालय में लागू किया गया है। इस मौके पर डॉ हेमेंद्र सिंह, डॉ. हरिराम यादव, डॉ. नागेंद्र सिंह, डॉ.सत्यवीर सिंह, डॉ. डिंपल कुशवाहा सहित छात्र- छात्राएं मौजूद रहें।



कार्यक्रम में जानकारी देते शिक्षकगण

# आईएसआई मार्का युक्त रेग्यूलेटर और सुरक्षा पाईप का करें उपयोग

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

एलपीजी घरेलू/व्यवसायिक गैस सिलेण्डर के उपयोग में अधोमानक/ नान आईएसआई मार्का गैस स्टोव, रेग्यूलेटर तथा सुरक्षा पाईप के उपयोग किये जाने से अप्रत्याशित हादसे होते हैं। जिसमें जान व माल कि व्यापक क्षति होती हैं। उक्त बातें जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने कही। उन्होंने बताया कि बातें दिनों ग्राम पनियारेपुर्वा में हुई घटना में परिवार के कई व्यक्ति घायल हुये हैं। जिस पर जिलाधिकारी ने दु:ख प्रकट करते हुये लोगो को जागरुक करने को निर्देश दिये है। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया है कि गैस सिलेण्डर उपयोग के दौरान मानक अनुरूप गैस स्टोव, गैस रेग्यूलेटर तथा सुरक्षा पाईप का उपयोग किया जाये तो अप्रत्याशित हादसों से बचा जा सकता है। उन्होने जनपद वासियों से अपील करते हुये कहा है कि घरों मे तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में एलपीजी गैस सिलेण्डर (घरेलू/ व्यवसायिक) के उपयोग के दौरान आयल कम्पनी द्वारा प्रमाणित आईएसआई मार्क युक्त मानक अनुरूप गैस रेग्यूलेटर तथा सुरक्षा पाईप का ही उपयोग करें। जिससे अनहोनी घटनाओं से बचा जा सके। एलपीजी गैस के उपयोग एवं आवश्यक सावधानियों की जानकारी के सम्बंध में अपने एलपीजी एजेंसी पर सम्पर्क करें।

# प्रधानमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन पूर्व राज्य मंत्री विधायक को सौंपा

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

पूर्व राज्य मंत्री के आवास पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल प्रांतीय सदस्य के नेतृत्व में प्रधानमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन पूर्व राज्य मंत्री को सौपा।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव दुबे के नेतृत्व में व्यापारियों ने पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे के आवास पर पहुंचकर पांच सूत्रीय प्रधानमंत्री संबोधित लिखित ज्ञापन उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे को सौप जिसमें प्रधानमंत्री से मांग की गई है व्यापारी एमएससी बनाया जाए व्यापारियों के लिए स्वास्थ्य की व्यवस्था की जाए 60 साल से ऊपर व्यापारियों को पेंशन की व्यवस्था की जाए सहित पांच सूत्री लिखित ज्ञापन देते समय भास्कर चतुर्वेदी मोहित कुशवाहा सुभाष दुबे नवनीत प्रीतेश सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।



## पुलिस हिरासत से भागा आरोपी, दौड़कर पुलिस कर्मियों ने दबोचा

**तिर्वा।** अंकित को पूछताछ के लिए जब पुलिस उसे गांव से थाने लेकर आ रही थी। उसी दौरान वह पुलिस को चकमा देकर भाग खड़ा हुआ। इसपर मौजूद पुलिस कर्मियों ने भी उसका पीछा किया। पूराराय गांव के निकट एक ट्यूबेल के पास से उसको दबोच लिया। पुलिस से बचने के लिए वह दीवाल में अपना सिर पटक रहा था। उसे उम्मीद थी कि चोटिल हो जाने पर पुलिस उसको छोड़ देगी।

## हत्यारों ने चाकूओं से गोद कर दी थी गगन की हत्या, मामला प्रेम प्रसंग का

**तिर्वा।** निचली गंग नहर से गगन का शव बरामद होने के बाद जब पुलिस अफसरों ने शव का निरीक्षण किया, तो पाया कि उसके शरीर के कई स्थानों पर चाकूओं के घाव है। हत्यारों ने चाकूओं से गोदकर उसकी निर्मम हत्या की है। इंदरगढ़ थानाध्यक्ष के मुताबिक यह पूरा प्रकरण प्रारम्भिक जांच पड़ताल में त्रिकोणीय प्रेम प्रंसग का लग रहा है। इसमें कुछ अन्य लोगों के भी शामिल होने की आंशका है। जिसको लेकर पुलिस सभी पहलूओं पर जांच पड़ताल कर रही है। थाने में दर्ज गुमशुदगी के मामले को तरमीम कर हत्या का मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

# सम्राट अशोक के स्तंभ की स्थापना से बढ़ेगा कन्नौज जिले का गौरव

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

- बुद्ध विहार में होगा विश्व के सबसे विशाल अशोक स्तम्भ का निर्माण
- बैठक में कार्य योजना पर विस्तार से हुई चर्चा

नगर से लगे ग्राम लक्षीराम नगला में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य के आवास पर आयोजित बैठक में यहां के बुद्ध विहार में विश्व के सबसे विशाल अशोक स्तंभ के निर्माण की कार्य योजना पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे महा समता बुद्ध विहार संकिसा के भिक्षु चेतसिक बोधि ने कहा अशोक स्तंभ का निर्माण यहां के लिए ऐतिहासिक कार्य है। इससे कन्नौज जिले का गौरव पूरी दुनिया में बढ़ेगा अतः इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। तथागत बुद्ध विहार, सम्राट अशोक चेरिटेबिल ट्रस्ट के संरक्षक ओमकार शाक्य ने कहा महान सम्राट अशोक के सम्मान में तथागत बुद्ध विहार नगला लक्षीराम में ऐतिहासिक विश्व के सबसे ऊँचे (101 फीट) अशोक स्तम्भ एवं तथागत बुद्ध विहार का निर्माण प्रस्तावित है। मैं चाहता हूं कि इसके निर्माण में सभी की सहभागिता हो अतः आप सभी से अनुरोध है कि तन मन धन से इस महती कार्य में सहयोग करें। उन्होंने कहा प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग में आवेदन करने पर पर्यटन विभाग ने भी यहां सर्वे कराया है। अशोक स्तंभ हम सभी को बनाना है जबकि अन्य कार्य पर्यटन विभाग से कराने के लिए प्रयास किया जा रहा है।

अतः समी बन्धुओं से निवेदन है कि इस ऐतिहासिक निर्माण कार्य में अपना यथाशक्ति सहयोग प्रदान करें। इसके अलावा पूर्व जिला पंचायत सदस्य जीतू शाक्य, ब्लॉक प्रमुख हसेरन पुष्पेंद्र शाक्य, ग्राम प्रधान ढिपारी गिरेंद्र सिंह शाक्य, पूर्व प्रधानाचार्य द्वारिका प्रसाद शाक्य, भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रामेंद्र त्रिपाठी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष ऋषभ मिश्रा सहित कई लोगों ने इस कार्य की सराहना करते हुए पूरे सहयोग का आश्वासन दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा यहां पर विश्व के सबसे उंचे अशोक स्तंभ की स्थापना से आप सभी का गौरव बढ़ेगा। इसके साथ ही यह स्थान देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी शामिल हो जाएगा। उन्होंने महा समता बुद्ध विहार संकिसा के भिक्षु चेतसिक बोधि अशोक स्तंभ का प्रतिरूप भेंट किया।




## दुकान मे लगी आग हजारों का सामान जलकर राख

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहल्ला वनवारी नगर स्थित सरकारी कोटे की दुकान मे पटाखे की चिंगारी से आग लग गई। इसकी जानकारी जब हुई तब दुकान के अन्दर से आग की लपटे निकलती दिखाई दी जब आसपास के लोगो ने कोटेदार अनुराग त्रिपाठी पुत्र लल्ला बाबू त्रिपाठी किराए पर सरकारी कोटे की दुकान चलते है। उनको इसकी खबर दी जब आनन-फानन मे कोटेदार के आने पर दुकान खोली गई तो पता चला कि दो दुकाने थी जिसमे दो दिन पूर्व ही गरीबो का राशन आया था और दुसरी दुकान मे बरसाना रखा था उसी मे आग लग गई। आसपास के लोगो ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस के आने तक लोगो ने समर द्वारा आग पर काबू पा लिया था।

# यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी का जिलाधिकारी ने किया अवलोकन

### शहर के पुलिस लाइन में यातायात जागरूकता कैंप का हुआ आयोजन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में चलाएं जा रहे यातायात माह के क्रम में शहर के पुलिस लाइंस के मनोरंजन हॉल में यातायात जागरूकता कैंप का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न यातायात उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसका अवलोकन जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने स्कूलों/कॉलेजों के छात्र/ छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य उपस्थित लोगों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी दी गयी। तथा सभी को यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन में यातायात के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सड़क सुरक्षा को प्रोत्साहित करना है। यह आयोजन नागरिकों को सड़क सुरक्षा की दिशा में मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर यातायात प्रभारी आफाक खां सहित आदि लोग रहे।



## मार्ग दुर्घटना में तीन घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बाइक सवार ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए अन्य बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर सवार पति, पत्नी व पुत्री घायल हो गए थे। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से आनन फानन उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना तालग्राम के ग्राम पिड़ारीखेड़ा निवासी सुखदेव उर्फ पंकज पुत्र राकेश चन्द्र ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 30 अक्टूबर की सुबह लगभग 11 बजे वह अपनी पत्नी पिंकी व पुत्री अनुष्का राजपूत को बाइक पर बैठा कर जा रहा था। तभी बाइक के अज्ञात चालक ने तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी बाइक में पेट्रोल पंप के निकट टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार पति, पत्नी व पुत्री घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्ट्रेट में किसान मेला व प्रदर्शनी आयोजित

- प्रदर्शनी का अवलोकन करते विधायक कैलाश राजपूत व अधिकारीगण

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

नमामि गंगे एवं नेशनल मिशन आन एडिबल आयल (आयलसीड) योजनान्तर्गत किसान मेला/ कृषि प्रदर्शनी तथा कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रबी उत्पादकता गोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक कैलाश राजपूत, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विधायक कैलाश राजपूत ने उपस्थित कृषकों से अपील की कि वह प्रधानमंत्री की मंशा के अनुरूप नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग को बढ़ावा दें तथा उत्पादन लागत में कमी लाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कृषकों की आय दो गुनी करने के लिए किसान भाई उन्नत तकनीकी से उत्पादन बढ़ाने एवं उत्पादन लागत में कमी करना तथा कृषि उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार कृषि उत्पादों का प्रसंस्करण, ब्रान्डिंग, पैकेजिंग एवं विपणन महत्वपूर्ण पहलू है। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक अरविन्द कुमार सिंह और डॉ अमर सिंह वरिष्ठ उद्यान वैज्ञानिक ने भी किसानों को जागरूक किया। मानवेन्द्र सिंह क्षेत्रीय प्रबन्धक इफको द्वारा कृषकों को नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया की प्रयोग विधि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए बताया गया कि इस उत्पाद की 01 बोतल 01 बोरी दानेदार खाद के बराबर कार्य करती है। इस दौरान जनपद स्तरीय अधिकारियों सहित लगभग 450 प्रगतिशील कृषकों ने प्रतिभाग किया।



## बच्चों के विवाद में जाति सूचक गाली गलौज कर की फायरिंग

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बच्चों के विवाद में गांव के लोगों ने जाति सूचक गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और फायरिंग कर दहशत फैला दी। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम खाड़ेदेवर निवासी मोहिनी पुत्री कल्लू गिहार ने कोतवाली पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि बुधवार की शाम करीब 5.30 बजे गांव के ही सात लोगों ने बच्चों के विवाद को लेकर उसके घर में घुस आए और जाति सूचक गाली गलौज करने लगे। साथ ही परिवार में मौजूद महिलाओं व बच्चों से मारपीट भी की। हमारे घर की महिलाओं के कपड़े भी फाड़ दिए। दहशत फैलाने के लिए के लिए तमंचा से हवा में फायर की। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रतिमा स्थापना के लिए सपाईयों ने किया भूमि पूजन

- निजी भूमि पर स्थापित होगी सपा संस्थापक की प्रतिमा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने और अपनी निजी भूमि पर नेता जी का स्मारक बनाने के लिए सपा नेता ने हवन कर भूमि पूजन किया और पुष्प अर्पित कर प्रसाद वितरित किया।

बुधवार को ग्राम कटकैया निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व छात्र सभा सचिव एवं सपा नेता श्याम यादव ने अपनी निजी भूमि पर सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा स्थापित करने व स्मारक बनवाने के लिए विधिवत भूमि पूजन कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही मिष्ठान वितरण किया। इससे पूर्व भी जब नेताजी की तबियत ठीक नहीं थी और वह दिल्ली के अस्पताल में भर्ती थे। उस समय भी श्याम यादव ने नेताजी के लिए अपने संपूर्ण अंगदान की घोषणा की थी। इसी के साथ सपा नेता श्याम यादव ने कहा कि लगातार उनकी प्रतिमा का काम हमारे निजी भूमि पर चलता रहेगा और हम नेता जी को सदैव याद करते रहेंगे। इस मौके पर शास्त्री उदयवीर सिंह यादव, राजेश गुप्ता, आशुतोष यादव, रजनीकांत यादव, गौरव यादव, राहुल, नितिन, आकाश, सचिन, कल्लू आदि लोग उपस्थित रहे।



भूमि पूजन करते सपा नेता श्याम यादव व अन्य।

## मारपीट की घटनाओं में तीन लोग हुए घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दरवाजे पर बैठकर आपस में बातचीत कर रहे हैं लोगों से गांव के लोगों ने गाली गलौज की। विरोध करने पर उसे व उसके पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम बसावनपुरवा निवासी राकेश शर्मा ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि सोमवार की शाम करीब 08 बजे गांव के महिपाल, मंजेश, वीरपाल व रंजीत ने नशे की हालत में दरवाजे पर आकर गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे व उसके पुत्र ललित को मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही गोली मार देने की धमकी भी दी। वही दूसरा मामला ग्राम जलालाबाद निवासी सर्वेश कुमार पुत्र सोनेलाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 16 अक्टूबर की शाम करीब 05 बजे जलालाबाद स्थित सरकारी ट्यूबवेल के पास तिलपई निवासी पिंटू उर्फअंटू आए और बेवजह गाली गलौज शुरू कर दी।

# शिव शक्ति अखाड़ा ने नगर में निकाली सशस्त्र पद यात्रा

**गुरहसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**

हिंदुओं में विघटित जातियों को संगठित करने के उद्देश्य से शिव शक्ति अखाड़ा के द्वारा नगर में जनसभा का आयोजन किया गया। इसके बाद नगर भ्रमण कर पदयात्रा निकाली गई और एकजुट होकर समरसता का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर पदयात्रा में मौजूद लोगों का स्वागत किया गया।

बुधवार को नगर पहुंची सशस्त्र सन्यासी पदयात्रा का फूल माला पहनाकर व पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया गया। नगर के श्री राम जानकी मंडपम में शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख मधुराम शरण शिवाजी ने बताया कि 25 अक्टूबर से पदयात्रा को बिठूर से प्रारंभ किया गया था। बताया कि पदयात्रा ढाई वर्ष में 21 जिले 210 ब्लॉक 70000 गांव में 31 जातियों के सन्यासियों के साथ पदयात्रा करेगी। जिसमें हिंदू धर्म में विघटित जातियों के हिंदुओं को संगठित करने का कार्य किया जाएगा। उन्होने कहा कि हिंदू धर्म के लोग देवी देवताओं का सार्वजनिक अपमान बंद करें।

उन्होने कहा कि जाति का भेदभाव छोड़ कर सभी सशस्त्र होकर एकजुट हो। हिंदू संगठित और समरसता से रहे। यही हम सभी का उद्देश्य है। इस दौरान पीयूष, गोविंद, हर्षित, अखिल, सरदार चरणजीत, जीतू तिवारी, संजीव गुप्ता, बृजेश कौशल, शैलेश आचार्य, ध्रुव गुप्ता, बृजेश गुप्ता, आदेश मिश्रा, निखिल सक्सेना, अमन कठेरिया, भूरा कठेरिया, अमित बाथम, ऋषभ कश्यप ,कमल कश्यप, प्रशांत गुप्ता, बृजेश गुप्ता, संजय तिवारी, देवेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।



नगर में पदयात्रा निकालते शिव शक्ति अखाड़ा प्रमुख।

# समृद्धि मीडिया ग्रुप के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के जन्मदिन पर शुभकामनाओं का सैलाब

- जनमानस ने की डॉ. साहब की लंबी उम्र और सुख समृद्धि की कामना
- अपने-अपने तरीके से समृद्धि परिवार के सदस्यों ने मनाया जन्मदिन, बांटी मिठाई

*राह थी कठिन आपके ही सुप्रयास ने सरल कर दिया पथ भर दी हैं खाइयां,*
*वंचितों, दुखीजनों को रुग्ण दीन बन्धुओं को राहत प्रदान मिटाकर बिबाइयां,*
*पत्रकारिता को मानदण्ड दिये नूतन प्रसिद्धि बन रहेगी सदैव परछाइयां,*
*जन्मदिन आपको मुबारक रहे सदैव बधाईयां-बधाईयां, बधाईयां*

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समृद्धि मीडिया ग्रुप के यशस्वी चेयरमैन डॉ. जितेंद्र सिंह यादव जी का जन्मदिन समृद्धि न्यूज परिवार के सदस्यों ने अपने-अपने तरीके से मनाया और उनकी दीर्घायु की कामना की। इसी क्रम में फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज दैनिक समाचार पत्र के जिला कार्यालय में सादगीपूर्ण व गरिमामय माहौल में जन्मदिन मनाया गया और एक दूसरे का मुंह मीठा कराकर संस्था के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना करते हुए डॉ. जितेंद्र सिंह यादव की लंबी उम्र की कामना की गयी। इस अवसर पर मिष्ठान वितरण किया गया। डॉ. जितेंद्र सिंह यादव के समाजसेवी कार्य, सरल स्वभाव, अन्तिम व्यक्ति को शिक्षित करने की ललक, फर्रुखाबाद को विश्व के मानचित्र पर पहुंचाने का सपना हम सबके लिए प्रेरणा की बात है। उनके प्रयासों से जिले की पत्रकारिता को नये आयाम मिले और समृद्धि मीडिया ग्रुप की स्थापना हुई। जो दिन पर दिन लोकप्रियता के नये मुकाम हासिल करता जा रहा है। समाचार पत्र निरंतर प्रकाशित हो रहा है और लगातार ही उसका विस्तार होता जा रहा है। समृद्धि न्यूज जन-जन की आवाज बनता जा रहा है। समृद्धि परिवार ईश्वर से प्रार्थना करता है आप और अधिक यशस्वी हों, दीर्घजीवी हों, स्वस्थ रहें, निर्भीक रहें, समृद्ध रहें और अशिक्षा रूपी अज्ञानता का नाश करते रहें। हम सब परम पिता ईश्वर से प्रार्थना करते हैं एक बार पुनः जन्मदिन की ढेरों मंगलकामनाएं। इस मौके पर ब्यूरो प्रमुख विनोद श्रीवास्तव, आशुतोष त्रिपाठी, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, विकास कुमार, विवेक कुमार, नीलू कुमार सहित समस्त स्टाफ व शुभचिंतक मौजूद रहे।


डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते समृद्धि परिवार के लोग

# पिता-पुत्र से मारपीट व बहन से छेड़छाड़ करने में चार पर मुकदमा दर्ज

- घटना के पांच दिन बाद दर्ज हुआ मुकदमा

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

मेरापुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी भाई ने नौली निवासी रवि पुत्र शिवनाथ, अनुज पुत्र विश्वनाथ, हरिनाथ पुत्र विजेंद्र सिंह, उमेश पुत्र विद्याराम के विरुद्ध रास्ते में घेरकर मारपीट व छेड़छाड़ करने का मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार दी गयी तहरीर में कहा गया कि 1 नवम्बर को पीड़ित चार पहिया वाहन से अपने पिता के साथ अपनी बहन को नवाबगंज से दवा दिलाकर वापस घर लौट रहा था। जब पीड़ित मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव गनेशपुर चौराहे पर पहुंचा, तभी उक्त आरोपितों ने पीड़ित के आगे पीछे वाहन लगाकर उसके वाहन को घेरकर रोक लिया और लाठी-डंडा, राड व अन्य हथियारों से हम लोगों के साथ मारपीट तथा बीमार बहन के साथ भी मारपीट कर छेड़छाड़ की। मारपीट में पीड़ित के शरीर में गंभीर चोटें व उसके पिता के शरीर में गुम चोटें तथा बहन के हाथ में चोटें आयी हैं। तहरीर में कहा गया है कि आरोपितों ने पीडित से 2 लाख 10 हजार रुपये मकान बनवाने के लिए उधार लिये थे और विनोद को 1 लाख रूपये दिलाए थे। रुपये ना दे पाने पर खेत देने की बात कही थी।

जब पीड़ित ने रूपये वापस मांगे, तो उक्त आरोपितों व्दारा पीड़ितों के साथ मारपीट की गई। मेरापुर पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना के पांच दिन बाद मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच दरोगा रवि सोलंकी के सुपुर्द कर दी है।

# औषधि निरीक्षक को मेडिकल स्टोर पर छापे में मिली कमियां


मेडिकल स्टोर पर छापेमारी करते औषधि निरीक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह के नाम से संबोधित शिकायती प्रार्थना पत्र पर औषधि निरीक्षक ने प्रतिमा मेडिकल स्टोर जिला जेल चौराहे का औचक निरीक्षण किया एवं फर्म से 10 प्रकार की औषधियां के क्रय विक्रय अभिलेख तलब किए। फर्म संचालक द्वारा औषधियों के विक्रय हेतु बीजक नियमित जारी नहीं किया जा रहा था तथा शेड्यूल एच-1 की औषधियाँ का रिकॉर्ड नियमित नहीं तैयार किया गया था। जिसके लिए फर्म संचालक को चेतावनी देते हुए 7 दिनों की मोहलत देकर कमियों का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। कमियों के सापेक्ष फर्म संचालक को कारण बताओं नोटिस निर्गत किया गया। साथ ही संचालक को चेतावनी दी गई की औषधियो के विक्रय करने से पहले औषधियों की कालातीत तिथि आवश्य रूप से चेक करें एवं कालातीत औषधियों का निस्तारण औषधि एवं सौंदर्य प्रसाधन के नियम 66 के प्रावधान अनुसार अवश्य करें। नियम का उल्लंघन करते पाए जाने पर नियमानुसार लाइसेंस का निलंबन अथवा निरस्तीकरण की कार्यवाही की जा सकती है।

# सभापति सदर विधायक ने रोडवेज बस स्टैण्ड का किया निरीक्षण, मिलीं खामियां

## तीर्थ स्थलों पर नई बसें चलवाने व परिसर में पुलिस चौकी खुलवाने की कही बात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सार्वजनिक उपक्रम एवं निगम संयुक्त समिति के सभापति सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान खामियां मिलीं। जिस पर उन्होंने नाराजगी जतायी और रोडवेज विभाग के संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अंदर खामियों का निस्तारण करें और शीघ्र ही रोडवेज परिसर में पुलिस चौकी खुलवाने के लिए पुलिस अधीक्षक से भेंट करें। काफी दिनों से रोडवेज परिसर में सरकारी कैण्टीन बंद होने पर उन्होंने नाराजगी जतायी और यात्रियों के लिए कैण्टीन सुविधा शुरु कराने के निर्देश दिये।

रोडवेज परिसर में बन रहे सेल्फी प्वाइंड को एआरएम द्वारा रुकवा दिया गया था। निरीक्षण के दौरान बुधवार को विधायक ने जीएम अंकुर विकास व आर.एम. उमेश आर्या, ए.आर.एम. राजेश कुमार को निर्देशित किया कि शीघ्र सेल्फी प्वाइंट का निर्माण कार्य शुरु किया जाये। सेल्फी प्वाइंट को रुकवाने के लिए विधायक ने ए.आर.एम. को आड़े हाथों लिया और शीघ्र काम शुरु कराने के निर्देश दिये। मौके पर डी.आर.डी.ए. के अधिकारी बुलाकर सेल्फी प्वाइंट को शुरु कराने के निर्देश दिये। रोडवेज परिसर में बीच में बाउंड्री व दोनों तरफ आने जाने के गेट बनवाने की बात कही। जिस पर जीएम ने आश्वासन दिया कि इसका भी शीघ्र कार्य शुरु करा दिया जायेगा। गेट के दोनों ओर अवैध रुप से संचालित कैण्टीनों के बारे में पूछा कि किस आधार व जियो के तहत यह कैण्टीन चालू करायी गयी हैं, उसका ब्यौरा दिया जाये।


रोडवेज बस स्टैण्ड का निरीक्षण करते मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी

साथ ही उन्होंने बसों के आवागमन को लेकर यात्रियों की सुविधाओं के लिए नई बसें चलाने के लिए प्रपोजल तैयार कर शासन को भेजने के निर्देश दिये। जिसमें फर्रुखाबाद से मथुरा व अयोध्या, नैमिषारण्य, बनारस खाटूश्याम आदि स्थानों पर नई बसें चलाने की बात कही। 25 से 30 किलोमीटर की रेंज में छोटे कस्बा व नगर पंचायत स्तर पर मिनी बसें चलाने की बात कही। जिसको शीघ्र चलाने का आश्वासन मिला। छिबरामऊ मार्ग पर परमिट न होने के कारण रोडवेज बसों का आवागमन बंद है। जिससे डग्गामार बसों की चांदी है। ऐसे में परमिट तैयार कर छिबरामऊ मार्ग पर भी बसें चलाने की बात कही। यात्रियों की सुविधा हेतु पूछताछ के लिए इलेक्ट्रिक एलईडी लगायी गयी। जिसमें समय सारिणी बसों की लिखी रहे। सुरक्षा की दृष्टि से एजेंसी अपने गार्डों को लगाये और उन्हें ड्रेस भी पहनने के लिए कहा गया। सार्वजनिक शौचालय न होने पर भी नाराजगी जतायी। तिरंगे झंडे के पास बाउंड्रीबाल का निर्माण शुरु कराया जाये। एक किलोमीटर परिधि में निजी वाहन सवारियां ढोते मिलें तो कार्यवाही हो, आदि बातें कहीं। इस मौके पर जीएम अंकुर विकास, आर.एम. उमेश आर्या, एआरएम राजेश, बस स्टेशन प्रभारी एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# पुलिस की मिलीभगत से हो रही हरे वृक्षों की कटान


आम का काट पड़ा वृक्ष

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

तहसील कायमगंज थाना मेरापुर क्षेत्र में पुलिस की मिलीभगत से हरे वृक्षों का कटान हो रहा है। सरे आम हरे वृक्षों की कटाई की जा रही है। पुलिस और वन विभाग अनजान बना हुआ है। बुधवार को तहसील कायमगंज थाना मेरापुर क्षेत्र के गांव कुरार निवासी एक ब्राह्मण ने सरेआम कुरार के मजरा महमदपुर स्थित अपने खेत में खड़े आम के हरे वृक्ष को बिना किसी अनुमति के कटवा कर बिक्री कर दिया और आम के वृक्ष की कटी हुई लकड़ी को ट्रैक्टर ट्राली पर लोडकर ले जाया गया। एक ग्रामीण ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि इस प्रकरण की शिकायत गुप्त रुप से मेरापुर पुलिस से की गई, परंतु पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। कायमगंज क्षेत्र के वन रेंजर राजेश कुमार ने बताया कि प्रकरण मेरे संज्ञान में आज ही आया है। अगर बिना अनुमति हरा पेड़ काटा गया होगा, तो जांच कर विधिक कार्यवाही की जायेगी। वहीं क्षेत्र के लोगों में हरे वृक्षों के कटान से रोष व्याप्त है। उनका कहना है कि जहां एक ओर सरकार ज्यादा से ज्यादा वृक्ष लगाने पर जोर दे रही है, वहीं दूसरी ओर लकड़ी माफिया हरे भरे वृक्षों को काटने से बाज नहीं आ रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### पहले धान लेकर आने वाले किसान को विपणन अधिकारी ने किया सम्मानित



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के मन्डी समिति में सरकारी धान की खरीद का शुभारम्भ विपणन अधिकारी आकाश वर्मा ने किया। इस दौरान पहले धान की ट्राली लेकर आये किसान अजय मिश्रा निवासी चंदुईया थाना मेरापुर को फूल-माला पहनाकर उनका स्वागत किया गया तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया गया। विपणन अधिकारी ने क्षेत्रीय किसानों से अपना-अपना धान केंद्र पर लाने की अपील की है।

### मकान बनाने का विरोध करने पर पीटा, दी जान से मारने की धमकी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया देवधरापुर निवासी रविंद्र सिंह पुत्र महेंद्र सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया कि पीड़ित बुधवार को दोपहर 3.30 बजे अपनी जमीन पर अपना मकान बनवा रहा था, तभी मेरे पारिवारिक चाचा जयदेव सिंह पुत्र स्वर्गीय बलदेव सिंह आए और मकान बनाने को रोक दिया। विरोध करने पर गाली- गलौज एवं मारपीट की। मेरे पारिवारिक चाचा जयदेव सिंह मेरे खेत पर कब्जा किए हुए हैं। उसे जमीन पर भी खेती नहीं करने दे रहे हैं। वहीं जयदेव सिंह का पुत्र पप्पू फोन द्वारा मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी दे रहा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई करने को कहा।

### छूरी मारकर किया घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बुढ़नपुर निवासी सुनीता पत्नी हरिओम ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया है कि मेरे पति हरिओम बुधवार सुबह 8.30 बजे डेयरी से दूध लेकर घर आ रहे थे। रास्ते मे मेरे जेठ प्रवीन मिले और गालियां देते हुए बोलो रुक जा अभी बन्दूक लेकर आता हूँ , तेरा काम तमाम कर दें। मेरा पुत्र सिद्धार्थ 11 वर्ष प्रवीन के पैर पकड़ कर बोला पापा को मत मारो। वहीं पर रखी छुरी उठाकर प्रवीन ने मेरे पति हरिओम की गर्दन पर चला दी। जिससे मेरे पति बेहोश हो गए। गांव वालों के सहयोग से मैं पति को मोहम्मदाबाद प्राइवेट अस्पताल ले गयी। जहां उनका इलाज चल रहा है।

### गाली-गलौज देने से मना करने पर पीटा

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला पीपल निवासी राजेश जाटव ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया है कि 02.11.2024 की शाम 3 बजे मैं अपने दरवाजे पर खड़ा था, तभी गांव के आयुष पुत्र चन्दन, चन्दन पुत्र नागेन्द्र राठौड़, आयुष के मामा का लड़का बंटी और एक व्यक्ति अज्ञात गाली-गलौज करते हुए पटाखे चलाने लगे। जब उन्हें गाली देने से मना किया, तो वह जातिसूचक गाली देते हुए सरिया, लाठी-डन्डा और लात-घूसों से मारने पीटने लगे और जान से मारने की धमकी दी।

### पुरानी रंजिश में लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बंथल शाहपुर निवासी तकी मोहम्मद पुत्र हबीबुल्लाह ने थाना जहानगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 06.11.2024 को समय करीब 9. 00 बजे सुबह पीड़ित अपने घर पर था। उसी समय पुरानी रंजीत को लेकर मेरे गांव के शावाल, कमर, शहर पुत्रगण खालिद, शादाब पुत्र आशिद मेरे साथ गाली-गलौज कर लाठी -डंडों से मारपीट करने लगे, तभी मेरा भतीजा इस्लाम पुत्र अनवर खाँ बचाने आया। उसके साथ भी मारपीट की और गंदी-गंदी गालियां दीं। जिससे हम लोगों के शरीर में कई गंभीर चोटें आई हैं। विपक्षियों ने जान से मारने की भी धमकी दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

# खेत में लगे जुनरी एवं बाजरे के बोझ में लगायी आग

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** गौवंशों के लिए खेत में रखे चारे को दबंगों ने जला दिया। आग की चपेट में आकर दो नीम के पेड़ भी झुलस गये। पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफथाने में नामजद तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम नगरिया देवधरापुर निवासी नीलम पत्नी भानु प्रताप ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया पीड़िता के गांव की पश्चिम तरफ मुख्य मार्ग के किनारे स्थित नीम के पेड़ों के नीचे रखे खेत की जुनरी एवं बाजरे के करीब 90 बोझ जमा थे।

दिनांक 31.10.2024, 01.11.2024 की रात में गांव की ही अंकित उर्फ पिंटू पुत्र शिवलाल, राजवीर उर्फ टकला पुत्र नामालूम ने आग लगा दी। जिससे चारे के बोझ जलकर राख हो गये। वहीं तीन हरे नीम के पेड़ जलकर क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई को कहा।


फीता काटकर शुभारंभ करते रनवीर सिंह

# समर्पण सेवा समिति के निःशुल्क कैंप का हुआ शुभारंभ

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत राजा का रामपुर में समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क कैंप का शुभारंभ किया गया। जिसमें 168 मरीजों का परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवायें दी गयीं। नगर पंचायत चेयरमैन के भाई रनवीर सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। कैम्प में बीपी, सुगर, हड्डी, न्यूरो, नाक, कान, बुखार के मरीजों की तादात रही। क्षेत्र में बढ़ रहे बुखार व खांसी के मरीजों का सीपी हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. शिवम त्रिपाठी ने 168 मरीजों का परीक्षण किया। गम्भीर मरीजों को हॉस्पिटल में रेफर कर दिया गया। वहीं मरीजों को निःशुल्क दवाइयां व जांचें की गयीं। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, लोकेश शुक्ला, राजीव गुप्ता, शिवकुमार शाक्य, रोहित राठौर सहित गोपी सक्सेना, नितिन गंगवार, मंजेश कुमार, विमला सिंह, सुगर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# राज्य पेयजल-स्वच्छता मिशन के तहत हुआ कार्यक्रम


कार्यक्रम को संबोधित करते नगर पंचायत अध्यक्ष व मौजूद ग्रामीण आदि

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत की ओर से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा की।

जानकारी के अनुसार बुधवार को राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने की। उन्होंने अब तक उपरोक्त योजना के अंतर्गत हुए कार्य की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि हर घर में स्वच्छ पेयजल मुहैया कराना उनका उद्देश्य है। साथ ही ग्रामीण इलाकों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। जिससे संक्रामक बीमारियां आदि पैर न पसार सकें। उन्होंने कहा कि गंदगी में ही बीमारियां पनपती हैं। बताते चलें कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन का मकसद हर घर तक साफ और सुरक्षित पीने का पानी पहुंचाना है। इस मिशन के तहत कई जगहों पर नई पाइपलाइनें बिछाई गयीं और पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया। इस मौके पर डिस्ट्रिक कोआर्डीनेटर कश्मीर सिंह, स्टेट कोआर्डीनेटर आशीष कुमार, सहायक खण्ड विकास अधिकारी, कम्प्यूटर आपरेटर शिवम वर्मा, कृष्णकांत, सुपरवाइजर ध्रुव सिंह राजपूत आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# गाजियाबाद न्यायालय में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज की हुई निंदा

## दर्ज मुकदमे वापस लेने व घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख मुआवजा देने की मांग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया है कि जनपद गाजियाबाद में जनपद न्यायाधीश द्वारा न्यायालय कक्ष में एक जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई के दौरान अधिवक्तागण व जनपद न्यायाधीश के मध्य मामूली कहासुनी पर जनपद न्यायाधीश द्वारा पुलिस बुलाकर अपने न्यायालय कक्ष में ही अधिवक्तागणों पर बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज कराया गया।

जिससे कई अधिवक्तागण लहूलुहान हो गये। इसके बाद जनपद न्यायाधीश व पुलिस की ओर से दो झूठे मुकदमे भी अधिवक्ताओं के विरुद्ध पंजीकृत किये गये। जिससे प्रदेश के समस्त अधिवक्तागणों में काफी आक्रोश व्याप्त है तथा बार-बार मांग किये जाने के बावजूद भी प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू नहीं किया जा रहा है। जिससे समस्त अधिवक्तागण निर्भीक होकर न्यायिक कार्य करने में असहज महसूस कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने कहा कि घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाये, दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच कराकर उन्हें बर्खास्त किया जाये, जनपद न्यायाधीश व पुलिस की ओर से दर्ज कराये गये मुकदमे तत्काल वापस लिये जाये, प्रदेश में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाये आदि मांगें शामिल हैं।


एसडीएम को ज्ञापन देते अधिवक्ता

# राशन वितरण 7 नम्वबर से 25 नम्वबर तक



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद के अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अंतर्गत माह नवम्बर 2024 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का नि:शुल्क वितरण माह नम्वबर 2024 में दिनांक 07.11.2024 से 25.11.2024 के मध्य वितरण उचित दर विक्रेताओं द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। अन्त्योदय कार्डधारकों को 35 किलोग्राम खाद्यान्न (17 किलो गेहूं, 18 किलो चावल) प्रतिकार्ड का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। पात्र गृहस्थी राशनकार्डों से सम्बद्ध यूनिटों पर 05 किलोग्राम प्रति यूनिट खाद्यान्न (2.5 किलो गेहूं, 2.5 किलो चावल) का नि:शुल्क वितरण किया जायेगा। जनपद के समस्त क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षकों को इस निर्देश के साथ कि वह वितरण के दौरान अपने कार्यक्षेत्र में भ्रमणशील रहकर प्रत्येक दशा में पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करायेंगे। यह जानकारी जिलापूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव ने दी है।

# छठ पूजा को लेकर डीएम व एसपी ने देखी तैयारियां


दिशा निर्देश देते जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा पांचाल घाट पर छठ पूजा की तैयारियों का निरीक्षण किया गया।जानकारी के अनुसार जिलाधिकारी द्वारा छठ पर्व पर पांचाल घाट पर लाईट की पर्याप्त व्यवस्था करने, बैकअप के लिये जनरेटर, पूरे घाट को झालरों के द्वारा सजाने, नदी के किनारों पर बैरिकेडिंग करने, मेडिकल कैम्प लगाने, एम्बुलेन्स तैनात करने, तट का समतलीकरण कराने, साफ -सफाई कराने, नाव, नाविक व गोताखोरों की तैनाती करने व नदी में वोट द्वारा पेट्रोलिंग कराने व पर्याप्त पुलिस व्यवस्था करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, ईओ नगर पालिका, डीपीआरओ व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# 5 व 6 दिसम्बर को डीपीवीपी में होगी जनपदीय रैली आयोजित

**▸ स्काउट गाइड की जिला स्तरीय बैठक सम्पन्न**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश भारत स्काउट गाइड जिला कार्यकारिणी की बैठक मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज छोटे कनोडिया में सम्पन्न हुई। स्काउट गाइड उपाध्यक्ष व जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह की अध्यक्षता में लार्ड बेडेन पावेल के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ हुआ। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से समझाया। जिला आयुक्त गाइड इंदू मिश्रा, डॉ. विनीत चौहान, आशीष सिंह के नेतृत्व में जनपदीय रैली का आयोजन डीपीवीपी उच्च माध्यमिक विद्यालय फर्रुखाबाद किया जायेगा। जनपदीय रैली 5 व 6 दिसम्बर को प्रस्तावित की गई है।

बीएसजी ज्ञान परीक्षा 4 दिसम्बर को जनपद के 6 परीक्षा केंद्र फिरोज गांधी इंटर कालेज कमालगंज, डीएवी इंटर कालेज रजलामई, राजकीय बालिका इंटर कालेज राजेपुर, भारतीय पाठशाला इंटर कालेज फर्रुखाबाद में आयोजित होगी। परीक्षा में प्रत्येक विंग से प्रथम 2500, द्वितीय 1500 , तृतीय स्थान 1 हजार रुपये पुरुस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को दिया जायेगा। जनपद के तीन ब्लाकों कमालगंज, कायमगंज, राजेपुर में विंगनर्स कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। कमालगंज ब्लाक के प्रभारी पुष्कर मिश्रा, कायमगंज के प्रभारी राघवेन्द्र मिश्रा, राजेपुर ब्लाक प्रभारी अनिल सिंह होगें।


बैठक में मौजूद डीआईओएस व अन्य पदाधिकारी

प्रधानाचार्य कार्यशाला का आयोजन रामदर्शनी इंटर कालेज भटासा में जिला सचिव डॉ. महेश राजपूत के संयोजन में होगा। परिवारिक परिस्थिति के कारण सर्वेश कुमार श्रीवास्तव के स्थान पर गजेन्द्र सिंह चौहान को डीओसी कार्य का निर्वाह्न अग्रिम आदेश तक प्रभारी के रुप में करेगें। स्काउट गाइड स्थापना दिवस सामूहिक रुप से 7 नवम्बर को मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज में मनाया जायेगा। जिला मुख्यायुक्त दिनेश कुमार वर्मा ने स्काउट गाइड की समस्त गतिविधियों को मिलजुल कर करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर मुख्यालय आयुक्त अनिल सिंह, जिला सचिव महेश चन्द्र राजपूत ने प्रदेश स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। डॉ. विनीत कुमार चौहान ने विचार रखे।


प्रधानाचार्य सुमन त्रिपाठी ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य ऐस्तर रोज दयाल, रामदास, डॉ. बृजभूषण सिंह, रजिन्दर सिंह कुशवाहा, राघवेन्द्र मिश्रा, राजेश राम शास्त्री, विश्वमोहिनी पाण्डेय, धर्मेन्द्र सिंह सोमवंशी, इंदू मिश्रा, रचना उमराव, पुष्कर मिश्रा, आशीष कुमार सिंह, पुष्पेन्द्र कुमार शर्मा, आलोक, योगेश कुमार, सुनील कुमार, इंद्रा राठौर, पूनम शुक्ला के अलावा अजंट सिंह, राघव मिश्रा, सतीश आदि लोग मौजूद रहे।

# सूर्य पूजन के साथ मानस सम्मेलन का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

नगर के डीपीवीपी विद्यालय में श्री राम कथा आयोजन समिति मदारवाड़ी द्वारा आयोजित 21वें मानव सम्मेलन का शुभारंभ सूर्यपूजन के साथ संत ईश्वरदास ब्रह्मचारी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि सूर्य हमें ऊर्जा प्रदान करता है।

आज के समय में मानस सम्मेलन की बहुत आवश्यकता है। तुलसी की मानस हमें जीवन जीना सिखाती है। व्यास जी की महाभारत में मरना सिखाती। जिसने जीना और मरना सीख लिया, उसी का जीवन सार्थक है। मानस इंसान को समाज, परिवार और देश के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध कराती है। जहां-जहां राम की कथा होती है वहां हनुमान जी और महादेव जी अवश्य पहुंच जाते हैं। भगवान का शाश्वत विग्रह है। मानस का नित्य पूजन करने से सभी कामनाएं पूर्ण होती हैं। इस मौके पर भारत सिंह, बृजकिशोर सिंह किशोर, राजेश निराला सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।


रामायण का पूजन करते भक्तगण

# जिले के खिमसेपुर में लगाया जायेगा प्लास्टिक बोतल रीसाईकिलिंग प्लांट

**▸ 300 युवाओं को मिलेगा रोजगार**
**▸ संस्था ने रीसाईकिलिंग पैटफैलेक्स अनुपयोगी प्लास्टिक बोतल की होगी रीसाईकिलिंग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 300 लोगों को रोजगार देने वाले प्लास्टिक बोतल रीसाईकिलिंग प्लांट को खिमसेपुर में बनाये जाने की मंजूरी मिल गयी है। यह जानकारी जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केंद्र के उपायुक्त उद्योग जौहरी द्वारा दी गई।

उन्होंने बताया कि जनपद के औद्योगिक स्थान खिमसेपुर में मै0 आईडीबीआई रीसाईकिलिंग प्रा0लि0 द्वारा 80600 वर्गमीटर में उद्योग लगाने की पंजीयन करा ली गयी है। संस्था द्वारा इस उद्योग में 458 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। उक्त उद्योग की स्थापना से 300 प्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। संस्था द्वारा रीसाईकिलिंग पैटफैलेक्स अनुपयोगी प्लास्टिक बोतल की रीसाईकिलिंग की जायेगी। जिससे पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कुशल कदम साबित होगी। डीएम ने इस उद्योग को हर सम्भव मदद करने का भरोसा दिया है।

## दम्पति व मां के साथ मारपीट में चार सगे भाइयों पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव बरखिरिया निवासी प्रभाकर पुत्र राम रहीस ने गांव के ही अनिल, कुलदीप, विपिन, बीकेश पुत्रगण वेदराम के विरुद्ध गाली-गलौज व मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 2 नवम्बर की रात 7 बजे उक्त आरोपित लाठी-डंडा लेकर मेरे दरवाजे पर आए और पुरानी रंजिश को लेकर मेरे साथ गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे और कहा कि तेरा बाप मेरी बहुत बुराई करता है। आज तुझे सबक सिखाते हैं। चीखने चिल्लाने की आवाज पर प्रभाकर की मां मिथलेश व पत्नी पूनम ने बचाने का प्रयास किया, तो उक्त आरोपितों ने इनके साथ भी मारपीट की। जिससे सभी लोगों के चोटें आ गईं। गांव के लोगों के ललकारने पर उक्त सभी आरोपित जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गए। आरोपितों के भय के कारण घटना की तुरंत रिपोर्ट दर्ज कराने थाने नहीं आ सका। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मुकदमे की जांच शुरू कर दी है।

# खरना पूजा के साथ व्रतियों ने बनाया विशेष प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

लोक आस्था का पर्व छठ पूजा के दूसरे दिन खरना पूजा सांयकालीन व्रती व्यक्तियों ने मनायी। पूर्वांचल विकास समिति द्वारा बड़े उल्लास पूर्वक छठ पूजा के दूसरे दिन पूजा हुई। जिसमें खरना का विशेष महत्व है। क्योंकि इस दिन छठ का विशेष प्रसाद बनाया जाता है। इस दिन शाम को लगभग 36 घंटों का निर्जला व्रत आरंभ हो जाता है। इस दिन रोटी, सोहारी, गुड़ और चावल की खीर, रसिया और फल का भोग लगाया जाता है। मिट्टी के चूल्हे पर सारा प्रसाद व्रती द्वारा ही पवित्रता के साथ मनाया जाता है। पूरे दिन व्रत रखने के बाद शाम के समय व्रत रखने वाला व्यक्ति प्रसाद का सेवन करता है। इसके बाद पूरा परिवार प्रसाद ग्रहण कर व्रती व्यक्ति से आशीर्वाद लेता है। सुहागन महिलायें व्रती महिलाओं से सिंदूर लगवाती है।


खरना की पूजा करती व्रती महिलायें

इसी के बाद लगभग 36 घंटों को मुख्य व्रत आरंभ हो जाता है। जिसमें सुबह के अर्घ्य देने तक अन्न, जल कुछ भी ग्रहण करना नहीं होता है। समिति के अध्यक्ष केदार शाह, सदस्य प्रमोद कुमार झा, रामबाबू, डॉ. समीम अहमद, मुकेश दास, अजीत भट्ट, हरेन्द्र दुबे, बीबी सिंह, एनडी प्रसाद, मनोज शर्मा, नथुनी गुप्ता, संतोष साह, विजय महतो आदि लोग मौजूद रहे।

# बाहिदपुर में बन रहे टोल प्लाजा पर किसानों और प्रशासन में बनी सहमती


अधिकारियों से वार्ता करते किसान नेता

**▸ नापजोक का क्रियान्वयन बांकी**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जनपद के बाहिदपुर में एनएचएआई द्वारा एनएच 730सी पर आबादी क्षेत्र में बन रहे टोल प्लाजा को लेकर के भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी और किसान संघर्षरत थे। धरना प्रदर्शन से लेकर के काफी बार प्रशासन से वार्ता हुई जो की विफल रही। प्रदेश प्रमुख महासचिव प्रभारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में बुंदेलखंड कानपुर जोन के उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा, जिलाध्यक्ष अरविंद शाक्य, जिलाध्यक्ष मैनपुरी रूपेश सिंह, जिला प्रवक्ता अजय कटियार ने एडीएम सुभाष प्रजापति, अपर पुलिस अधीक्षक संजय सिंह, एसडीएम सदर रजनीकांत पाण्डेय से कलेक्ट्रेट में वार्ता की। आपसी सहमति से टोल प्लाजा बनाने का प्रस्ताव पारित हुआ। टोल के जो कमरे बनाए जा रहे थे वह 200मी0 दूर बनाए जाएंगे और टोल को सीधा-सीधा ना बनाकर जेड आकार में बनाया जाएगा और जो आबादी क्षेत्र है, उसमें वहीं के निवासियों की सुविधा के लिए दोनों तरफपांच-पांच मीटर चौड़ी सड़क का निर्माण एनएचएआई द्वारा किया जाएगा।

जिला प्रशासन के अधिकारी और किसान नेताओं को एनएचएआई के अधिकारियों ने गुमराह किया। रात्रि अधिक होने पर कोई नाप जोक नहीं हो पाई। इस अवसर पर कृष्ण गोपाल मिश्रा, अभय यादव, लक्ष्मी शंकर जोशी, शिवराम सिंह, अनीस सिंह सोनू, प्रदीप कुशवाह, सुधीर कटियार आदि मौजूद रहे।

# प्रान्तीय कला साधक संगम 8 नवम्बर से शुरु

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा तीन दिवसीय प्रांतीय कला साधक संगम का आयोजन 8, 9 व 10 नवंबर को उत्सव गेस्ट हाउस बढ़पुर में होगा। कला साधक संगम व्यवस्था प्रमुख प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि फर्रुखाबाद इकाई के संयोजन में होने वाले कला साधक संगम में राष्ट्रीय संगोष्ठी, चित्रकला शिविर व प्रदर्शनी, धरोहर कला प्रदर्शनी एवं उरई के डॉ. हरिमोहन पुरवार व संध्या पुरवार द्वारा अद्‌भुत शंख व सीप वीथिका भी लगाई जाएगी। कार्यक्रम में कवि सम्मेलन, मातृ शक्ति संगोष्ठी व विचार गोष्ठी का भी आयोजन हो रहा है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से कलाकार प्रतिभा करेंगे। जिसमें बुंदेलखंड की लोक परंपराएं प्रमुख रूप से देखने को मिलेंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत लोक व शास्त्री गायन, ख्याल गायन, फाग गायन, मयूर नृत्य, कथक, भरतनाट्यम, द्रौपदी नृत्य नाटिका, सत्यवादी महाराजा हरिश्चंद्र एवं कर्ण गाथा जैसे नाटकों का मंचन होगा।


वार्ता करते सुरेन्द्र पाण्डेय, प्रमोद अग्रवाल आदि

कन्नौज के विचित्र वीणा वादक कृष्ण चंद्र गुप्ता द्वारा विचित्र वीणा का वादन होगा।

कार्यक्रम में सितार वादन, ध्रुपद गायन, ख्याल टप्पा गायन, गजल गायन सहित तीन दिन तक कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। संयोजक दीपक रंजन सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथि के रूप में संगीत नाटक अकादमी के अध्यक्ष प्रो0 जयंत खोत, राज्य ललित कला अकादमी लखनऊ के उपाध्यक्ष गिरीश चन्द्र मिश्र बिरजू महाराज, कथक संस्थान की उपाध्यक्ष डॉ. मिथिलेश तिवारी, सांसद मुकेश राजपूत, डॉ. रजनी सरीन, मिथिलेश अग्रवाल, डॉ. अविनाश पाण्डेय, पीके विश्वविद्यालय शिवपुरी मध्य प्रदेश के कुलपति प्रो0 योगेश चंद्र दुबे, राजा मानसिंह तोमर, संगीत एवं कला विश्वविद्यालय ग्वालियर के पूर्व कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर, डॉ. रंगनाथ मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहेंगे। वार्ता के दौरान आकांक्षा सक्सेना, अरविन्द दीक्षित, कुलभूषण श्रीवास्तव, शशिकान्त पाण्डेय, सुबोध शुक्ला, डॉ. समरेन्द्र शुक्ल, सुरेन्द्र पाण्डेय, रवीन्द्र भदौरिया, अनुराग पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# प्रा.वि. मदारपुर में प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**▸ तीन बच्चों की डीबीटी धनराशि हुई वापस**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता खेतल सिंह ने की। संचालन सचिव/प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने बताया कि सभी बच्चों की अपार आईडी अनिवार्य रूप से बनेंगी। जिसके लिए अभिभावकों को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर देने होंगे। सचिव ने बताया कि छूटे हुए पैंतीस अभिभावकों ने फार्म भरकर जमा किए। तीन बच्चों की डीबीटी की धनराशि वापस हुई। नवंबर माह में आयोजित एनएटी परीक्षा में सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा। उन्होंने उपस्थित अभिभावकों को बताया कि शासन ने हर गुरुवार को पौष्टिक आहार वितरण के आदेश दिए। जिसके अंतर्गत पहले गुरुवार को तिल एवं मूंगफली की बनी गजक का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर जयवीर, देव सिंह, किशन सिंह, इसरार, नीलम, पूनम, चंचला सहित तीन दर्जन अभिभावक उपस्थित रहे।



प्रबंधन समिति की बैठक में मौजूद प्रधानाचार्य व अन्य

## शराबी पति से परेशान महिला ने पुलिस से लगायी गुहार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** शराबी पति से परेशान महिला ने पति के खिलाफ मारपीट कर घर का सामान एवं खेत बेचने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भिम्मी नगला निवासी उर्मिला पत्नी जय सिंह ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया करीब 14 वर्ष पूर्व मेरी शादी जय सिंह पुत्र रूप लाल निवासी भिम्मी नगला के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही पति जय सिंह शराब पीकर लगातार गाली-गलौज एवं मारपीट करता है। बुधवार को सुबह पति ने शराब पीकर गाली-गलौज और मारपीट की। पति ने शराब पीने के लिए घर का सामान एवं खेत बेच दिया है एवं झूठी धमकी देते हैं कि मैं फांसी लगा लूंगा और तुझे फंसवा दूंगा। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच कर कार्रवाई को कहा।

# अधिवक्ताओं ने कचहरी में केक काटकर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का मनाया जन्मदिन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव डॉ. जितेंद्र सिंह यादव का 51वां जन्म दिवस कचहरी प्रांगण फतेहगढ़ में अधिवक्ताओं ने केक काटकर मनाया। समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया और उनके दीर्घायु की कामना की गई। सभी ने एक दूसरे को केक खिलाकर डॉ. जितेन्द्र सिंह को बधाई दी। देवेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने हमेशा पार्टी के लोगों के अलावा भी सभी लोगों का ध्यान रखा और हर सुख दुख में शामिल होते है। ऐसे व्यक्ति से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस दौरान अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव सुभाष चंद्र शाक्य, यादव सिंह शाक्य, अचल प्रताप सिंह, प्रमोद कुमार, राहुल कुशवाहा, अरविंद कुमार वर्मा, अखिलेश राजपूत, प्रदीप कुमार, रक्षपाल सिंह, मोहम्मद शमीम खान, अमन वर्मा आदि अधिवक्ता साथी मौजूद रहे।


डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव का जन्मदिन मनाते अधिवक्ता


मनोनयन पत्र के साथ मौजूद नवीन पदाधिकारी

## सपा सदर विधानसभा अध्यक्ष ने अपनी कमेटी में बनाये नये पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सदर विधानसभा की मासिक बैठक समाजवादी पार्टी कार्यालय पर संपन्न हुई। अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष चंद्रेश राजपूत ने की। बैठक में चंद्रेश राजपूत ने कई पदाधिकारियों को घोषित किया। जिसमें देवरापुर निवासी मोहित कुमार यादव को सदर विधानसभा महासचिव बनाया। हथियापुर निवासी राज मनोहर तिवारी को कोषाध्यक्ष व चांदपुर निवासी रघुमंगल को विधानसभा उपाध्यक्ष, सचिव आदित्य कुमार व मुरारी लाल को सदस्य बनाया है। मासिक बैठक में सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये और संगठन को मजबूत करने की बात कही। इस दौरान रामपाल सिंह यादव, शिव शंकर शर्मा, राजन यादव, रवि यादव, नंदकिशोर यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# गंगा व रामगंगा सहित सात फोरलेन पुल बनाने की मिली स्वीकृति

**▸ जल्द जाम की झाम से निजात मिलने की संभावना, डीपीआर बनाने के लिए सर्वे शुरु**
**▸ 1800 मीटर लंबाई के सात फोरलेन पुल निर्माण के लिए सर्वे का चल रहा है कार्य**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इटावा-बरेली 730सी हाईवे पर जाम से निजात के लिए गंगा व रामगंगा तथा काली नदी सहित सात फोरलेन पुल बनाने की स्वीकृति मिल गई है। पुलों के निर्माण में लगभग 250 करोड़ रुपये का खर्चा आयेगा। डीपीआर बनाने के लिए सर्वे भी शुरू कर दिया गया।

इटावा-बरेली हाईवे का चौड़ीकरण कर 730सी फोरलेन हाईवे बन रहा है। नेकपुर चौरासी रेलवे ओवरब्रिज व तीन छोटे पुलों की चौड़ाई कम होने से जाम की स्थिति बन रहती है। जाम से निजात दिलाने के लिए केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय से पुलों के निर्माण की मंजूरी मिल गई है। पांचालघाट स्थित गंगा, रामगंगा, काली नदी, नेकपुर व तीन माइनरों सहित सभी सात फोरलेन पुल का निर्माण कराया जाएगा। डीपीआर तैयार करने के लिए दिल्ली की कंपनी टीएसपीएल को 67 लाख रुपये ठेका दिया गया है। सूत्रों की माने तो फरवरी 2025 तक डीपीआर तैयार करने के आदेश हैं। फोरलेन पुलों के निर्माण के लिए 10.752 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहीत करनी होगी। यह भूमि गांव मदनपुर, सींगनपुर, ढिलावल, बर्नाबुजुर्ग, भाऊपुर, नेकपुर, सोताबहादुरपुर, कटरी सोताबहादुरपुर, चाचूपुर जटपुरा, महमदपुर गढ़िया व डबरी पुल निर्माण के लिए अधिग्रहीत की जाएगी। 1800 मीटर लंबाई के सात फोरलेन पुल निर्माण के लिए सर्वे कार्य चल रहा है।

# कोटेदार के पति को रंजिशन झूठे मुकदमे में फंसाना चाहता है गांव का सर्वेश

**▸ कई बार रच चुका है षड्यंत्र, पुलिस की जांच में मामले निकले झूठे**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रंजिशन झूठी शिकायत कर मुकदमे में फंसाने का प्रयास गांव के दबंग लोग कर रहे है। थाना मऊदरवाजा के ग्राम नटवारा निवासी कोटेदार अनीता पत्नी आराम सिंह ने हमारे संवाददाता को बताया कि गांव के ही दबंग किस्म के सर्वेश कुमार पुत्र तेजराम सक्सेना हमारे परिवार से रंजिश मानते है। इसी के चलते वह प्रशासन को गुमराह कर फर्जी घटना बनाकर शिकायत कर मुकदमा लिखवाना चाहता है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने क्षेत्राधिकारी फतेहगढ़ को भी झूठी सूचना दी कि मेरे ऊपर रायफल लेकर दौड़ पड़े। इसकी जांच पुलिस द्वारा की गई। जिसमें मामला झूठा पाया गया। यही नहीं वह कई झूठी शिकायतें कर चुका है। झूठी शिकायत कर मेरे नाम से उचित दर विक्रेता की दुकान निरस्त करा दी थी।

जो न्यायालय कानपुर मण्डल आयुक्त के आदेश से कोटा बहाल कर दिया गया। जिसके चलते वह और रंजिश मानने लगा। उन्होंने बताया कि मेरे पति आराम सिंह ने शासन प्रशासन से लिखित शिकायत कर अवगत कराया कि यह व्यक्ति तरह-तरह की झूठी घटनायें बनाकर मुझे फंसाने का षड्यंत्र रच रहा है। कोटा बहाल हो जाने पर जब मैं व मेरे पति 31 जुलाई को पूर्ति कार्यालय आदेश की प्रति लेने गये थे। बाहर आते समय आफिस के बाहर गांव के सर्वेश पुत्र तेजराम व उनके साथ दो अज्ञात व्यक्ति खड़े थे। देखते ही गालियां देने लगे और जान से मारने की धमकी दी और बोले तूने दुकान फिर बहाल करा ली है, लेकिन हम गांव में तुझे राशन नहीं बांटने देगें और मारपीट शुरु कर दी। इस दौरान वहां मौजूद होरीलाल पुत्र देशराज निवासी बेग थाना नवाबगंज व राजीव पुत्र लंकुश निवासी अजीजाबाद थाना शमशाबाद आ गये, जिन्होंने बचाया।

इस दौरान आरोपीगण धमकी देकर भाग गये थे। इस घटना की शिकायत 1 अगस्त को पुलिस अधीक्षक को लिखित तौर पर दी थी। 4 नवम्बर को भी सर्वेश ने एक झूठी घटना बनायी।

जिसमें दर्शाया कि उसे नहर बाबा मंदिर के सामने दो अज्ञात व्यक्तियों ने मेरे नाम से धमकाया और मारपीट कर दी। जबकि मैं उस दिन जिले में था ही नहीं। फिर भी मेरे नाम से झूठी शिकायत मऊदरवाजा थाने में की गई है। बताते चले कि 4 नवम्बर को जो झूठी शिकायत करना दर्शाया गया है वह तकनीकी कारणों से समाचार पत्र में 11 नवम्बर प्रकाशित हो गया था, जिसे 4 नवम्बर ही समझा जाये। इस मामले में आराम सिंह व उनकी पत्नी अनीता ने पुलिस अधीक्षक से निष्पक्ष जांच कराकर दोषी लोगों के विरुद्ध कार्यवाही कराये जाने की मांग की है।

# व्यापारियों ने होर्डिंग की अवैध टैक्स वसूली के खिलाफ जतायी नाराजगी

**▸ शहर में विभिन्न मार्गों पर हुए गड्ढों को भरवाया जाये**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मण्डल जिला कार्यकारिणी की बैठक मित्तू कूंचा स्थित आवास पर जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में धीरेन्द्र तिवारी ने कहा कि नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद द्वारा अपने नगर क्षेत्र में लगी होर्डिंग के साथ-साथ दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों एवं प्रतिष्ठानों के ऊपर लगवाये गये बोर्डों पर भी नगर पालिका परिषद द्वारा टैक्स वसूला जा रहा है। जीएसटी विभाग द्वारा स्पष्ट रुप से आदेशित किया गया कि एक बोर्ड अपनी दुकान व प्रतिष्ठान पर अवश्य लगाये। व्यापार मण्डल इस प्रकार के कोई टैक्स वसूलने का पुर्नजोर विरोध करता है। नगर पालिका द्वारा अनैतिक रुप से बोर्ड की वसूली की जाती है, यह उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। रेलवे रोड को व्यापारी हित में शीघ्र मॉडल रोड का निर्माण कराया जाये। सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे है।


बैठक में मौजूद व्यापारी

व्यापारियों को परेशानी होती है। शीघ्र मरम्मत करायी जाये। बीबीगंज पुलिस चौकी काली मंदिर तक खराब रोड पर नई ब्रिक बिछाई जाये। लाल दरवाजा फुब्बारे के पास गड्ढे है, उन्हे भरवाया जाये। बैठक में आदि मांगे उठायी गई। इस दौरान जिलाध्यक्ष मनोज मिश्रा, धीरेन्द्र तिवारी, मकसूर अंसारी, अनूप गुप्ता, मनोज दीक्षित, संजीव वर्मा, संजू नेता, शिवांग चौहान, अजय पाल राजपूत, लाखन सिंह, अशोक यादव, शिवम रस्तोगी, अमन मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

# मेला क्षेत्र की सभी सड़कों का किया जा रहा चौड़ीकरण

## पीडीए व छावनी परिषद के सहयोग से हो रहा सड़कों का निर्माण, हनुमान मंदिर से संगम जाने के लिए बन रही इंटरलॉकिंग रोड्स

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन महाकुम्भ को लेकर प्रयागराज में निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहे हैं। पूरे शहर में सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य जोरों पर हैं। महाकुम्भ के केंद्रीय स्थल संगम की ओर जाने वाली सड़कों के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी अंतिम चरण में है। इसको 30 नवम्बर तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य निर्धारित है।

अपर मेलाधिकारी विवेक चतुर्वेदी ने बताया कि पीडीए और छावनी परिषद के सहयोग से शहर से संगम को जोड़ने वाली सड़कों का निर्माण कार्य 30 नवम्बर तक पूरा हो जाएगा। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के मुताबिक मेला क्षेत्र की सभी सड़कें पिछले कुम्भ की तुलना में दोगुनी से ज्यादा संख्या में चौड़ी की जा रही हैं। महाकुम्भ का सफल आयोजन सीएम योगी की प्राथमिकता है। ऐसे में यूपी सरकार इसके आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने में कोई कसर बाकी नहीं रख रही है।

महाकुम्भ में लगभग 40 करोड़ लोगों के प्रयागराज आने का अनुमान है, जो पिछले कुम्भ की तुलना में ढेड़ से दो गुना है। सड़कों का चौड़ीकरण भी उसी अनुपात में किया जा रहा है। प्रयागराज आने वाले श्रद्धालुओं का मुख्य गंतव्य स्थल त्रिवेणी संगम है।

त्रिवेणी संगम को शहर से जोड़ने वाली सभी सड़कों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। अपर मेलाधिकारी ने बताया कि शहर से संगम जाने वाली त्रिवेणी रोड, लाल सड़क, काली सड़क, नवल राय रोड, किला घाट रोड व दारागंज रोड के चौड़ीकरण का कार्य 30 नवम्बर तक पूरा कर लिया जाएगा। श्रद्धालुओं की संख्या के अनुमान के मुताबिक सभी सड़कों की क्षमता को दोगुना किया जा रहा है। साथ ही सड़कों के दोनों ओर इंटरलॉकिंग फुटपाथ भी बनाए जा रहे हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े। प्रयागराज जंक्शन से संगम को जोड़ने वाली त्रिवेणी रोड और दारागंज की रिवर फ्रंट रोड का निर्माण कार्य भी अंतिम चरण में है, जो जल्द ही पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र की सड़कें छावनी परिषद के अधिकार क्षेत्र में आती हैं।

### केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल व न्यूक्लियर से निपटने की कर्मचारियों को दी जाएगी ट्रेनिंग

**प्रयागराज।** महाकुम्भ के वृहद आयोजन को सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार हर आपात स्थिति से निपटने की तैयारी कर रही है। दुनिया के सबसे बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में परिंदा भी पर न मार सके, इस लिहाज से स्वास्थ्य कर्मियों के साथ एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की कई टीमें मिलकर काम कर रही हैं। महाकुम्भ से पहले केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशनल और न्यूक्लियर समस्या से निपटने के लिए भी टीम को तैयार कर लिए जाने की योजना है। इसके लिए बाकायदा कर्मचारियों को हर आपदा से निपटने की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। यही नहीं योगी सरकार के निर्देश पर श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए भी प्रयागराज के अस्पतालों को स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी अपग्रेड करने में लगे हैं। श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट की भी व्यवस्था संयुक्त निदेशक (चिकित्सा स्वास्थ्य) प्रयागराज वीके मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुम्भ के दौरान स्वास्थ्य विभाग सभी इंतजाम पुख्ता करने में जुटा है। इसके तहत कर्मचारियों को हर आपात स्थिति से निपटने की ट्रेनिंग दी जाएगी। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के मेडिकल टेस्ट के लिए टीबी सप्रू और स्वरूपरानी अस्पताल को तैयार किया जा रहा है। इसके अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम के साथ स्वास्थ्य कर्मियों के मिलकर काम करने की योजना बनाई गई है। सनातन धर्म के सबसे बड़े आयोजन के दौरान हर एक श्रद्धालु को केमिकल, बायलॉजिकल, रेडिएशन और न्यूक्लियर संबंधी हर प्रॉब्लम से सुरक्षित रखने के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। महाकुम्भ के दौरान देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 291 एमबीबीएस व स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती रहेगी। इसके अलावा 90 आयुर्वेदिक और यूनानी विशेषज्ञ भी इस अभियान में सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। साथ ही 182 स्टॉफ नर्स इन चिकित्सकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जरूरतमंदों के स्वास्थ्य की देखभाल करेंगी।

# बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 को होंगे बंद, 13 से शुरू होगी पंच पूजा

समृद्धि न्यूज



**गोपेश्वर।** उत्तराखंड के चार धामों में शामिल बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार 17 नवंबर रात नौ बजकर सात मिनट पर शीतकाल के लिए बंद हो जाएंगे। कपाट बंद होने की प्रक्रिया के अंतर्गत पंच पूजा बुधवार 13 नवंबर से शुरू होगी। बीकेटीसी मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बुधवार को बताया कि श्री पंचपूजाओं के अंतर्गत पहले दिन 13 नवंबर को भगवान गणेश की पूजा होगी और इसी दिन भगवान गणेश के कपाट बंद हो जाएंगे। दूसरे दिन गुरुवार 14 नवंबर को आदि केदारेश्वर मंदिर तथा शंकराचार्य मंदिर के कपाट बंद होंगे।

तीसरे दिन शुक्रवार 15 नवंबर को खड़ग पुस्तक पूजन तथा वेद ऋचाओं का वाचन बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि चौथे दिन शनिवार 16 को मां लक्ष्मीजी को कढ़ाई भोग चढ़ाया जाएगा। इसके बाद रविवार 17 नवंबर को रात 9 बजकर 7 मिनट पर श्री बद्रीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाएंगे।

उन्होंने बताया कि सोमवार 18 नवंबर को श्री कुबेरजी एवं उद्धवजी सहित रावलजी आदि गुरु शंकराचार्यजी की गद्दी शीतकालीन प्रवास पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ के लिए प्रस्थान करेगी। श्री उद्धवजी एवं श्री कुबेरजी शीतकाल में पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे। आदि गुरु शंकराचार्यजी की गद्दी सोमवार 18 नवंबर को पांडुकेश्वर प्रवास के बाद मंगलवार 19 नवंबर समारोहपूर्वक गद्दीस्थल श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ पहुंचेगी। इसी के साथ शीतकालीन प्रवास के दौरान श्री पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर जोशीमठ में पूजाएं होंगी।

# ऑस्ट्रेलिया व न्यूजीलैंड की आबादी से ज्यादा यात्रियों को 24 घंटे में यात्रा करवा दी रेलवे ने

एजेंसी



**नई दिल्ली/जयपुर।** त्यौहारों की भीड़ के चलते भारतीय रेलवे द्वारा 1अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान विशेष ट्रेनों के माध्यम से 65 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान की गई है। विगत 1 अक्टूबर से 5 नवंबर के दौरान विशेष ट्रेनों के माध्यम से लगभग 7.5 करोड़ यात्रियों को बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड ले जाया गया।

सोमवार यानी 04 नवंबर 2024 को एक ही दिन में भारतीय रेलवे द्वारा सबसे अधिक यात्रियों को ले जाया गया।तीन करोड़ यात्री रेलवे में सवार हुए जो आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। 4 नवंबर 2024 को 120.72 लाख (19.43 लाख आरक्षित और 101.29 अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों को ले जाया गया।180 लाख उपनगरीय यातायात को भारतीय रेलवे ने संभालायह चालू वर्ष के लिए एक दिन का सबसे बड़ा यात्री आंकड़ा है। पूजा/दिवाली/छठ भीड़ 2024 के लिए, 1 अक्टूबर 2024 से 30 नवंबर 2024 के बीच कुल 7,666 विशेष ट्रेन सेवाएं अधिसूचित की गई हैं। पिछले वर्ष इसी अवधि में 4,429 यात्राएं संचालित की गई थीं। यह पिछले साल से 73त्न ज्यादा है. अब तक 1 अक्टूबर से 5 नवंबर तक 4521 स्पेशल ट्रेनें चल रही हैं। रेलवे द्वारा इस अवधि में 65 लाख यात्रियों को विशेष ट्रेनों की सुविधा प्रदान की गई है। स्पेशल चलने की संख्या की बात करें तो 3 नवंबर को 207 ट्रेनें, 4 नवंबर को 203 ट्रेनें,5 नवंबर को 171 ट्रेनें,6 नवंबर को 164 स्पेशल ट्रेनें,7 नवंबर को 164 ट्रेनें चलाने की योजना है 8 नवंबर को सुबह के सूर्य अर्घ्य के बाद छठ वापसी की भीड़ शुरू हो जाएगी। इन्हें अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा स्थानीय मांग और भीड़ के आधार पर समस्तीपुर मंडल और दानापुर मंडल में अघोषित ट्रेनों की योजना बनाई जा रही है। 8 नवंबर 164 ट्रेनें, 9 नवंबर 160 ट्रेनें,10 नवंबर 161 ट्रेनें और 11 नवंबर 155 ट्रेनें प्रस्तावित है।

### आईएफएफआई के फिल्म बाजार व्यूइंग रूम में प्रदर्शित की जाएंगी 208 फिल्में

**नई दिल्ली।** 55वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के फिल्म बाजार व्यूइंग रूम में इस बार 208 फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के अनुसार गोवा में 20 से 28 नवंबर तक आयोजित होने जा रहे आईएफएफआई महोत्सव के व्यूइंग रूम लाइब्रेरी में इस साल 208 फिल्में उपलब्ध होंगी, जिनमें 145 फीचर फिल्में, 23 मध्यम लंबाई की फिल्में और 30 लघु फिल्में हैं। एनएफडीसी-एनएफएआई की 10 पुनर्स्थापित क्लासिक फिल्में भी शामिल हैं। 30-70 मिनट की फिल्में, जिन्हें व्यूइंग रूम में सबमिट किया जाता है, उन्हें मिड-लेंथ फिल्म्स नामक श्रेणी में प्रदर्शित किया जाता है। 30 मिनट से कम समय वाली फिल्में लघु फिल्म श्रेणी में होंगी। उल्लेखनीय है कि फिल्म बाजार एक बीटूबी प्लेटफॉर्म है जिसका उद्देश्य दक्षिण एशियाई फिल्मों को अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय बाजार में बढ़ावा देना है।

# शाह की सभा में 'उकसाने वाले' बयान पर मिथुन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

एजेंसी



**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में भाजपा नेता एवं मशहूर अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती के उकसाने वाले बयान देने के मामले में कोलकाता पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। यह प्राथमिकी कोलकाता के बउबाजार थाने में दर्ज की गई है। शिकायत में कहा गया है कि मिथुन ने शाह की उपस्थिति में भाजपा की एक सभा में भड़काऊ बयान दिए थे। सुरक्षा कारणों से शिकायतकर्ता का नाम गोपनीय रखा गया है।

स्थानीय पुलिस के अनुसार, मिथुन के विरुद्ध बउबाजार थाने में एफआईआर संख्या-255 दर्ज की गयी है। एक अधिकारी के मुताबिक, हाल ही में तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर द्वारा भड़काऊ बयान देने का मुद्दा उठाते हुए मिथुन ने कहा था, मैं गृहमंत्री के सामने कह रहा हूं कि जो करना होगा, करेंगे। हमारे एक नेता कहते हैं कि 70 प्रतिशत मुस्लिम और 30 प्रतिशत हिंदू हैं। ऐसे में गंगा में बहा देंगे। सोचा मुख्यमंत्री कुछ कहेंगी, पर कुछ नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री नहीं हूं, पर कह रहा हूं कि तुम्हें तुम्हारी ही जमीन में दफना देंगे। हमें ऐसे सदस्य चाहिए जो निर्भीकता से कहें कि हमला करो, हम देख लेंगे। हम ऐसे कार्यकर्ता नहीं चाहते जो पैसे लेकर काम करते हैं। अगर ऐसा करना है तो तृणमूल में चले जाओ। यदि हमारे बाग का एक फल तोड़ेंगे, तो हम चार तोड़ेंगे। मिथुन ने यह भी कहा था कि यह अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती नहीं, बल्कि 1968 का 28 वर्षीय मिथुन बोल रहा है, जिसने राजनीति में कदम रखा था।

## खबरें एक नजर में

### उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक जारी करेगा पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट

**नई दिल्ली, समृद्धि न्यूज।** उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट जारी करने की घोषणा की, जो पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) सिद्धांतों को अपने मुख्य परिचालन में एकीकृत करने की दिशा में बैंक की यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यू-सस्टेन शीर्षक वाली यह व्यापक रिपोर्ट, सतत विकास और जिम्मेदार बैंकिंग को बढ़ावा देने में बैंक की रणनीतिक पहलों और उपलब्धियों पर प्रकाश डालती है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, गोविंद सिंह ने कहा, हमें अपनी पहली सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट पेश करते हुए खुशी हो रही है, जो ईएसजी सिद्धांतों के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड में, हम मानते हैं कि संधारणीय बैंकिंग केवल एक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हमारे हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य बनाने का एक मार्ग है। यह रिपोर्ट हमारे समय की दबावपूर्ण पर्यावरणीय और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करते हुए एक लचीले और समावेशी वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। संपूर्ण संधारणीयता रिपोर्ट अब बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### बजाज फिन्सर्व एएमसी ने लॉन्च किया बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड

**मुंबई/ पुणे, समृद्धि न्यूज।** बजाज फिन्सर्व एएमसी ने उपभोग थीम के अंतर्गत एक ओपन एंडेड इक्विटी स्कीम, बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड शुरू करने की घोषणा की है। यह फंड सब्सक्रिप्शन के लिए 8 नवंबर को खुलेगा और इसकी न्यू फंड ऑफर अवधि 22 नवंबर 2024 को समाप्त होगी। बजाज फिन्सर्व कंजम्पशन फंड एक टू-टू-लेबल फंड है जो रणनीतिक रूप से उन क्षेत्रों में निवेश करेगा जो उभरते हुए खपत मेगाट्रेंड के साथ बढ़ रहे हैं। ये मेगाट्रेंड्स भारत भर में खपत की आदतों को आकार देने वाले प्रभावशाली मेगाट्रेंड हैं। इन परिवर्तनों की लहर पर सवारी करते इस फंड का उद्देश्य एफएमसीजी, ऑटोमोबाइल, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, कंज्यूमर गुड्स, हेल्थकेयर, रियल्टी, टेलीकॉम, पावर और सर्विसेज जैसे क्षेत्रों में अवसर खोजना है, ये सभी क्षेत्र भारत की खपत वृद्धि की तेजी में योगदान दे रहे हैं। यह फंड संभावित विकास के अवसरों की पहचान करते हुए उभरते उपभोक्ता उछाल से लाभ उठाने के लिए तैयार कंपनियों पर ध्यान केंद्रित करेगा। यह फंड एक मार्केट-कैप-ऐग्नोस्टिक दृष्टिकोण का पालन करेगा, जो विभिन्न बाजार पूंजीकरणों में निवेश करने के लिए लचीलापन प्रदान करेगा। बजाज फिन्सर्व एएमसी के सीईओ, गणेश मोहन कहते हैं, आय के स्तर और शहरीकरण में वृद्धि तथा लोगों के बुनियादी से विवेकाधीन खर्च की तरफ रुझानों के कारण भारत का उपभोग परिदृश्य नाटकीय रूप से बदल रहा है। एक थीम के रूप में 'उपभोग' क्षेत्र निवेश के अनुकूल है क्योंकि व्यापक बाजारों की तुलना में इसके बुनियादी सिद्धांत मजबूत हैं।

### एसजीपीजीआई ने यूपी में स्थापित किया टेली-आईसीयू नेटवर्क

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संजय गांधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस (एसजीपीजीआई), लखनऊ ने उत्तर प्रदेश सरकार, पॉवरग्रिड कॉर्पोरेशन और क्लाउडफिजिशियन के साथ मिलकर सफलतापूर्वक एक अत्याधुनिक स्मार्ट-आईसीयू नेटवर्क की स्थापना की है। टेक्नोलॉजी के इस्तेमाल से यह नया प्रोजेक्ट समग्र उत्तर प्रदेश में क्रिटिकल केयर एक्सपर्टीज़ की पहुंच बढ़ाने का काम करेगा। उत्तर प्रदेश भारत का सबसे अधिक जनसंख्या वाला राज्य है, जिसकी जनसंख्या 24 करोड़ से भी अधिक है। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से, प्रदेश के सभी हिस्सों में उच्च गुणवत्ता वाली आईसीयू सेवाएं प्रदान की जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिल सकेगा। स्मार्ट-आईसीयू नेटवर्क एक उन्नत हब और स्पोक मॉडल पर आधारित है, जो पारंपरिक टेली-आईसीयू से बहुत आगे है। रडार टेक्नोलॉजी के बारे में बोलते हुए, डॉ. ध्रुव जोशी, फाउंडर और ग्लोबल सीईओ, क्लाउड फिजिशियन, ने कहा, रडार भौगोलिक रूप से बिखरी हुई स्वास्थ्य सुविधाओं को सहजता से बढ़ावा देते हुए, एक कोलेबरेटिव केयर मॉडल को सशक्त बनाता है। विभिन्न एआई सुविधाओं को शामिल करके यह सुनिश्चित करता है कि मरीज के स्थान की परवाह किए बिना समय पर विशेषज्ञता तक पहुँच उपलब्ध हो सके। उत्तर प्रदेश में इस दृष्टिकोण को साकार करने के लिए हम एसजीपीजीआई की प्रतिबद्ध और अत्यधिक योग्य टीम के साथ साझेदारी करने के लिए आभारी हैं।

### सामाजिक समरसता के लिये कार्य करता है आरएसएस : भागवत

**सतना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आरएसएस सामाजिक समरसता के लिए काम करता है और इस अवधारणा से बाहर निकलना होगा कि संगठन केवल हिंदुओं और मनुवादियों के लिए है। अपने दो दिवसीय प्रवास के तहत मंगलवार को मध्यप्रदेश के सतना जिले के पवित्र नगर चित्रकूट पहुंचे भागवत प्रांत के संघ चालक वर्ग सम्मेलन के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संघ संचालकों का दायित्व है कि वे समाज में व्याप्त विषमताओं को दूर करें और सामाजिक समरसता कायम करने के लिये कार्य करें। श्री भागवत ने संघ चालकों को दायित्व बोध कराते हुये कहा कि चूंकि समाज में संघ चालक ही संघटन के प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करते है, इसलिये समाज उन्हें आशा भरी नजरों से देखता है। उन्होंने कहा कि इस अवधारणा से बाहर निकलना होगा कि संघ केवल हिन्दुओं और मनुवादियों के लिये है।

### कुपवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया

**कुपवाड़ा।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के लोलाब वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच चल रही मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह एक आतंकी को मार गिराया । माना जा रहा है कि अभी और आतंकी सुरक्षाबलों के घेरे में फंसे हुए हैं। सुरक्षाबलों का अभियान जारी है। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि लोलाब में एक आतंकवादी मारा गया है और उसकी पहचान अभी नहीं हो पाई है। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिलने के बाद मंगलवार शाम को सेना की 28आरआर ने जम्मू-कश्मीर पुलिस कुपवाड़ा के साथ मिलकर लोलाब के जंगलों की घेराबंदी कर और तलाशी शुरू की थी। उन्होंने बताया जैसे ही सुरक्षाबल आतंकियों के पास पहुंचे छुपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। मुठभेड़ शुरू हो गई। अंधेरा होने के बाद सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरा कर लिया। बुधवार सुबह होते ही एक बार फिर से मुठभेड़ शुरू हो गई इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है।

### नामीबिया ने स्थानीय कोचिंग टीम नियुक्त की

**विंडहोक।** नामीबिया के रग्बी यूनियन ने मंगलवार को 2025 में होने वाले रग्बी विश्व कप क्वालीफायर अभियान में टीम का नेतृत्व करने के लिए नामीबियाई कोचिंग टीम नियुक्त की। नियुक्ति जैक्स बर्गर की है, जो एक सेवानिवृत्त नामीबियाई रग्बी यूनियन लूज फॉरवर्ड और पूर्व कप्तान हैं, जिन्हें दक्षिण अफ्रीका के एलिस्टर कोएत्ज़ी की जगह रग्बी का निदेशक नियुक्त किया गया है। एनआरयू ने मीडिया ब्रीफ और अपने सोशल मीडिया पेज पर, पूर्ण कोचिंग टीम की घोषणा की, जिसमें एक अन्य साथी और पूर्व नामीबियाई रग्बी खिलाड़ी, क्रिसेंडर बोथा सहायक कोच के रूप में शामिल हैं, जैको एंगेल्स, रोहन किट्सहॉफ और डेविड फिलेंडर सहायक कोच और स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच, सर्जियो डे ला हार्प हैं।

# महाप्रबंधक ने रेलवे परिसंपत्तियों की संरक्षा व रख-रखाव पर दिया जोर

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, अशोक कुमार वर्मा ने आज उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यलक्षों एवं मण्डाल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की । बडौदा हाऊस में हुई इस बैठक में संरक्षा प्रोटोकॉल बढ़ाने और कर्मचारियों एवं यात्रियों दोनों की संरक्षा के मानकों को सुनिश्चिईत करने पर ध्यापन केंद्रित किया गया ।

बैठक के दौरान, श्री वर्मा ने संरक्षा के प्रति उत्ततर रेलवे की दृढ प्रतिबद्धता पर बल देते हुए संरक्षा उपायों को बेहतर बनाने और उनकी निरंतर समीक्षा के महत्वक को रेखांकित किया । संरक्षा के साथ-साथ उन्होंने मौजूदा त्यौहारी सीजन में निर्बाध यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने वाले प्रमुख क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की गहन समीक्षा की। महाप्रबंधक ने त्यौहारी सीजन के दौरान संरक्षा और रेल परिचालन के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के लिए महाप्रबंधक ने अमृत भारत योजना के तहत अमृत स्टेशनों की प्रगति और स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का आकलन करने के लिए व्यापक समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की निगरानी करने और समय पर काम पूरा करने के निर्देश दिए।

### एफसीआई में होगा 10700 करोड़ रुपये का निवेश

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार सार्वजनिक खरीद के उपक्रम भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने के लिये 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां केंद्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि पिछले दिनों सरकार ने किसान और कृषि तथा सार्वजनिक जन वितरण के महत्व को समझते हुये कई महत्वपूर्ण फैसले किये हैं। सरकार ने फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। इस कारण से बाजार में एमएसपी से जुड़ी फसलों की आमद ज्यादा हुई है और एफसीआई का कामकाज बढ़ गया है। इसको देखते हुये सरकार ने एफसीआई को वित्तीय रूप से मजबूत बनाने का फैसला किया है। इसके लिये एफसीआई में शेयर पूंजी के रूप में 10 हजार 700 करोड़ रुपये का निवेश किया जायेगा।

# शहरी नक्सलियों और अराजकतावादी ताकतों से घिरे हैं राहुल गांधी : देवेंद्र फड़णवीस

एजेंसी



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने कहा कि कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शहरी नक्सलियों और अराजकतावादी ताकतों से घिरे हुए हैं। उनके विचार वामपंथी विचारधारा में बदल गये हैं और वह कांग्रेस की विचारधारा से दूर होते जा रहे हैं।

देवेंद्र फड़णवीस ने मीडिया को बताया कि भारत के संविधान की प्रति पारंपरिक नीले कवर में संलग्न है, लेकिन राहुल गांधी भारतीय संविधान की प्रति को लाल कवर के साथ क्यों दिखाते हैं, यह समझ से परे हैं। देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी पर लोकतांत्रिक मूल्यों को खोने का भी आरोप लगाया है। फड़णवीस ने कहा कि पहले तो हमें लगा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा एक रचनात्मक कदम है। लेकिन उनकी यात्रा में भाग लेने वाले 180 संगठन विनाशकारी गतिविधियों में शामिल थे। इसे रिकार्ड भी किया गया है। राहुल संविधान हाथ में होने का दावा करते हैं और अपने कार्यों से अराजकता को बढ़ावा देते हैं। संविधान व्यवस्था है, अराजकता अव्यवस्था है। लेकिन राहुल गांधी अराजकता को बढ़ावा देने का प्रयास कर रहे हैं। देवेंद्र फड़णवीस ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) खुले तौर पर किसी राजनीतिक दल के लिए काम नहीं करता है, लेकिन इस वर्ष के लोकसभा चुनाव में हमने अराजकतावादी शक्ति और जिहादियों द्वारा वोटों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कट्टर शक्ति का मुकाबला करने के लिए संघ परिवार की मदद ली।

### राहुल गांधी आठ को आएंगे झारखंड दो जनसभा को करेंगे संबोधित

**रांची।** लोकसभा के प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी 08 नवम्बर को नई दिल्ली से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट रांची आयेंगे और दो विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करेंगे। इस क्रम में पहला सिमडेगा के गांधी मैदान में 12.10 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद गांधी 1.5 बजे से सिमडेगा से लोहरदगा के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके बाद लोहरदगा के बीएस कॉलेज ग्राउंड में राहुल गांधी 1.45 बजे आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। फिर गांधी लोहरदगा से बिरसा मुंडा एयरपोर्ट आयेंगे और विशेष विमान से रांची से दिल्ली के लिए वापस लौट जाएंगे। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बुधवार को दी।

# टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग : पंत व मिशेल की शीर्ष 10 में वापसी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर डेरिल मिशेल मुंबई में खेले गए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप सीरीज के तीसरे मैच में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापस आ गए हैं।

पंत, जिन्होंने पहली पारी में 60 और दूसरी पारी में 64 रनों की पारी खेली थी, पांच पायदान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं, जो जुलाई 2022 में हासिल किए गए उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से एक कम है। मिशेल, जो इस साल सितंबर में तीसरे स्थान पर थे, तालिका में नीचे खिसकने से पहले, 82 और 21 के स्कोर के बाद आठ पायदान ऊपर चढ़कर सातवें स्थान पर पहुंच गए हैं। प्लेयर ऑफ द सीरीज विल यंग के 71 और 51 के स्कोर ने उन्हें करियर के सर्वश्रेष्ठ 550 रेटिंग अंकों के साथ 29 पायदान ऊपर 44वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है, जबकि ग्लेन फिलिप्स 45वें से 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं। शुभमन गिल के पहली पारी में 90 रन ने उन्हें 20वें से 16वें स्थान पर पहुंचने में मदद की है, लेकिन भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर खिसक गए हैं और पूर्व कप्तान विराट कोहली दिसंबर 2014 के बाद पहली बार दुनिया के शीर्ष 20 टेस्ट बल्लेबाजों की सूची से बाहर हो गए हैं।

पुरुषों की नवीनतम साप्ताहिक रैंकिंग अपडेट में चटगाँव में बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरे टेस्ट में प्रदर्शन को भी शामिल किया गया है, जिसमें दक्षिण अफ्रीका के तीन खिलाड़ियों ने एक ही पारी में पहला शतक बनाया, टेस्ट इतिहास में ऐसा केवल दूसरा मामला है। शतक लगाने वाले सभी बल्लेबाजों - टोनी डी ज़ोरज़ी (32 पायदान ऊपर 38वें स्थान पर), ट्रिस्टन स्टब्स (27 पायदान ऊपर 71वें स्थान पर) और वियान मुल्डर (19 पायदान ऊपर 75वें स्थान पर) को रैंकिंग में फायदा मिला है। गेंदबाजी रैंकिंग में, भारत के बाएं हाथ के स्पिनर रवींद्र जडेजा और न्यूजीलैंड के प्लेयर ऑफ द मैच एजाज पटेल ने वानखेड़े स्टेडियम में अपने प्रदर्शन के बाद बढ़त हासिल की है।

जडेजा के तीसरे मैच में 10 विकेट लेने की बदौलत वे आठवें से छठे स्थान पर पहुँच गए हैं और 800 अंकों के पार पहुँच गए हैं, जबकि पटेल के 11 विकेटों ने उन्हें 12 पायदान की छलांग के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ 22वें स्थान पर पहुँचा दिया है। दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज भी दूसरी पारी में 59 रन देकर पांच विकेट लेने के बाद 23वें से 19वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा ने पहली पारी में पांच विकेट लेकर 11 रेटिंग अंक हासिल करके तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। भारत के ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर तीनों सूचियों में ऊपर चढ़े हैं, जबकि बांग्लादेश के नईम हसन, न्यूजीलैंड के ईश सोढ़ी और भारत के आकाश दीप गेंदबाजी रैंकिंग में आगे बढ़े हैं।

### अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता सात नवंबर से

**जगदलपुर।** बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में जिला फुटबॉल संघ बस्तर के तत्वाधान में 7 से 17 नवंबर तक 11 दिवसीय अखिल भारतीय फुटबॉल प्रतियोगिता 2024 आयोजित किया जा रहा है।जिसका उद्घाटन प्रियदर्शिनी स्टेडियम जगदलपुर मे गुरुवार 7 नवंबर को होगा। विदित हो कि बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में लगभग 9 वर्षो के बाद यह प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। जिसको लेकर खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है। लोगों ने बताया कि फुटबाल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का भी जमावड़ा होगा।खेल प्रेमियों को बेहतरीन खेल देखने को मिलेंगे।प्रतियोगिता में विजेता टीम को एक लाख एवं उपविजेता को 75 हजार रुपयेनगद राशि एवं ट्रॉफी पुरस्कार दिए जाएंगे। इस विषय पर जानकारी देते हुए बस्तर संभाग खेल अधिकारी रविन्द्र पटनायक ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्षता लता उसेंडी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप, विशिष्ट अतिथि विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल, विधायक चित्रकोट विधानसभा के विनायक गोयल, महापौर सफिरा साहू जगदलपुर, वेदवती कश्यप अध्यक्ष जिला पंचायत बस्तर एवं वरिष्ठ खिलाड़ियों व जिला फुटबॉल संघ के सदस्यों की उपस्थिति में गुरुवार 7 नवंबर को सम्पन्न होगा। फाइनल मुकाबला रविवार 17 नवंबर को होगा।

# सीएम धामी ने किया दिल्ली स्थित 'उत्तराखण्ड निवास' का लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**नई दिल्ली।** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को नई दिल्ली के चाणक्यपुरी में उत्तराखण्ड राज्य अतिथि गृह 'उत्तराखण्ड निवास' का लोकार्पण किया। इसका निर्माण लगभग 120 करोड़ 52 लाख रुपये की लागत से किया गया है। इस अवसर पर सबसे पहले मुख्यमंत्री ने अल्मोड़ा जनपद के मार्चुला बस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज हम सब उत्तराखण्ड निवास के लोकार्पण के ऐतिहासिक पल के साक्षी बन रहे हैं। उत्तराखण्ड निवास में राज्य की संस्कृति, लोक कला और वास्तुकला का समावेश किया गया है। उत्तराखण्ड की अद्वितीय कला की छाप उत्तराखण्ड निवास संजोये हुए है। इसकी दीवार पारंपरिक रूप से पहाड़ी शैली के सुंदर पत्थरों से निर्मित है, जो हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी जीवंत करने का कार्य करती है। यह भवन हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने के साथ ही उत्तराखण्ड और देश-विदेश से आने वाले अतिथियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आरामदायी आवास व्यवस्था तथा उत्तराखण्ड की संस्कृति की झलक को समेटे यह भवन राष्ट्रीय राजधानी में हमारे प्रदेश की गरिमा का प्रतीक बनेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड निवास में हमारे पारंपरिक व्यंजनों की व्यवस्था की जाए। अन्न उत्पादों और जैविक उत्पादों की बिक्री के लिए भी यहां पर एक विशेष काउंटर की व्यवस्था की जाए। उत्तराखण्ड की पहचान टोपी, पिछोड़ा, शॉल, जैकेट एवं राज्य के प्रसिद्ध उत्पादों की बिक्री की भी व्यवस्था हो। राज्य की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाये जा रहे हैं।